RNI NO.DELHIN/2012/48369
वर्ष 10 अंक 332
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अक्टूबर, 2022
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर




टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार

स्पोर्ट्स-12

www.dailypioneer.com

# खुदरा महंगाई बढ़ी, औद्योगिक उत्पादन घटा

**दोहरा झटका**

- खुदरा मुद्रास्फीति लगातार 9वें महीने आरबीआई के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



प्रतीकात्मक चित्र

**भारतीय** अर्थव्यवस्था को बुधवार को खुदरा मुद्रास्फीति और औद्योगिक उत्पादन के आंकड़ों के रूप में दोहरे झटके का सामना करना पड़ा। आंकड़ों के मुताबिक, खाद्य वस्तुओं की कीमतों में तेजी के चलते खुदरा मुद्रास्फीति पांच महीने के उच्चस्तर 7.4 प्रतिशत पर पहुंच गई, जबकि औद्योगिक उत्पादन पिछले 18 माह में पहली बार घट गया। खुदरा मुद्रास्फीति लगातार 9वें महीने भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) के दो से छह प्रतिशत के संतोषजनक स्तर से ऊपर बनी हुई है। आधिकारिक आंकड़ों के मुताबिक, उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) आधारित खुदरा महंगाई सितंबर में 7.41 प्रतिशत पर पहुंच गई। यह अगस्त में सात प्रतिशत और सितंबर, 2021 में 4.35 प्रतिशत थी। खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति इस साल सितंबर में बढ़कर 8.60 प्रतिशत हो गई, जो अगस्त में 7.62 प्रतिशत थी। मुद्रास्फीति के छह प्रतिशत से अधिक रहने पर आरबीआई को केंद्र सरकार को एक रिपोर्ट देनी होगी। इस रिपोर्ट में आरबीआई को बताना होगा कि वह खुदरा मुद्रास्फीति को दो से छह प्रतिशत के दायरे में रखने में क्यों विफल रहा। केंद्र सरकार ने आरबीआई को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा है कि खुदरा मुद्रास्फीति दो से छह प्रतिशत के दायरे में बनी रहे। मोतीलाल ओसवाल के मुख्य अर्थशास्त्री निखिल गुप्ता ने कहा, मुद्रास्फीति में मामूली बढ़ोतरी और आईआईपी में गिरावट ने चिंता बढ़ा दी है। हालांकि, अगले महीने के आंकड़ों और अमेरिकी फेडरल रिजर्व की नीति से तय होगा कि दिसंबर में आरबीआई ब्याज दरों में 0.35 प्रतिशत या 0.50 प्रतिशत, कितनी बढ़ोतरी करेगा। दूसरी ओर विनिर्माण और खनन जैसे क्षेत्रों में गिरावट के कारण देश का औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) अगस्त में 0.8 प्रतिशत घटकर 18 महीने के निचले स्तर पर आ गया। एक साल पहले समान महीने में औद्योगिक उत्पादन 13 प्रतिशत बढ़ा था। राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) की तरफ से जारी औद्योगिक उत्पादन (आईआईपी) के आंकड़ों से यह जानकारी मिली। इससे पहले फरवरी, 2021 में औद्योगिक उत्पादन में 3.2 प्रतिशत की गिरावट आई थी। अगस्त, 2021 में औद्योगिक उत्पादन 13 प्रतिशत बढ़ा था, जबकि इस साल जुलाई में इसमें 2.2 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। सांख्यिकी और कार्यक्रम क्रियान्वयन मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, विनिर्माण क्षेत्र में इस साल अगस्त में 0.7 प्रतिशत की गिरावट आई है। पिछले साल इसी महीने में इस क्षेत्र का उत्पादन 11.1 प्रतिशत बढ़ा था। बिजली क्षेत्र की वृद्धि दर अगस्त, 2022 में 1.4 प्रतिशत रही। अगस्त, 2021 में इसमें 16 प्रतिशत की बड़ी वृद्धि हुई थी। खनन क्षेत्र के उत्पादन में अगस्त में 3.9 प्रतिशत की गिरावट आई, जबकि एक साल पहले के इसी माह में इसमें 23.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इस तरह चालू वित्त वर्ष के पहले पांच महीनों यानी अप्रैल-अगस्त में औद्योगिक उत्पादन 7.7 प्रतिशत बढ़ा है। पिछले वित्त वर्ष की समान अवधि में औद्योगिक उत्पादन की वृद्धि दर 29 प्रतिशत रही थी। निवेश को प्रतिबिंबित करने वाले पूंजीगत वस्तुओं के उत्पादन में अगस्त, 2022 के दौरान पांच प्रतिशत की वृद्धि हुई। यह अगस्त, 2021 में 20 प्रतिशत बढ़ा था। वहीं, टिकाऊ उपभोक्ता सामान क्षेत्र का उत्पादन अगस्त में 2.5 प्रतिशत घट गया, जबकि एक साल पहले समान महीने में इसमें 11.1 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। इसके अलावा प्राथमिक वस्तुओं के मामले में वृद्धि अगस्त में 1.7 प्रतिशत रही। पिछले वर्ष के इसी महीने में इसमें 16.9 प्रतिशत की वृद्धि हुई थी। आईआईपी में प्राथमिक वस्तुओं की हिस्सेदारी करीब 34 प्रतिशत है। रेटिंग फर्म इक्रा में मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा, सितंबर, 2022 के लिए 7.4 प्रतिशत की मुद्रास्फीति के बाद यह तय है कि दिसंबर, 2022 में एमपीसी (आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति) की समीक्षा में एक बार फिर ब्याज दर में बढ़ोतरी होगी। मंत्रालय ने कहा कि आंकड़ों का विश्लेषण मार्च, 2020 से कोविड-19 महामारी के कारण उत्पन्न आसामान्य स्थिति को ध्यान में रखकर किया जाना चाहिए।

# बलि देकर शवों के किए 56 टुकड़े, मांस खाया

- केरल में दो महिलाओं की बलि के मामले में गिरफ्तार मास्टरमांइड और दंपती से पूछताछ में सनसनीखेज खुलासा
- आरोपियों ने गरीब महिलाओं को धन का लालच देकर बरगलाया

**कुमार चेल्लपन।** कोच्चि



कोच्चि में महिलाओं की बलि मामले में पत्रकारों को जानकारी देते पुलिस अधिकारी

**केरल** के पथानमथिट्टा जिले के एलंथूर से दो महिलाओं की बलि देने, काला जादू करने और शवों के 56 टुकड़े कर मांस खाने का सनसनीखेज मामला सामने आया है। पुलिस इस मामले में गिरफ्तार मास्टरमांइड मोहम्मद शफी (52) और दंपती भगवल सिंह (68) और लाइला (58) से पूछताछ के बाद यह खुलासा किया।

पुलिस द्वारा जारी बयान में दो महिलाओं की नरबलि मामले में शफी (52), भगवल सिंह (68) और लाइला (58) को गिरफ्तार करने के एक दिन बाद सिंह दंपती द्वारा अपहरण और हत्या के बाद उनका मांस खाने और खून पीने की बात सामने आई है। मास्टरमाइंड शफी ने दोनों गरीब महिलाओं रोसिली और पदमा का अपहरण किया था। एर्नाकुलम के सिटी पुलिस कमिश्नर एच. नागाराजू ने बुधवार को मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि इस मामले में नरबलि की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता है। नागाराजू ने कहा कि ऐसा लगता है कि आरोपियों द्वारा पीड़ितों के शरीर के कुछ अंगों को खाया गया है।

मामले की सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर जांच की जा रही है। हम किसी भी निर्णय पर पहुंचने से पहले डीएनए जांच और वैज्ञानिक परीक्षण कराएंगे। हमने भगवल सिंह के घर से जादू टोने की एक किताब बरामद की है। पुलिस कमिश्नर ने मास्टरमाइंड शफी के बारे में खुलासा करते हुए उसे मनोरोगी और यौन विकृत बताया। शफी ने वर्ष 2020 में एर्नाकुलम में 75 वर्षीय महिला के साथ मारपीट और छेड़छाड़ की थी। उन्होंने बताया कि भगवल सिंह और लाइला के अनुसार रोसिली और पदमा के निजी अंगों पर चाकू से वार करने के बाद उनका गला काटकर हत्या कर दी और उसके बाद शरीर के 56 टुकड़े किए थे।

रिमांड रिपोर्ट के अनुसार शफी ने पदमा को अच्छे काम का वादा करके एलंथूर स्थित भगवल सिंह और लाइला के घर 26 सितंबर को करीब 4 बजे भेजा था। घर में जाने के बाद पदमा ने आरोपियों से पैसे मांगे। विवाद बढ़ने पर इन लोगों ने उसे प्लास्टिक की रस्सी से बांध दिया। पदमा के बेहोश होने पर उसे दूसरे कमरे ले जाया गया। जहां शफी ने चाकू से उसके निजी अंगों पर चाकू से वार करने के बाद गला काट दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। उसके बाद उन (शेष पेज 8)

# नोटबंदी की पड़ताल करेगा सुप्रीम कोर्ट

- लक्ष्मण रेखा से वाकिफ हैं, लेकिन यह पड़ताल अवश्य करेंगे कि केवल अकादमिक तो नहीं था नोटबंदी का फैसला: पीठ
- अदालत ने निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र व आरबीआई से हलफनामा दायर करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



**उच्चतम** न्यायालय ने बुधवार को कहा कि वह सरकार के नीतिगत फैसलों की न्यायिक समीक्षा को लेकर लक्ष्मण रेखा से वाकिफ है, लेकिन 2016 के नोटबंदी के फैसले की पड़ताल अवश्य करेगा, ताकि यह पता चल सके कि यह मामला केवल अकादमिक कवायद तो नहीं था।

न्यायमूर्ति एस. अब्दुल नज़ीर की अध्यक्षता वाली पांच सदस्यीय पीठ ने कहा कि जब कोई मामला संविधान पीठ के समक्ष लाया जाता है, तो उसका जवाब देना पीठ का दायित्व बन जाता है। इसके साथ ही संविधान पीठ ने 500 और 1000 रुपए के नोट बंद करने के निर्णय को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर केंद्र सरकार और भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को विस्तृत हलफनामा दायर करने का निर्देश दिया।

पांच सदस्यीय संविधान पीठ में न्यायमूर्ति बी. आर. गवई, न्यायमूर्ति ए. एस. बोपन्ना, न्यायमूर्ति वी. रमासुब्रमण्यम और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना भी शामिल हैं। अटॉर्नी जनरल आर. वेंकटरमणि ने कहा कि जब तक नोटबंदी से संबंधित अधिनियम को उचित परिप्रेक्ष्य में चुनौती नहीं दी जाती, तब तक यह मुद्दा अनिवार्य रूप से अकादमिक ही रहेगा। उच्च मूल्य बैंक नोट (विमुद्रीकरण) अधिनियम 1978 में पारित किया गया था, ताकि कुछ उच्च मूल्य वर्ग के बैंक नोट का विमुद्रीकरण जनहित में किया जा सके और अर्थव्यवस्था के लिए हानिकारक धन के अवैध हस्तांतरण पर लगाम लगाई जा सके। शीर्ष अदालत ने कहा कि इस कवायद को अकादमिक या निष्फल घोषित करने के लिए मामले की पड़ताल जरूरी है, क्योंकि दोनों पक्ष सहमत होने योग्य नहीं हैं।

संविधान पीठ ने कहा कि इस पहलू का जवाब देने के लिए कि यह कवायद अकादमिक है या नहीं या न्यायिक समीक्षा के दायरे से बाहर है, हमें इसकी सुनवाई करनी होगी। सरकार की नीति और उसकी बुद्धिमता, इस मामले का एक पहलू है। पीठ ने आगे कहा कि हम हमेशा जानते हैं कि लक्ष्मण रेखा कहां है, लेकिन जिस तरह से इसे किया गया था, उसकी पड़ताल की जानी चाहिए। हमें यह तय करने के लिए वकील को सुनना होगा। केंद्र की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अकादमिक (शेष पेज 8)

# सागर हत्याकांड में सुशील पहलवान पर आरोप तय

- मामले में 17 अन्य लोगों पर भी हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा करवाने, गैरकानूनी गतिविधियों जैसे आरोप सिद्ध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




**पहलवान** सागर धनखड़ की हत्या के मामले में कुश्ती में दो बार ओलंपिक पदक विजेता सुशील कुमार और 17 अन्य के खिलाफ दिल्ली की रोहिणी अदालत ने हत्या, हत्या की कोशिश, दंगा करवाने, गैरकानूनी गतिविधियों और अन्य आपराधिक मामलों के तहत आरोप तय किए हैं। वहीं कोर्ट ने दो फरार आरोपियों के खिलाफ भी आरोप तय किए हैं। दिल्ली के छत्रसाल स्टेडियम में 4 मई 2021 को सोनीपत के रहने वाले सागर धनखड़ नामक पहलवान की पीट कर हत्या कर दी गई थी। इस पूरे मामले में एक वीडियो सामने आया था। इसके बाद दिल्ली पुलिस ने पहलवान सुशील कुमार और उनके कुछ साथियों को गिरफ्तार किया था। फिलहाल इस मामले की सुनवाई रोहिणी कोर्ट में चल रही है। पुलिस ने 6 अगस्त 2021 को आरोप पत्र दायर किया था। इस साल 15 फरवरी को एक याचिका दायर की गई थी, जिसमें गवाहों की सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस ने मामले को रोहिणी कोर्ट स्थानांतरित की मांग की थी। हाईकोर्ट ने 2 मई को मामले को स्थानांतरित करने का फैसला दिया। इसी महीने 1 अक्टूबर को रोहिणी कोर्ट ने एफएसएल रिपोर्ट लंबित मामले पर अपना फैसला सुरक्षा रखा था।

# रेल कर्मियों के लिए 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**केंद्रीय** मंत्रिमंडल ने वित्त वर्ष 2021-22 के लिए रेलवे कर्मियों को 78 दिनों के उत्पादकता आधारित बोनस प्रदान करने को बुधवार को मंजूरी प्रदान कर दी है। इससे रेलवे के 11.27 लाख अराजपत्रित कर्मचारियों को लाभ होगा। बैठक के बाद सूचना एवं प्रसारण मंत्री अनुराग ठाकुर ने संवाददाताओं को बताया कि हर वर्ष दशहरा पूजा के अवसर पर रेलवे कर्मियों को उत्पादकता बोनस प्रदान किया जाता है। वित्त वर्ष 2021-22 के लिए रेलवे कर्मियों को 78 दिनों का उत्पादकता आधारित बोनस प्रदान प्रदान किया जाएगा। न्होंने बताया कि इसके तहत पात्र रेल कर्मियों को 78 दिन के लिए अधिकतम 17,950 रूपए का भुगतान किया जाएगा। ठाकुर ने बताया कि इससे पटरियों का रखरखाव करने वाले कर्मियों, रेल चालकों, गार्ड, स्टेशन मास्टर, निरीक्षक, तकनीशिन, तकनीकी सहायक, प्वायंट्समैन सहित समूह स कर्मियों को (शेष पेज 8)

# आईबी अधिकारी अंकित शर्मा का हत्यारोपी तेलंगाना से धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**दिल्ली दंगा**

- मुंजताजिम उर्फ मूसा कुरैशी पर 50 हजार का था इनाम

**उत्तर** पूर्वी दिल्ली में फरवरी 2020 में हुए दंगों के दौरान खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारी अंकित शर्मा की हत्या का कथित आरेपी मुंजताजिम उर्फ मूसा कुरैशी को दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल ने तेलंगाना के मीरपेट के गायत्री नगर से गिरफ्तार किया है। आरोपित पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित था।

विशेष प्रकोष्ठ के पुलिस उपायुक्त (डीसीपी) पीएस कुशवाह ने बताया कि इस मामले में अब तक आम आदमी पार्टी के तत्कालीन पार्षद ताहिर हुसैन समेत 10 आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मामले की छानबीन और अन्य आरोपियों से पूछताछ में पता चला कि कुरैशी भी भीड़ में शामिल था और वह फरवरी 2020 से ही फरार था। इस वजह से उसे भगोड़ा घोषित कर दिया गया था। उसकी सूचना देने पर 50 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। कुरैशी अगवा करने और बलात्कार के एक मामले में जेल जा चुका है। जेल में वह बरेली के कुख्यात अपराधी मुजीब से मिला था। जेल से बाहर आने के बाद वह अपने मामा के साथ गाजीपुर मुर्गा मंडी में काम करने लगा। मगर अपने खर्चे पूरे करने के लिए उसने आपराधिक घटनाओं को अंजाम देना शुरू कर दिया।

आरोपी मुंजताजिम उर्फ मूसा कुरैशी चांद बाग का रहने वाला है। उसे तेलंगाना में मीरपेट के गायत्री नगर से सोमवार को गिरफ्तार किया गया। 25 फरवरी 2020 को दंगों के दौरान चांद बाग की पुलिया पर भीड़ ने शर्मा की बर्बर हत्या कर दी थी। पुलिस ने बताया कि हत्या के बाद उनका शव पास के ही एक नाले में फेंक दिया गया था जिसे अगले दिन यानी 26 फरवरी को बरामद कर लिया गया।

## बाजार

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 57,625 | ↑ 478 | |
| निफ्टी | 17,100 | ↑ 140 | |
| सोना | 51,155 | ↓ 20 | /10g |
| चांदी | 58,169 | ↓ 473 | /kg |

## क्विक न्यूज

**कई फेसबुक उपयोगकर्ताओं ने फॉलोअर्स कम होने की शिकायत की**

**नई दिल्ली।** मेटा द्वारा संचालित फेसबुक के कई उपयोगकर्ताओ ने अज्ञात कारणो से अपने अधिकांश फॉलोअर्स के खोने की शिकायत की है। मेटा के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) मार्क जुकरबर्ग ने 11.9 करोड़ से अधिक फॉलोअर खो दिए हैं, जिससे उनके फॉलोअर्स की संख्या 10,000 से कम हो गई है। निर्वासित बांग्लादेशी लेखिका तसलीमा नसरीन ने ट्वीट किया, फेसबुक ने एक सुनामी पैदा की, जिसने मेरे लगभग नौ लाख फॉलोअर्स को खत्म कर दिया और किनारे पर सिर्फ 9,000 बच गए। मुझे फेसबुक की कॉमेडी पसंद है। मेटा के प्रवक्ता ने इस बारे मे संपर्क करने पर कहा, हम जानते है कि कुछ लोग अपने फेसबुक प्रोफाइल पर फॉलोअर्स की संख्या में विसंगति देख रहे हैं।

# कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की जांच कर रहे पत्रकार को मिली धमकी

- उच्चतम न्यायालय ने सुरक्षा सुनिश्चित करने को कहा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**उच्चतम** न्यायालय ने कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की पड़ताल करने वाले एक खोजी पत्रकार द्वारा सीलबंद लिफाफे में दाखिल किए गए हलफनामे की प्रति को बुधवार को अटॉर्नी जनरल के कार्यालय भेजने का आदेश दिया, ताकि उसकी सुरक्षा के लिए कदम उठाए जा सकें।

प्रधान न्यायाधीश न्यायमूर्ति यूयू ललित, न्यायमूर्ति अजय रस्तोगी और न्यायमूर्ति एस आर भट की पीठ के समक्ष यह मुद्दा उस समय उठा, जब वह उस कंपनी से संबंधित याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसने कथित तौर पर 27 बैंकों से ऋण लिया और धन की हेराफेरी की। याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता जय अनंत देहद्राई ने एक सीलबंद लिफाफे में पीठ के समक्ष एक हलफनामा पेश किया और कहा कि पत्रकार ने कॉर्पोरेट धोखाधड़ी की पड़ताल की है और अब उसे धमकियों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि पत्रकार पर नोएडा में घर जाते समय हमला भी किया गया।

पीठ ने अदालत में मौजूद अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि से कहा कि एक विशेष कॉर्पोरेट धोखाधड़ी के बारे में खोजी पत्रकारों सहित कुछ लोगों द्वारा पड़ताल की जा रही है, और एक पत्रकार ने अब एक हलफनामा दायर किया है जिसमें कहा गया है उसका पीछा किया जा रहा है तथा उस पर नजर रखी जा रही है। इसने कहा, हम आदेश के रूप में उस सज्जन के नाम का खुलासा (शेष पेज 8)

# भारत जोड़ो यात्रा: राहुल ने दिया अंगदान का संदेश

## यात्रा में साथ चले अंगदान करने वाले लोगों के परिजन, कांग्रेस नेता ने बहादुर और मानवता का प्रतीक बताया

- किन्नर समुदाय के लोगों ने भी राहुल से साझा की अपने संघर्ष की कहानियां

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली/बेंगलुरू



कर्नाटक के चित्रदुर्ग में कांग्रेस की भारत जोड़ो यात्रा के दौरान समर्थकों के साथ राहुल गांधी

**भारत** जोड़ो यात्रा पर निकले कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अंगदान की अहमियत पर जोर दिया। वह बुधवार को अंगदान करने वाले लोगों के परिवारों के सदस्यों के साथ पैदल चले। इस दौरान करीब 33 भारत यात्रियों ने अपनी आंखें दान करने का संकल्प लिया है।

किन्नर समुदाय के लोगों ने भी यात्रा में कांग्रेस नेता का साथ दिया और अपने संघर्ष की कहानियां साझा कीं। कांग्रेस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से सम्मानित दिवंगत अभिनेता संचारी विजय के परिवार के सदस्यों ने राहुल गांधी के साथ मार्च किया। संचारी की मौत एक मोटरसाइकिल दुर्घटना में हो गई थी। उनके अलावा, चिक्कमंगलुरु जिले की छात्रा रक्षिता और वेदा मंजूनाथ के परिवार के सदस्य भी कांग्रेस नेता के साथ चले। रक्षिता की एक बस से गिरने के बाद सिर में चोट लगने से मृत्यु हो गई थी, जबकि मंजूनाथ हुबली धारवाड़ बाईपास पर एक दुर्घटना का शिकार हो गए थे।

बाद में फेसबुक पर किए गए एक पोस्ट में राहुल गांधी ने कहा कि उन्हें इन अंग दाताओं के बहादुर परिजनों के साथ चलने का सौभाग्य मिला और वे सहानुभूति और मानवता के प्रतीक हैं। उन्होंने कहा कि उनके जाने की यह कोई उम्र नहीं थी। रक्षिता, वेदा और विजय बहुत जल्दी चले गए। मौत के बाद भी, उन्होंने जीवन बचाने के लिए अपने अंग दान करके दूसरों को खुशी का उपहार दिया है। यह प्रेम और बलिदान का सुंदर भाव है। यह देखभाल और करुणा की मानवीय भावना (शेष पेज 8)

# कुत्ते ने 25 को काटा, अस्पताल में इंजेक्शन नहीं

## गौतमबुध नगर में पागल कुत्ते का आतंक, सीएचसी के बाहर भटक रहे पीड़ित

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतम बुद्ध नगर के कोतवाली दादरी क्षेत्र स्थित रेलवे रोड पर सब्जी मंडी में लावारिस कुत्ते ने 20 मिनट में 25 लोगों को काट कर घायल कर दिया। जिसके बाद लोग इधर-उधर भागने लगे। जिससे मंडी में हड़कंप और अफरातफरी मच गई।

कुछ ने कुत्ते को पकड़ने की कोशिश की। लेकिन असफल रहे। कुत्ते के काटे जाने के बाद इलाज कराने के लिए लोग दादरी के कम्युनिटी हेल्थ सेंटर सीएचसी पहुंचे। वहां केवल 8 लोगों को इंजेक्शन लग पाया और इंजेक्शन कब समाप्त हो गया पता भी नहीं चला। आम तौर पर एक साथ इतने लोगों को कुत्ता काट ले ऐसा होता नहीं है। लेकिन यहां जब एक साथ 25 लोग पहुंचे तो अस्पताल में इंजेक्शन कमी हो गई।



दादरी के रेलवे रोड पर सब्जी मंडी कस्बे की सबसे व्यस्त जगह है। कल दोपहर 3;00 बजे के करीब एक आवारा कुत्ता वहां घुमता हुआ आया। उसके सामने जो भी आया उसे काटना शुरु कर दिया।




इसके बाद वहां अफरा-तफरी मच गई। कुत्ते से आतंकित लोग इधर-उधर भागने लगे। कई लोगों ने डंडा निकाल करके कुत्ते को भगाने की कोशिश की तो कई लोगों ने उसे पकड़ने की कोशिश की।

लेकिन कुत्ता किसी के हाथ नहीं आया और वहां से भाग गया। लोग इसकी शिकायत करने नगर निगम के दफ्तर भी पहुंचे। लेकिन उन्हें वहां कोई कर्मचारी नहीं मिला जो इस पागल कुत्ते को पकड़ता।

इतना ही नहीं कुत्ते के काटने से घायल हुए लोग जब इलाज करने के लिए कम्युनिटी हेल्थ सेंटर पर पहुंचे तो वहां केवल 8 लोगों को इंजेक्शन लग पाया। रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक खत्म हो गया। कम्युनिटी हेल्थ सेंटर के प्रभारी संजीव सरस्वत ने बताया कि इस प्रकार की घटना कुत्ता पागल हो जाने के बाद ही करता है। सब्जी मंडी में पागल कुत्ते के काटने से 8 लोगों को ही इंजेक्शन लग पाया क्योंकि इस तरह के मरीज कम ही आते हैं। इसलिए रेबीज इंजेक्शन का स्टॉक कम ही रखा जाता है।

कुछ लोगों ने बाजार से खरीद कर इंजेक्शन लगवा लिए। बाकी को आज रेबीज इंजेक्शन लगाने के लिए बुलाया गया है।

## थानाध्यक्ष सहित सात पुलिसकर्मियों के खिलाफ केस दर्ज करने का आदेश

**नोएडा।** थाना सेक्टर-113 के थानाध्यक्ष शरद कांत, उप निरीक्षक सुनील कुमार, उप निरीक्षक अरुण कुमार वर्मा, उप निरीक्षक आवेश मलिक, उप निरीक्षक चंद्रशेखर बालियान, कांस्टेबल रोहित शर्मा तथा रोहित कुमार के खिलाफ जनपद गौतमबुद्धनगर के मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत ने मुकदमा दर्ज करने का आदेश जारी किया है।

वीरवती पत्नी पदम सिंह निवासी ग्राम सोरखा ने पुलिस पर आरोप लगाया है कि उन्होंने उसके बेटे जगदीश यादव को अवैध रूप से हिरासत में रखा व जेल भेजा।

बताया जाता है कि एक माह पूर्व पुलिस ने चेन लूटने के मामले में कालू, सागर बाल्मीकि तथा जगदीश को गिरफ्तार कर जेल भेजा था।

वहीं पुलिस अधिकारियों का कहना है कि इस मामले में वे ऊपर की न्यायालय में अपील करेंगे। मामलों में एक समय मीडिया में काफी तूल मिला था।

## डीएम का आदेश-आत्मरक्षा के लिए एक शस्त्र लाइसेंस पर्याप्त, दूसरे की पुलिस न करे संस्तुति

● जिलाधिकारी ने एसएसपी को लिखा पत्र

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

यदि आपके पास एक शस्त्र का लाइसेंस है और दूसरा शस्त्र लेने के लिए लाइसेंस बनवाना चाहते हैं तो आवेदन न करें, आपके आवेदन की संस्तुति पुलिस द्वारा नहीं की जाएगी।

इस संबंध में जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसएसपी मुनिराज जी को पत्र भेजा है। जिसमें उन्होंने पहले से ही शस्त्र लाइसेंस रख रहे व्यक्ति के दूसरे शस्त्र लाइसेंस के



लिए किसी भी दशा में संस्तुति न करने के लिए कहा है। जिलाधिकारी राकेश कुमार सिंह ने एसएसपी को भेजे पत्र में लिखा है कि शस्त्र लाइसेंस अवेदन पत्रों पर प्राप्त जांच आख्याओं का परीक्षण करने पर पाया गया कि ऐसे आवेदन जिनके पास पहले से ही शस्त्र लाइसेंस है, उनके भी दूसरे शस्त्र लाइसेंस दिए जाने के लिए जांच कर संस्तुति रिपोर्ट कार्यालय में भेजी जा रही है। वैसे सामान्यत आत्मरक्षा के लिए एक ही शस्त्र लाइसेंस की आवश्यकता होती है। लेकिन इस बिंदु पर ध्यान नहीं दिया जा रहा है, जिस कारण वास्तविक शस्त्र लाइसेंस की आवश्यकता संबंधित प्रकरणों पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसलिए आवश्यक है कि पुलिस द्वारा नवीन शस्त्र लाइसेंस के आवेदन की जांच रिपोर्ट तैयार करते हुए इस संबंध में गहनता से जांच कर ली जाए कि आवेदक के पास पहले से शस्त्र लाइसेंस है या नहीं।

## खुलेआम दी घूस, वीडियो वायरल

● जिला प्रोबेशन कार्यालय का कर्मचारी नोट लेता देखा गया

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद



गाजियाबाद में जिला प्रोबेशन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी लोकेंद्र का रिश्वत लेते वीडियो इंटरनेट मीडिया के विभिन्न प्लेटफार्म पर प्रसारित हो रहा है।

वायरल वीडियो में साफदेखा जा सकता है कि कर्मचारी खुलेआम अपने आफिस में टेबल के ऊपर से एक व्यक्ति से पैसे लेता है। मामले को लेकर जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि आरोपित कर्मचारी के खिलाफ इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। बता दें कि बुधवार सुबह वाट्सएप, ट्विटर सहित विभिन्न प्लेटफार्म पर एक वीडियो प्रसारित हुआ, जिसमें जिला प्रोबेशन कार्यालय में कार्यरत कर्मचारी लोकेंद्र के साथ दो लोग बैठे नजर आते हैं।

सामने बैठे दो व्यक्तियों में एक अपनी जेब से रुपये लेकर कर्मचारी के हाथ में धीरे से रखते हुए नजर आ रहा है। बताया जा रहा है कि कर्मचारी ने एक मामले में जांच के दौरान रिपोर्ट लगाने को लेकर दिए घूस लिए। हालांकि वीडियो में न दिखने के कारण रिश्वत देने वाले व्यक्ति के बारे में अभी जानकारी नहीं हो सकी है। जिला प्रोबेशन अधिकारी विकास चंद्र का कहना है कि यह वीडियो जुलाई 2021 का है।

इस संबंध में जांच शुरू कर दी गई है। जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आरोपित के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी ने बताया कि आउटसोर्सिंग कंपनी के माध्यम से कार्यालय में ड्यूटी पर रखे गए एक कर्मचारी ने कुछ दिन पहले नौकरी से इस्तीफा दिया है।

## 1.5 करोड़ की प्रतिबंधित सिगरेट जब्त, दो पकड़े

● बंग्लादेश से असम फिर ट्रक से पहुंचती थी एनसीआर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रतिबंधित सिगरेट की तस्करी करने वाले गिरोह के दो तस्करों को यूपी एसटीएफ ने गिरफ्तार किया है। इनके पास से 30 हजार 200 बैन विदेशी सिगरेट की डिब्बी जब्त की गई है। जिनकी भारतीय बाजार में करीब 1.5 करोड़ है।

ये कार्यवाही राज कुमार मिश्र, अपर पुलिस अधीक्षक एसटीएफ गौतमबुद्धनगर की अगुवायी में की गई। से सिगरेट इंडोनेशिया, कोरिया से आती है। उन्होंने बताया कि मुखबीर से इनपुट मिला कि एक ट्रक जिसके अन्दर अन्तर्राष्ट्रीय सीमा से तस्करी करके लाई गई विदेशी सिगरेट भरी हुई है। जिन पर वैधानिक चेतावनी भी अंकित नहीं है। पिलखुआ टोल से होता हुआ छिजारसी टोल से होकर जायेगा। इस सूचना पर स्थानीय पुलिस को सूचना से अवगत कराते हुए थाना पिलखुआ, जनपद हापुड़ की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की गई। इस दौरान ट्रक को दोनों तस्करों के साथ पकड़ लिया गया। तस्कर मुजम्मिल ने बताया कि उसकी उम्र लगभग 32 साल है।

वह और उसका भाई सोनू उर्फ अजरूद्दीन मुख्य रूप से पुराने टायरों को इकट्ठा करके उनको गलाने का काम करते थे। पुराने टायरों के काम के सिलसिले में अजरूद्दीन अक्सर पूर्वोत्तर के राज्यों में जाता था। वहां अजरूद्दीन की जान पहचान असम के निवासी गौरव नाम के व्यक्ति से हो गई थी। गौरव इंडोनेशिया, कोरिया व अन्य देशों की विदेशी सिगरेट की बांग्लादेश के रास्ते तस्करी करता था। यह लोग वहां से इस तरह तस्करी करके लाई गई विदेशी ब्रांड की सिगरेट को अपने ट्रक में पुराने टायरों के नीचे छिपाकर यहां लते थे।

इन सिगरेट को एनसीआर क्षेत्र में बेचने के लिए तड़के जाने वाली दूध की गाड़ियों का इस्तेमाल किया जाता था। इन सिगरेट को दूध की बाल्टियों के नीचे छिपाकर एनसीआर के दिल्ली, गुरुग्राम आदि क्षेत्रों में ले जाकर अच्छे दामों पर बेच दिया जाता था। इन अवैध सिगरेट को लाने के लिए गोहाटी से गौरव की ओर से भेजे गए आदमी के हाथ में ट्रक व कैश दे दिया जाता था। वह सिगरेट को ट्रक में भरकर वापस ट्रक को हमें दे देता था। दूसरे तस्कर रवि गिरी 34 ने बताया कि कि पकड़े गए ट्रक के मालिक हाजी शौकीन, सोनू उर्फ अजरूदीन व मुजम्मिल के पुराने परिचित थे।

## दो अपराधियों की 5.63 करोड़ की संपत्ति कुर्क करने का आदेश

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

गौतमबुद्ध नगर जिला के पुलिस आयुक्त ने आपराधिक कार्यों के जरिए अवैध तरीके से अर्जित दो अपराधियों की 5.63 करोड़ रुपए की संपत्ति कुर्क करने का आदेश दिया है।

पुलिस आयुक्त आलोक सिंह के प्रवक्ता ने बताया कि पुलिस अवैध तरीके से संपत्ति अर्जित करने वाले अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई कर रही है। इसी कड़ी में संभल जिला के असमोली थाना क्षेत्र के निवासी खलील अहमद चौधरी और गौतमबुद्ध नगर जिले के मोमनाथल निवासी संजय भाटी की 5.63 करोड़ रुपए की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया है। चौधरी ने गिरोह बनाकर चोरी कर करोड़ों रुपए की संपत्ति अर्जित की, वहीं भाटी रेत खनन के अवैध कारोबार से जुड़ा था। उन्होंने बताया कि इन अपराधियों के खिलाफ गैंगस्टर कानून के तहत मुकदमा दायर किया गया है।

मीडिया प्रभारी ने बताया कि इनकी 5.63 करोड़ रुपए की अचल संपत्ति को कुर्क किया जाएगा।

## संक्षिप्त समाचार



सुरक्षा को लेकर मसूरी के गांव इकला में स्थानीय लोगों से बातचीत करते थाना प्रभारी।

### क्रेडिट कार्ड से 64 हजार उड़ाए

**नोएडा।** साइबर ठगों ने एक व्यक्ति के क्रेडिट कार्ड से 64801 रुपये निकाल लिये। इस संबंध में पीड़ित ने सेक्टर 24 थाने में अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कराया है। पुलिस को दी शिकायत में सेक्टर.22 में रहने वाले अभिषेक सिंह ने बताया कि अज्ञात आरोपियों ने धोखाधड़ी करके उनके क्रेडिट कार्ड से दो बार में 6480 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर कर लिए। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सहेली के पति ने युवती को बंधक बनाकर पीटा

**गाजियाबाद।** पैसे मांगने के लिए सहेली के घर गई युवती को बंधक बनाकर बेहरमी से पीटने का मामला सामने आया है। पिटाई का आरोप सहेली के पति और उसके दोस्त पर लगा है। गंभीर हालात में युवती को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। देवेंद्रपुरी कॉलोनी में निधि पुंडीर परिवार सहित रहती हैं। वह हापुड़ मार्ग पर ब्यूटी पार्लर चलाती हैं। निधि ने बिसोखर रोड निवासी पूनम को पैसे उधार दिए थे। काफी समय से निधि उधार दिए पैसे मांग रही थी। इस बात को लेकर दोनों के बीच विवाद चल रहा था। आरोप है कि मंगलवार शाम को पूनम ने को निधि बखरवा मार्ग पर पैसे देने के लिए बुलाया। निधि अपनी मां के साथ बताए गए स्थान पर पहुंची तो पूनम के पति राम शर्मा और दीपक नामक युवक ने अचानक उस पर हमला बोल दिया। निधि को बंधक बनाकर बेहरमी से पीटा गया। इतना ही नहीं सरिया मारकर सिर फोड़ दिया गया। जब निधि को बचाने का प्रयास उनकी मां ने किया तो सरिया मारकर उनका भी सिर फोड़ दिया। सिर में सरिया मारने का वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो रहा है। युवती को गंभीर हालात में निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने पूनम, राम शर्मा और दीपक के खिलाफरिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। थानाप्रभारी ने बताया कि आरोपियों की तलाश की जा रही है।

### शिवयोग में होगा अहोई अष्टमी व्रत

**गाजियाबाद।** 17 अक्टूबर को शिवयोग में अहोई अष्टमी का व्रत रखा जाएगा। पुत्र की स्वास्थ्य, विद्या, बुद्धि और बल के लिए महिलाएं यह व्रत करती हैं। ऐसा माना जाता है कि इस दिन पुत्रवती महिलाओं को सब्जी अथवा फल चाकू से नहीं काटने चाहिए। शाम को तारा निकलने के बाद दीवार पर अहोई का चित्र बनाकर अहोई की पूजा करें। कहानी सुनते समय एक पटरे पर जल से भरा लोटा रखें। पंडित शिवशंकर शर्मा ने बताया कि 17 अक्टूबर को चंद्रमा का उदय रात 11.27 बजे होगा और तारे के दर्शन शाम 6.15 मिनट पर होंगे। ऐसे में महिलाएं तारे अथवा चंद्र को जल का अर्घ्य देकर व्रत खोल सकती हैं। उन्होंने बताया कि अहोई माता का व्रत करने से पुत्रवती महिलाएं के पुत्रों की रक्षा होती है। इस बार यह व्रत शिवयोग में मनाया जाएगा जो बेहद शुभ माना गया है। संतान की संख्या के अनुसार अहोई की माला में चांदी की गोली मोती उस माला में डालते जाएं।

### सांसद वीके सिंह ने गाजियाबाद में सुनीं समस्याएं

**गाजियाबाद।** सांसद और केन्द्रीय मंत्री वीके सिंह ने अपने राजनगर स्थित आवास पर क्षेत्र की जनता से मुलाकात की। इस दौरान उन्होनें लोगो की समस्याएं भी सुनीं और उनके समाधान के लिए निर्देश भी जारी किए। सांसद वीके सिंह से खोड़ा का प्रतिनिधि मंडल मिला। इन लोगों ने क्षेत्र पानी, सडक, सफाई आदि की समस्याएं इसके साथ ही पूर्वांचल समाज के लोगो ने भेंट कर छठ पूजा पर सहयोग मांगा। गाजियाबाद के लोहा व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने भी सांसद से मुलाकात की।




ICICI Bank | शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू–560068

सार्वजनिक सूचना – प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री हेतु निविदा–सह–नीलामी

[नियम 8 (6) का परंतुक देखें]
अचल आस्तियों की बिक्री हेतु सूचना

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के साथ पठित प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8 (6) के परंतुक के तहत अचल आस्तियों की बिक्री के लिए ई–नीलामी बिक्री सूचना।
एतद्द्वारा सर्व साधारण को तथा विशेष रूप से कर्जदार(रों) तथा गारंटर(रों) को सूचना दी जाती है कि प्रत्याभूत क्रेडिटर के पास बंधक रखी/प्रभारित निम्नवर्णित अचल सम्पत्ति, जिसका भौतिक कब्जा आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा प्राप्त किया जा चुका है, "जैसी है जहां है", जैसी है जो भी है" तथा "जो भी है वहां है" आधार पर नीचे दिए संक्षिप्त विवरण के अनुसार बेची जाएगी ;

| क्र. सं. | कर्जदार (रों)/सह–कर्जदारों /गारंटरों का नाम ऋण खाता संख्या | प्रत्याभूत आस्ति(यों) का विवरण, ज्ञात ऋणभारों सहित, यदि कोई | बकाया राशि | सुरक्षित मूल्य / धरोहर राशि जमा | सम्पत्ति निरीक्षण की तिथि एवं समय | नीलामी की तिथि एवं समय |
|---|---|---|---|---|---|---|
| (A) | (B) | (C) | (D) | (E) | (F) | (G) |
| 1. | श्रीमती रीना वर्मा (कर्जदार) श्री मुकुल वर्मा (सह–कर्जदार) ऋण खाता संख्या एलबीडीईएल00005243194/ एलबीडीईएल00005259497 | आइटम नंबर 1 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 20, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलुरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012–13 दिनांकित 10–01–2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर–कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल–16/2013–14/6878/2013–14 दिनांकित 20–03–2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 47′–00″ फीट, दक्षिणी साइड : 51′–40″ फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30′–33″ पश्चिमी साइड : 30′–00″ फीट, कुल परिमाप : 1484 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 19, दक्षिण : साइट नंबर 21<br>आइटम नंबर 2 : सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : सम्पत्ति खाली साइट नंबर 21, सर्वे नंबर 76/1, 77, 78/2, 79 एवं 80 का भाग, ग्राम काम्बीपुरा, केनगेरी होबली, बेंगलुरू साउथ तालुक, जो विशेष उपायुक्त, बेंगलुरू जिला द्वारा जारी परिवर्तन आदेश नंबर एएलएन(एस)एसआर(के) /48/2012–13 दिनांकित 10–01–2013 द्वारा कृषि प्रयोजन भूमि से विधिवत गैर–कृषि आवासीय प्रयोजन भूमि में परिवर्तित की गई है तथा लेआउट बेंगलुरू विकास प्राधिकरण (बीडीए) द्वारा बीडीए/ टीपीएम/पीआरएल–16/2013–14/6878/2013–14 दिनांकित 20–03–2014 के माध्यम से अनुमोदित किया गया है और परिमाप, पूरब से पश्चिम : उत्तरी साइड : 51′–40″ फीट, दक्षिणी साइड : 55′–80″ फीट, उत्तर से दक्षिण : पूर्वी साइड : 30′–33″ पश्चिमी साइड : 30′–00″ फीट, कुल परिमाप : 1617 वर्ग फीट और चौहद्दी : पूरब : प्राइवेट सम्पत्ति, पश्चिम : रोड, उत्तर : साइट नंबर 20, दक्षिण : प्राइवेट सम्पत्ति | रू. 1,25,49, 153.42/– (05 अक्टूबर, 2022 को) | रू. 85,00,000/–<br>रू. 8,50,000/– | 20–10–2022 को पूर्वा. 11.00 बजे से अप. 02.00 बजे तक | 03–11–2022 को पूर्वा. 11. 00 से मध्या. 12.00 बजे तक |

ऑनलाइन नीलामी हमारी नीलामी एजेन्सी मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड की वेबसाइट (यूआरएल लिंक – www.disposalhub.com) पर सम्पन्न होगी। बंधकदाताओं/सूचनाप्रेषिती को 02 नवम्बर, 2022 को अप. 5.00 बजे से पूर्व कुल बकाया उस पर आगे ब्याज सहित भुगतान करने का अंतिम अवसर दिया जाता है, जिसमें विफल रहने पर प्रत्याभूत आस्ति की बिक्री निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार की जाएगी।
भावित बिडर (बिडर्स) को धरोहर राशि जमा (ईएमडी) डिमांड ड्राफ्ट (डीडी) (कालम ई देखें) आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू–560 068 में 02 नवम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा करना चाहिए तथा उसके बाद उनको अपनी ऑफर, ईएमडी के भुगतान के प्रमाण हेतु डीडी की बैंक रसीद की स्कैन इमेज के साथ, उपरिवर्णित वेबसाइट पर 02 नवम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले, जमा करनी चाहिए। कृपया नोट करें कि संभावित बिडर अपनी ऑफर वेबसाइट के माध्यम से प्रस्तुत करने में असफल रहने की स्थिति में निविदा दस्तावेज की हस्ताक्षरित प्रति आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड, प्रथम तल, वेस्ट विंग, डीएसएमजी, मैत्री सेंटर, होसूर मेन रोड, बोम्मनहल्ली, बेंगलूरू–560 068 में 02 नवम्बर, 2022 को अथवा पूर्व अप. 05.00 बजे से पहले जमा की जा सकती है। धरोहर राशि जमा डीडी/पीओ किसी राष्ट्रीयकृत/अनुसूचित बैंक से "आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड" के पक्ष में बेंगलुरू में देय होना चाहिए।
निरीक्षण, नीलामी के निबंधन और शर्तों या निविदा जमा करने के संबध में किसी अतिरिक्त स्पष्टीकरण के लिए कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड के मोबाइल नम्बर 9844542086/8008999536/7304918084 पर सम्पर्क करें।
कृपया नोट करें कि मार्केटिंग एजेन्सीज 1. मैसर्स मैटेक्स नेट प्रा. लि., 2. मैसर्स नेक्सजेन सॉल्यूशन्स प्राइवेट लिमिटेड को भी इस सम्पत्ति की बिक्री सुकर बनाने हेतु अनुबंधित किया गया है।
प्राधिकृत अधिकारी के पास बिना कोई कारण बताए किसी भी या सभी बिड्स को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित है। बिक्री के विस्तृत नियम एवं शर्तों के लिए, कृपया आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड की वेबसाइट देखें : www.icicibank.com/n4p4s

तिथि : 13 अक्टूबर, 2022
स्थान : दिल्ली/एनसीआर

प्राधिकृत अधिकारी
आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड


## गाजियाबाद में एनकाउंटर में चार बदमाशों को लगी गोली

**गाजियाबाद।** गाजियाबाद में आठ अक्टूबर को कारोबारी के घर दिनदहाड़े डकैती डालने वाले चार बदमाश बुधवार सवेरे छह बजे मुठभेड़ में पकड़े गए। चारों के पैर में गोलियां लगी हैं। उनके दो साथी भाग गए हैं, जिनकी तलाश में कास्टिंग जारी है।

सिटी निपुण अग्रवाल ने बताया, सिहानी गेट थाने की पुलिस ने बुधवार सुबह करीब छह बजे तीन बाइकों पर सवार छह युवकों को रुकने का इशारा किया। बाइक सवारों ने पुलिस को देखते ही फायरिंग शुरू कर दी। जवाबी कार्रवाई में पुलिस ने भी गोली चलाई। इसमें एक बाइक पर सवार दो व्यक्ति घायल हो गए।



थाना सिहानीगेट में हुई डकैती की वारदात को अंजाम देने वाले दो बदमाशों को एक मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार किया गया। इनके पास से 2,45,000 की नकदी, सोने व चांदी के जेवरात बरामद किए गए।

## सरकारी जमीन पर प्लाटिंग, पांच लोग नामजद

● अवैध निर्माण पर जल्द चलेगा बुलडोजर

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की अधिसूचित जमीन पर पांच लोगों ने मिलकर अवैध रूप से प्लाटिंग कर वहां निर्माण कर दिया।

अवैध निर्माण को तोड़ने के लिए प्राधिकरण की तरफ से कई बार नोटिस जारी किया गया, लेकिन आरोपितों ने अवैध निर्माण को नहीं तोड़ा। अब मामले में प्राधिकरण के वर्क सर्किल तीन के सहायक प्रबंधक चेतराम की तहरीर पर पांच लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में राजेश कुमार सिंह,



ललित यादव, समय पाल यादव, सुदेश नागर और बीरवती देवी के खिलाफ मुकदमा दर्ज हुआ है। दर्ज कराए गए मुकदमें में सहायक प्रबंधक चेतराम ने कहा है कि देवला गांव में प्राधिकरण के अधिसूचित जमीन के खसरा नंबर 468 व 472 पर अवैध रूप से प्लाटिंग कर अवैध निर्माण किया गया है। खसरा नंबर 468 पर हुए अवैध निर्माण के संबंध में पूर्व में नोटिस जारी किया गया था, लेकिन कोई जवाब नहीं मिलने पर यह माना गया कि आरोपितों ने अवैध निर्माण किया है।

मामले में रिपोर्ट दर्ज होने के बाद दावा किया गया है कि जल्द ही अवैध निर्माण पर प्राधिकरण का बुलडोजर चलेगा। अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई लगातार जारी है। प्राधिकरण के सहायक प्रबंधक की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। जल्द ही मामले में बयान दर्ज किए जाएंगे।

### गौड़ बिल्डर पर ' 350 करोड़ बकाया

गाजियाबाद। गाजियाबाद में गौड़ संस बिल्डर ने आवास-विकास परिषद से कंप्लीशन सर्टिफिकेट लिए बिना ही एक हजार से ज्यादा आवंटियों को फ्लैट पर कब्जा दे दिया। आवास-विकास परिषद ने गौड़ संस पर अपना करीब साढ़े तीन सौ करोड़ रुपया बकाया बताया है। अनाधिकृत रूप से फ्लैट बेचने में आवास-विकास के जेई ने थाना विजयनगर में गौड़ के खिलाफ केस दर्ज कराया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक नरेन्द्र कुमार द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 ( उ.प्र. ) से मुद्रित। कार्यकारी संपादक: नवीन उपाध्याय, स्थानीय सम्पादक: प्रदीप तिवारी। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879900।

# पीयूसी बिना 25 से नहीं मिलेगा पेट्रोल-डीजल

## परिवहन विभाग ने जारी किया नोटिस, लोगों को वाहनों की प्रदूषण जांच कराने का निर्देश



**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाण पत्र (पीयूसीसी) के बिना दिल्ली में 25 अक्टूबर से पेट्रोल-डीजल नहीं मिलेगा। वायु प्रदूषण नियंत्रण को लेकर सख्त कदम उठाते हुए केजरीवाल सरकार ने वाहनों के लिए पीयूसीसी अनिवार्य कर दिया है।

उसने सभी पेट्रोल पंपों को निर्देश दिया है कि 25 से केवल उन्हीं वाहन चालकों को पेट्रोल-डीजल मुहैया कराया जाए जिनके पास उनके वाहनों के लिए वैध प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र है। परिवहन विभाग ने एक नोटिस जारी कर उन सभी वाहन मालिकों को पीयूसीसी के लिए अपने वाहनों की जांच कराने का निर्देश दिया है, जिनके वाहन (इलेक्ट्रिक या बैटरी से चलने वाले वाहनों को छोड़कर) पंजीकरण की तारीख से एक वर्ष से अधिक पुराने हैं।

विभाग वाहन मालिकों को नोटिस जारी कर रहा है कि यदि उनके पास वैध पीयूसीसी नहीं है, तो वे एक सप्ताह में इसे प्राप्त कर लें, अन्यथा उनका पंजीकरण प्रमाण पत्र निलंबित कर दिया जाएगा।

इसके अलावा दिल्ली सरकार ने पड़ोसी राज्यों से आने वाली सभी बस की आनंद बिहार बस अड्डे पर पीयूसीसी संबंधी जांच करने के लिए दल गठित किए है।

विभाग ने वाहन मालिकों से कहा है कि वे असुविधा और कानून के तहत कार्रवाई से बचने के लिए 25 से पहले वैध पीयूसीसी हासिल कर लें। नोटिस में कहा गया है, वैध पीयूसीसी के बिना वाहन चलाने पर 10,000 रुपए के जुर्माने और तीन साल की कैद या दोनों सजाएं हो सकती है। सरकार ने प्रदूषण को नियंत्रित करने के प्रयासों के तहत वैध पीयूसीसी नहीं रखने वाले वाहनों के खिलाफ मुहिम तेज कर दी है।




पर्यावरण विभाग पेट्रोल, डीजल और सीएनजी पंप के सभी डीलर के लिए यह अनिवार्य बनाने के वास्ते अधिसूचना जारी करने पर विचार कर रहा है कि 25 अक्टूबर से वैध पीयूसीसी दिखाने पर ही वाहनों को ईंधन बेचा जाए। पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने इस माह की शुरुआत में घोषणा की थी कि वाहन चालकों को 25 अक्टूबर के बाद से वैध पीयूसीसी नहीं दिखाने पर दिल्ली के पेट्रोल पंप में ईंधन नहीं मिलेगा।

पर्यावरण, परिवहन और यातायात विभाग के अधिकारियों की 29 सितंबर को हुई बैठक में यह फैसला किया गया था।

# दिल्ली विश्वविद्यालय सत्र के बीच नवंबर में भी दे सकता है दाखिला

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- कार्यक्रम जारी, छात्रों को तीसरे चरण में मौका मिलने की बढ़ी उम्मीद

दिल्ली विश्वविद्यालय स्नातक पाठ्यक्रमों में समय पर दाखिला नहीं ले सके छात्रों को फिर से मौका देते हुए सत्र के बीच में नवंबर में दाखिले का मौका दे सकता है।

विश्वविद्यालय द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार, कॉमन सीट एलोकेशन सिस्टम (सीएसएएस) (साझा सीट आवंटन प्रणाली) के तीसरे चरण में 5 से 7 नवंबर के बीच फिर से दाखिले का मौका दिया जाएगा। विश्वविद्यालय ने स्नातक पाठ्यक्रम में शिक्षण सत्र 2022-23 के लिए दाखिला प्रक्रिया पिछले महीने शुरू की थी। डीयू के 67 कॉलेजों, विभागों और केंद्रों पर 79 स्नातक पाठ्यक्रमों में दाखिला चल रहा है। इन पाठ्यक्रमों में बीए के लिए 209 कोर्स शामिल हैं। सीएसएएस के माध्यम से दाखिला तीन चरणों में हो रहा है, सीएसएएस-2022 आवेदन पत्र जमा कराना, पाठ्यक्रमाकोर्स का चयन, अपनी पसंद बताना और सीट आवंटन तथा दाखिला।

सीएसएएस आवेदनपत्र और पाठ्यक्रम चयन तथा अपनी पसंद बताने का अंतिम दिन, आज बुधवार है। अधिकारी ने बताया कि सत्र के बीच में नवंबर में दाखिले के लिए आवेदन देने वाले छात्रों की अर्जी पर विचार, पहले से आवेदन देने वाले और ज्यादा अंक पाने वाले सभी छात्रों के दाखिले के बाद ही किया जाएगा। अधिकारी ने बताया, सीएसएएस-2022 के लिए सत्र के बीच में दाखिले के लिए अर्जी देने वाले छात्र को शुरुआती प्रक्रिया के दौरान सीएसएएस-2022 में आवेदन देने वाले छात्रों की सीटों पर दावा करने का कोई अधिकार नहीं होगा।

ऐसे छात्रों को बाद में सीटें आवंटित की जाएंगी। सीटें पात्रता पूरी करने, सीटों की उपलब्धता और सीएसएएस-2022 के अन्य नियमों के तहत दी जाएंगी। सत्र के बीच में दाखिले के लिए आवेदन देने वाले छात्रों के लिए आवंटित सीट पर दाखिला लेना अनिवार्य होगा।

# देश के सर्वश्रेष्ठ 10 में दिल्ली के 5 स्कूल

- मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने शिक्षा विभाग को दी बधाई

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



देशभर के सरकारी स्कूलों की वर्ष 2022-23 की रैंकिंग में द्वारका सेक्टर-10 स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय को पहला स्थान मिला है। खास बात यह है कि वर्ष 2021 में जारी हुई स्कूल की रैंकिंग में भी यह स्कूल पहले स्थान पर रहा था।

इस साल भी इस स्कूल ने अपनरा पहला स्थान बरकरार रखा है। इस सूची में देश के सर्वश्रेष्ठ 10 सरकारी स्कूलों में राष्ट्रीय राजधानी के 5 स्कूल शामिल हैं। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने इस पर खुशी जताते हुए शिक्षा विभाग को बधाई दी है। उन्होंने स्कूल की रैंकिंग की सोशल मीडिया पर साझा करते हुए लिखा कि उन्हें अपने शिक्षा विभाग की टीम पर गर्व है। इन 5 स्कूलों में से दो स्कूल रैंकिंग में क्रमशः पहले और दूसरे नंबर पर हैं। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री मनीष सिसोदिया ने भी सीएम के ट्वीट को रीट्वीट करते हुए कहा कि सरकारी स्कूलों ने शानदार सफलता हासिल की है। इस रैंकिंग में तीसरे नंबर पर केरल का जीवीएचएसएस रहा है। यह स्कूल गत वर्ष की रैंकिंग में चौथे स्थान पर था। चौथे नंबर पर मुंबई का वर्ली सीफेस मुंबई पब्लिक इंग्लिश स्कूल है। गत वर्ष की रैंकिंग में इस स्कूल का पांचवां स्थान पर था।

आठवें स्थान पर चंडीगढ़ सेक्टर- 16 का गवर्मेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल। नौवें स्थान पर रोहिणी स्थित राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय, भोपाल के टीटी नगर का मॉडल स्कूल, द्वारका सेक्टर 5 का राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय और दसवें नंबर पर सूरजमल विहार का राजकीय प्रतिभा विकास विद्यालय है। ईडब्ल्यू शिक्षकों और अभिभावकों के लिए एक पोर्टल है, जो हर साल विद्यालयों की रैंकिंग जारी करता है।

# आरटीआई की भी अवहेलना कर रही सरकार : भाजपा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

भाजपा ने बुधवार को आरोप लगाया कि अपने भ्रष्टाचार का पर्दाफाश होने के भय से दिल्ली सरकार सूचना का अधिकार (आरटीआई) अधिनियम के तहत पूछे गए सवालों की राह में रोड़े अटका रही है।

पार्टी ने कहा कि अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली सरकार के कार्यकाल को दिल्ली के इतिहास के काले अध्याय के रूप में जाना जाएगा। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने मुख्य सूचना आयुक्त उदय माहुरकर की ओर से दिल्ली के उपराज्यपाल वी के सक्सेना को लिखे गए एक पत्र का हवाला देते हुए दावा किया कि दिल्ली सरकार पारदर्शिता और जवाबदेही से भाग रही है क्योंकि उसके अधीन सभी विभाग भ्रष्टाचार में लिप्त हैं।

उन्होंने आरोप लगाया कि यह पत्र भ्रष्ट केजरीवाल सरकार का पर्दाफाश करता है। भाजपा प्रवक्ता ने यह आरोप भी लगाया कि आम आदमी पार्टी (आप) के संयोजक सूचना का अधिकार कानून को बेखौफ तरीके से दरकिनार कर देश के कानून की रक्षा करने की अपनी शपथ का उल्लंघन कर रहे हैं। भाटिया ने कहा कि सरकार से लाभ प्राप्त करने वाले निजी अस्पतालों द्वारा गरीबों को प्रदान किए गए अनिवार्य उपचार के बारे में आरटीआई के तहत पूछे गए सवालों के जवाब नहीं दिए गए हैं।



नई दिल्ली स्थित हरियाणा भवन में बुधवार को दिवंगत जगदीप दुहन, सूचना, जनसंपर्क एवं भाषा विभाग उपनिदेशक को श्रद्धा सुमन अर्पित करते मुख्यमंत्री के मीडिया सलाहकार अमित आर्य। ज्ञात रहे कि जगदीप दुहन का सोमवार को हृदयघात से निधन हो गया था।

# मौसम का पहला कोहरा सप्ताह के अंत में एक्यूआई खराब होने की आशंका



यमुना का किनारा, आसमान की छाई धुंध

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- बारिश का दौर खत्म होते ही दिल्ली में दृश्यता कम हुई

पिछले 10 दिनों से शुरू हुआ मौसमी उतार-चढ़ाव का दौर अब भी जारी है। इसी क्रम में आंशिक तौर पर छाए बादलों के बीच बुधवार सुबह बारिश से तो राहत मिली, लेकिन स्मॉग की एक हल्की परत दिल्ली एनसीआर के आसमान पर छाई रही। वहीं, मौसम विभाग ने इसे इस मौसम का पहला कोहरा बताया है। इसके चलते कुछ इलाकों में दृश्यता घटकर 350 मीटर तक हो गई थी।

दिल्ली-एनसीआर के लोग बुधवार सुबह उठे तो उन्हें अजब नजारा देखने को मिला। ज्यादातर इलाकों में घना स्मॉग छाया हुआ था। पहली नजर में ऐसा लगा कि दिसंबर का महीना है और कोहरा छाया हुआ है। घर से दफ्तरों और अन्य कामों के लिए निकले लोगों को सड़क पर दिक्कत पेश आई, क्योंकि दृश्यता कम थी।

भारत मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक आर के जेनामणि ने बताया कि दिल्ली इस मौसम में पहली बार कोहरे की गवाह बनी। न्यूनतम तापमान 20.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो सामान्य से एक डिग्री कम है। वहीं, अधिकतम तापमान 31 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहा। आईएमडी अधिकारी ने पहले कहा था कि लंबे समय तक बारिश के कारण भारी धुंध थी, जिससे हवा में नमी का स्तर बढ़ गया। यह मौसम की पहली धुंध थी।

# 'लैंडफिल साइट के मलबे को भवन निर्माण में लगाएं'

**पायनयिर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



- कूड़े के पहाड़ों की ऊंचाई घटाने के प्रयासों में भागीदार बनने की अपील

दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने नागरिकों, निर्माण एजेंसियों और अन्य हितधारकों से आग्रह किया है कि वे लैंडफिल साइट पर मौजूद निर्माण एवं विकास कार्यों के मलबे का इस्तेमाल निर्माण गतिविधियों में करें और कूड़े के पहाड़ों की ऊंचाई घटाने के नगर निकाय के प्रयासों में भागीदार बनें।

एमसीडी आयुक्त ज्ञानेश भारती की ओर से जारी एक सार्वजनिक अपील में कहा गया है कि कूड़े के पहाड़ों की ऊंचाई घटाने की प्रक्रिया के तहत दिल्ली नगर निगम वहां मौजूद निर्माण एवं विकास कार्यों के मलबे और अन्य कचरा सामग्री को अलग कर उपयोगी उत्पादों में तब्दील कर रहा है, जिनका इस्तेमाल गड्ढों को भरने, इमारतों की नींव तैयार करने, सड़क बनाने और ईंटों को आपस में जोड़ने के लिए किया जा सकता है। लैंडफिल साइट पर मौजूद प्लास्टिक कचरे का इस्तेमाल बिजली उत्पादन में सक्षम वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र में किया जा रहा है। सार्वजनिक अपील में भारती ने कहा है, मैं दिल्ली-एनसीआर (राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र) के निवासियों, बिल्डरों, सड़क निर्माताओं, ठेकेदारों और संबंधित सरकारी एजेंसियों से अपील करता हूं कि वे अपनी निर्माण गतिविधियों में निर्माण एवं विकास कार्यों के मलबे और निर्षक्रिय सामग्री का इस्तेमाल कर अपना सहयोग जारी रखें और राष्ट्रीय राजधानी के समक्ष मौजूद इस गंभीर समस्या से निपटने में हमारे भागीदार बनें। एमसीडी आयुक्त के मुताबिक, यह फैसला लिया गया है कि कोई भी विभाग, एजेंसी, व्यक्ति या ठेकेदार तीनों लैंडफिल साइट (भलस्वा, गाजीपुर और ओखला) से मुफ्त में निर्माण एवं विकास कार्यों का मलबा और निर्षक्रिय सामग्री हासिल कर सकता है। सार्वजनिक नोटिस में कहा गया है कि जो लोग या एजेंसी लैंडफिल साइट से निर्माण एवं विकास कार्यों का मलबा या निर्षक्रिय सामग्री लेना चाहते हैं, वे ईमेल भेजकर एमसीडी की अनुमति ले सकते हैं।

# महिला आयोग की अध्यक्ष को मिली दुष्कर्म की धमकी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

- मालिवाल ने दिल्ली के साबइर अपराध प्रकोष्ठ में दर्ज कराई शिकायत

दिल्ली महिला आयोग (डीसीडब्ल्यू) की प्रमुख स्वाति मालीवाल ने बुधवार को आरोप लगाया कि जब से उन्होंने फिल्मकार साजिद खान को रिएलिटी शो बिग बॉस से बाहर निकालने की मांग करने के लिए केंद्र को पत्र लिखा है, तब से उन्हें बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं।

मालीवाल ने इस संबंध में दिल्ली पुलिस के साइबर अपराध प्रकोष्ठ से शिकायत की कि जब से उन्होंने यह मामला उठाया है, उन्हें सोशल मीडिया ऐप इंस्टाग्राम के जरिए बलात्कार की धमकियां मिल रही हैं। डीसीडब्ल्यू प्रमुख ने इस मामले में तत्काल प्राथमिकी दर्ज करने और आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग की है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है। मालीवाल ने 10 अक्टूबर को पत्र लिखकर साजिद की शिकायत की थी।

# स्पेनिश अभिनेता बन महिला से धन ऐंठने का प्रयास, युवक धरा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

सोशल मीडिया पर खुद को स्पेन का अभिनेता बताकर किसी महिला से पैसे ऐंठने का प्रयास करने के आरोप में 22 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि आरोपी की पहचान उत्तर प्रदेश के बागपत जिले के निवासी अबूजर रहमान के रूप में हुई है और उसे सोमवार को गिरफ्तार किया गया है।

पुलिस के अनुसार रहमान ने महिला की निजी तस्वीरें इंटरनेट पर डालने की धमकी देकर उससे पैसे मांगे थे। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि नोएडा में एक बीपीओ में काम करने वाली महिला ने आरोप लगाया कि युवक ने इंस्टाग्राम पर खुद को स्पेनिश अभिनेता बताकर उससे दोस्ती की और उसने अपनी निजी तस्वीरें युवक को भेज दी। पुलिस ने कहा कि जब महिला ने आरोपी की मांग नहीं मानी तो उसने महिला की फर्जी प्रोफाइल बनाकर तस्वीरें उसपर डाल दीं।

पुलिस उपायुक्त सागर कलसी ने कहा कि आरोपी ने युवती का ध्यान आकर्षित करने के लिए स्पेनिश अभिनेता मेनु रियोस की तस्वीरों का इस्तेमाल करके इंस्टाग्राम पर एक फर्जी प्रोफाइल बनाई। उसने महिला से संपर्क करके तस्वीरें साझा कीं।

# विश्वास और बग्गा ने सीएम पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी (आप) के पूर्व नेता कुमार विश्वास और भाजपा की दिल्ली इकाई के नेता तजिंदर पाल बग्गा ने उनके खिलाफ दर्ज दो अलग-अलग प्राथमिकियां रद्द करने के पंजाब एवं हरियाणा उच्च न्यायालय के निर्णय को बुधवार को सच्चाई की जीत बताया और आप के संयोजक व दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर निशाना साधा।

सोशल मीडिया पर दिल्ली के मुख्यमंत्री के खिलाफ बहुत मुखर रहने वाले बग्गा ने दावा किया कि अदालत का आदेश केजरीवाल के मुंह पर जोरदार तमाचा है। पंजाब पुलिस ने अप्रैल में केजरीवाल के खिलाफ बयान देने के आरोप में ये दो प्राथमिकियां दर्ज की थीं।

# पीएफआई सदस्यों ने गिरफ्तारी पर मांगा मुआवजा

- 14 लोगों ने किया दावा, गैर कानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली




प्रतिबंधित संगठन पॉपुलर फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएफआई) के 14 कार्यकर्ताओं ने दिल्ली उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है और अपनी रिहाई तथा मुआवजे की मांग की है।

कट्टरपंथी मुस्लिम संगठन के कथित आतंकी संबंधों को लेकर उसके खिलाफ देश भर में की गई कार्रवाई के तहत उसके लोगों को गिरफ्तार किया गया था। इन लोगों का दावा है कि उन्हें गैर-कानूनी तरीके से हिरासत में लिया गया है।

न्यायमूर्ति सिद्धार्थ मृदुल और न्यायमूर्ति अमित शर्मा की पीठ के समक्ष इस संबंध में पीएफआई कार्यकर्ताओं की ओर से तीन अलग-अलग याचिकाएं दायर की गईं। पीठ ने याचिकाकर्ताओं के वकील को अपने मामले का समर्थन करने के लिए अतिरिक्त दस्तावेज और प्रासंगिक निर्णयों से संबंधित दस्तावेज भी दाखिल करने का समय दिया है।

पीठ ने मामले को आगे की सुनवाई के लिए 21 नवंबर को सूचीबद्ध किया है। सुनवाई के दौरान, दिल्ली पुलिस ने याचिकाओं की स्थिरता पर प्रारंभिक आपत्ति जताई और कहा कि बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिकाएं झूठ नहीं हो सकतीं क्योंकि अधिकतर याचिकाकर्ताओं को जमानत पर रिहा कर दिया गया है।

इस मामले में एक बंदी प्रत्यक्षीकरण याचिका दायर की गई है जिसमें एक ऐसे व्यक्ति को पेश करने का निर्देश देने की मांग की गई है जो लापता है या जिसे अवैध रूप से हिरासत में लिया गया है।

# करवा चौथ आज : बाजारों में रौनक, साड़ी-आभूषण की खरीदारी

## राजधानी में ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगाने वालों की मांग बढ़ी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



फोटो: रंजन डिमरी

पति की लंबी उम्र के लिए रखा जाने वाला व्रत करवा चौथ बृहस्पतिवार को यानी 13 अक्टूबर को है। इसी के मद्देनजर दिल्ली एनसीआर के बाजारों में इससे जुड़े सामानों की मांग भी बढ़ गई है। सुहागिनों की सजने-संवरने की तैयारी तेज हो गई है।

करवा चौथ को देखते हुए बाजारों में श्रृंगार से जुड़े सामानों, ब्यूटी पार्लर और मेहंदी लगाने वालों की मांग बढ़ गई है। अभी पिछले कुछ दिनों से लगातार बारिश हो रही थी। इस वजह से बाजारों में दुकानदार थोड़े मायूस हैं। साथ ही पिछले दो साल से सभी त्योहार कोरोना के साए में ही मन रहे थे। इसलिए न तो बाजार में उत्साह था और न ही मनाने वालों के मन में। लेकिन, इस साल कोरोना का न तो कोई प्रतिबंध है और न ही लोगों में कोई डर है। इस वजह से करवा चौथ के अवसर पर कनाट प्लेस, चांदनी चौक, करोलबाग, साउथ एक्सटेंशन, रोहिणी, द्वारका, साकेत, गोल मार्केट, पहाड़गंज आदि इलाकों में काम करने वाले मेहंदी कलाकारों की डिमांड बढ़ गई है। साथ ही दुकानदारों के चेहरे भी खीले हुए हैं।

वैसे तो कपड़े, चूड़ी और आभूषण के साथ ही सौंदर्य प्रसाधन की दुकानों पर भीड़ी दिख रही है। साड़ी की दुकानों पर जमकर खरीदारी हो रही है। बाजार में कई तरह की साड़ियां आ गई हैं, जो कि महिलाएं को लुभा रही हैं। सबसे ज्यादा मांग बनारसी, जरकिन और सिल्क की साड़ियों की है।

### खिले व्यापारियों के चेहरे

पिछले वर्ष कोरोना संक्रमण की मार थी। बाजार में रौनक नहीं थी। ग्राहकों के न आने से व्यापारी भी निराश थे। इस साल हालात सामान्य हुए तो खरीदारी बढ़ गई। बाजार में ग्राहकों की भीड़ आने से व्यापारी भी खुश नजर आ रहे हैं। एक कपड़ा व्यवसायी ने बताया पिछला वर्ष घाटे में रहा अबकी त्योहार में लाभ की उम्मीद की जा सकती है।

### ऑनलाइन कर रहीं खरीदारी

ऑनलाइन में भी महिलाएं खासा रुचि ले रही हैं। वह घर बैठे ही साड़ियां पसंद कर मोबाइल से आर्डर दे रही है। विभिन्न कंपनियों ने त्योहार को देखते हुए आकर्षक छूट दे रखी है। इससे साड़ियों की आनलाइन मांग भी बढ़ गई है। सिल्क और कैटवाक साड़ी के अलावा गाउन और क्राप टाप, गरारा, कुर्ती और प्लाजो भी खूब खरीदा जा रहा है।



### आभूषण महिलाओं की पहली पसंद

करवाचौथ के लिए महिलाएं आभूषणों में हार, नेकलेस, बुंदे, कंगन और अंगूठी खरीदती हैं। स्वर्ण आभूषणों के अलावा हाल के वर्षों में डायमंड और आर्टिफिशियल ज्वैलरी की मांग भी तेजी से बढ़ी है। करवा चौथ को ध्यान में रखते हुए ज्वैलर्स द्वारा सोने के गहनों पर मेकिंग चार्ज और डॉयमंड ज्वैलरी पर 10 से 20 फीसदी तक छूट दे रहे हैं।

### मिट्टी का डिजाइनर करवा-पूजा की थाली

मिट्टी के बने लेकिन गोटे से सजे करवा की मांग ज्यादा है। कांसा का करवा भी खूब बिक रहा है। मिट्टी के करवा की कीमत 20 रुपये से लेकर 50 रुपये तक है। कांसे का करवा 500 रुपये से शुरू होता है। ग्राहकों की सहूलियत के लिए दुकानदारों के पास पूजा की पूरी थाली भी उपलब्ध है।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अक्टूबर, 2022



# राष्ट्रीय सरस मेले पर चढ़ा करवाचौथ का रंग, महिलाओं की रही भीड़

### महिलाओं ने साड़ी, सूट आर्टिफिशियल ज्वेलरी और सौंदर्य प्रसाधनों की करी खरीदारी

संजय कुमार मेहरा। गुरुग्राम


गुरुग्राम के सेक्टर-29 स्थित राष्ट्रीय सरस मेले में खरीदारी करती महिलाएं।

**मौसम** खुलते ही सेक्टर-29 के लेजरवैली ग्राउंड में लगे सरस मेले में रोनक लौटने लगी है। करवाचौथ की खरीदारी से राष्ट्रीय सरस आजीविका मेला गुलजार हो उठा है। यहां सात से 23 अक्टूबर के बीच आयोजित किए जा रहे इस मेले में शुरुआती दौर में भले ही बारिश की वजह से रंग में भंग पड़ गया था, लेकिन मौसम साफ होते ही महिलाओं के इस पसंदीदा त्योहार के चलते सरस की खोई रौनक फिर से लौट आई है। करवाचौथ पर्व के एक दिन पूर्व मेला परिसर में महिलाओं की खूब भीड़ रही। महिलाओं ने यहां से ज्वेलरी, साड़ी, सूट व मेकअप का सामान खरीदा।

करवाचौथ के लिए हमारे पारंपरिक बाजारों में विशेष तैयारियां की जाती हैं, लेकिन गुरुग्राम में पहली बार आयोजित राष्ट्रीय सरस आजीविका मेले की अवधि में करवाचौथ का त्यौहार भी शामिल है। ऐसे में देश के विभिन्न राज्यों से आई हमारी महिलाशक्ति द्वारा सरस मेले में भी खास तैयारियां की गयी हैं। आमतौर पर हमारे भारतीय रीति-रिवाजों में नारी श्रृंगार के लिए सोने अथवा चांदी के आभूषण पहनने का चलन है, लेकिन पिछले कुछ समय से आए पारंपरिक बदलावों के चलते महिलाओं की पसंद और चलन को देखते हुए बाजार में भी फैशनेबल व डिजाइनर गहनों को वरीयता दी जा रही है।

हरियाणा राज्य आजीविका मिशन से दीप्ति ढींढसा के मुताबिक सरस मेले में गुरुग्राम के बाजारों से कम दाम पर मिल रहे पायल एवं बिच्छू, डिजाइनर चेन, डिजाइनर अंगूठी व नेकलेस महिलाओं की खासी पसंद बने हुए हैं। सुहागिनों के लिए बेहद खास इस त्योहार को लेकर मेले में मिल रही डिजाइनर थाली भी महिलाओं को खूब लुभा रही है। लाल रंग के वेलवेट पेपर से सजी थाली में तांबे का लोटा, दीपक और धूप-अगरबत्ती स्टैंड बना हुआ है। इसके अलावा मिट्टी के करवे एवं दीयों को भी नया लुक दिया गया है।

#### श्रृंगार है महिलाओं के लिए महत्वपूर्ण

**महिलाओं** के लिए श्रृंगार में चूड़ियों का विशेष महत्व है। चूड़ियों के प्रति आकर्षण तब अधिक बढ़ जाता है यदि वो लाख से बनी हो। यही कारण है कि सरस मेले में आई पर्यटक महिलाएं विभिन्न स्टाल पर जमकर इनकी खरीदारी कर रही है। विभिन्न राज्यों के स्टाल पर बिक रही चूड़ियों को ना सिर्फ अलग अलग रंग व रूप दिया गया है, बल्कि रेशमी धागों का उपयोग कर उन पर विभिन्न प्रकार की आकृतियां भी बनाई गई हैं। इसके अलावा साड़ियों के स्टाल पर बिहार, महाराष्ट्र, बंगाल व राजस्थान सहित अन्य प्रदेशों से आई विभिन्न महिलाओं के समूहों द्वारा टीम वर्क के साथ तैयार की गई बनारसी, जयपुर, कोलकाता व औरंगाबाद की साड़ियों की विशाल रेंज देखी जा सकती है। इसके साथ ही हमारी पारंपरिक कला यानी हैंड वर्क किए रेडीमेड सूट और लहंगे भी सहज ही उपलब्ध हैं।

## संक्षिप्त-समाचार

### सफाई कर्मियों की भूख हड़ताल दूसरे दिन भी रही जारी



**सोहना।** नगर परिषद के सफाई कर्मियों न अपनी मांगों को लेकर दूसरे दिन बुधवार को भी भूख हड़ताल जारी रखी। सफाई कर्मी मंगलवार से दो दिन की भूखहड़ताल पर हैं। मंगलवार को अपनी मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे नगर परिषद के सफाई कर्मी बुधवार को भी भूख हड़ताल पर रहे। कर्मचारी यूनिट प्रधान विक्रम सिंह ने बताया कि यूनियन के जैसे भी आदेश आएंगे। वे उसके अनुसार कार्य करेंगे। अध्यक्ष ने कहा कि यह आंदोलन अभी शांत होने वाला नहीं है। यूनियन जल्द ही प्रदेश स्तर पर आंदोलन को लेकर जाने की योजना बना रही है। उन्होंने बताया कि दूसरे दिन भी 11 कर्मचारी पूरे दिन भूख हड़ताल पर रहे। विक्रम सिंह का कहना है कि कर्मचारियों को कभी अपना हौसला नहीं तोड़ना चाहिए। कर्मचारी की एकता में सबसे बड़ी ताकत होती है। जिस दिन कर्मचारी आर-पार की लड़ाई के मूड़ में सड़कों पर उतर जाएगा। उस दिन से सरकार को अपने आपको बचाना मुश्किल हो जाएगा। उसके बाद अधिकारी नहीं कर्मचारी उनका फैसला लिखेंगे।

### गाड़ी बेचने के नाम पर लाखों रुपये ठगे, मामला दर्ज

**सोहना।** भोंडसी थाना पुलिस ने कमिश्नर की शिकायत पर गाड़ी बेचने के नाम पर दो लाख 65 हजार की ठगी करने वाले महिन्द्रा शोरुम के दो कर्मचारियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। जिला नूंह के वार्ड-12 निवासी मुकेश ने पुलिस को बताया कि भोंडसी स्थित महिन्द्रा शोरूम पर मोनू उर्फसूखा खटाना व हवासिंह मलिक ने मिलकर उससे दो गाड़ियां बेचने के नाम पर दो लाख 65 हजार रुपये ठग लिए। मुकेश ने बताया कि दोनों आरोपियों से उससे 30 अगस्त को गाड़ियों का सौंदा किया और दोनों गाड़ी महिन्द्रा की यार्ड में चलने की बातें कही थीं। उसकी मुलाकात नूंह निवासी खालिद ने कराते हुए पहले दिन ही गाड़ियों को सौंदा कराने के दौरान 30 हजार रुपये नकद दिलवा दिए। उसके दूसरे दिन मोनू उर्फ सूखा खटाना ने फोन करके एक लाख रुपये फोन पे पर मंगवा लिए। आरोपियों ने तीन सितम्बर को 65 हजार रुपये अपने खाते में डलवाए। तीन सितम्बर को वह अपने साथ नूंह निवासी नसीम और हाकम को लेकर मोनू उर्फ सूखा के पास पहुंचा। दोनों ने नसीम व हाकाम को एक तरफ करते हुए उसे अलग लेकर गए और उसे जाति सूचक शब्दों में गालियां देते हुए जान से मार देने की धमकिया भी दीं। भोंडसी थाना प्रभारी देवेंद्र सिंह का कहना है कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जल्द ही मामले की जांच करते हुए दोषी पाए जाने पर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

### पराली जलाने वाले किसानों पर 2500 रुपये प्रति एकड़ लगेगा जुर्माना

**गुरुग्राम।** जिला के सभी किसानों से अपील करते हुए उपायुक्त निशांत कुमार यादव ने कहा कि वह धान की कटाई के बाद पराली न जलाएं। उन्होंने कहा कि इससे पर्यावरण को नुकसान तो पहुंचता ही है, इसके साथ ही पशु पक्षियों, पेड़ पौधों को भी नुकसान पहुंचता है। भावी पीढ़ियों की खुशहाली के लिए हमें पर्यावरण को स्वच्छ रखना सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। डीसी ने कहा कि पराली जलाने से रोकने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद है। जिला प्रशासन की ओर से जिला स्तर, उपमण्डल स्तर, खण्ड स्तर व गांव स्तर निगरानी के लिए टीमों का गठन किया गया है। यदि फिर भी कोई किसान पराली जलाता हुआ पाया जाता है तो 2500 रुपये प्रति एकड़ व प्रति किसान जुर्माना किया जाएगा। इसके लिए पर्यावरण नियंत्रण विभाग को निर्देश दिए गए हैं। जिला में किसानों की सुविधा के लिए पराली प्रबंधन से संबंधित यंत्र लेने पर 50 प्रतिशत की छूट व कस्टम हायरिंग सेन्टर जो कि किसी पंजीकृत किसान समूह या पंचायत को 80 प्रतिशत अनुदान पर उपलब्ध कराए गए हैं। पराली प्रबंधन यंत्र जैसे कि सुपर सीडर, जीरो टीलेज मशीन, स्ट्रा रीपर, स्ट्रा मलचर, रीपर बाइंडर, एमबीपलो इत्यादि का प्रयोग करके अपनी पराली का सदुपयोग करते हुए पर्यावरण संरक्षण में अपनी नैतिक जिम्मेदारी निभाए।

# महेंद्रवाड़ा में रास्ते किए बंद 15 गांवों का संपर्क टूटा

### पिछले तीन दिन से ग्रामीणों ने गांव के दो रास्तों को बंद किया है

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना खंड की ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा में ग्रामीणों द्वारा रास्ता बंद करने के लिए डाले गए पत्थर।

**ग्राम** पंचायत महेन्द्रवाड़ा के ग्रामीणों ने पंचायती रास्तों में भवन सामग्री व ईंट-पत्थर डालकर बाहरी लोगों के लिए रास्ते बंद कर दिए हैं। पंचायती रास्तों को बंद किए जाने से आसपास के गांवों के ग्रामीणों में भारी रोष है। जल्द ही प्रशासनिक अधिकारियों से शिकायत की जाएगी।

किसी भी गांव का सरकारी रास्ता स्थानीय ग्रामीणों की संपत्ति न होकर वह राष्ट्र हित में होता है। लेकिन ग्राम पंचायत महेन्द्रवाड़ा के स्थानीय निवासियों ने गांव के दो मुख्य पंचायती रास्तों से वाहनों के आवागमन पर पूर्णरूप से रोक लगाने के इरादे से ईंट-पत्थर या अन्य ठोस कचरा डालकर बंद कर दिया है। जबकि ये रास्ते सोहना-गुरुग्राम एलिवेटेड मार्ग से लगते गांव अलीपुर, घामडौज, रायसीना, हरियाहेड़ा, सोहना ढाणी और भोंडसी से सिलानी जाने वाला परमिट मार्ग से लगते गांव खेड़ला, अभयपुर, दमदमा, बहलपा, रिठौज, सहजावास, दौला, हरचंदपुर आदि गांवों को जोड़ते हैं। इन पंचायती रास्तों से ग्रामीणों का एक से दूसरे गांव जाना-आना होता है। लेकिन पिछले तीन दिन से महेन्द्रवाड़ा के ग्रामीणों ने इन रास्तों को निजी तौर पर बंद कर दिया है।

#### क्या कहते हैं ग्रामीण

दमदमा निवासी, कांग्रेस नेता सतबीर पहलवान का कहना है कि महेन्द्रवाड़ा गांव में पंचायती रास्तों को बंद करना गलत है। इससे आपसी भाईचारा समाप्त होता है। एक गांव से दूसरे गांव जाने का रास्ता बंद होता है। जबकि पंचायती रास्ते सरकारी की संपत्ति है। श्यामलाल का कहना है कि जल्द ही इस संबंध में पुलिस से लेकर बीडीपीओ और एसडीएम को लिखित में शिकायत दी जाएगी।

> “पंचायती रास्तों को बंद करना गैर कानूनी है। ग्रामीण बड़े वाहनों के आवागमन पर रोक लगा सकते हैं। इस संबंध में ग्रामीण सचिव को पंचायत में जाकर ग्रामीणों को समझाने तथा सरकारी रास्तों को खोलने को कहा गया है।
> **परमेन्द्र सिंह-बीडीपीओ सोहना।**
> पंचायत विभाग या ग्रामीणों द्वारा शिकायत मिलने पर रास्ता बंद करने वालों पर जांच करने के बाद कानूनी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।
> **देवेन्द्र सिंह-भोंडसी थाना प्रभारी।”**

### परिवार पहचान पत्र की त्रुटियां दूर करने को जोनल मैनेजर नियुक्त

**गुरुग्राम।** जिले में परिवार पहचान पत्र का कार्य प्रगति पर है। परिवार पहचान पत्र बनाने व परिवार पहचान पत्र में त्रुटियां दूर करने के लिए नागरिक संसाधन एवं सूचना विभाग ने गुरुग्राम जिला में विभिन्न स्थानों पर जोनल मैनेजर नियुक्त किए हैं। अतिरिक्त उपायुक्त एवं जिला नागरिक संसाधन सूचना अधिकारी विश्राम कुमार मीणा के दिशा निर्देशों पर ये पूर्ण रूप से प्रशिक्षित जोनल मैनेजर अपने-अपने क्षेत्र में गुरुग्राम के परिवार पहचान पत्र से संबंधित समस्याओं का निवारण करेंगे।

जिला प्रशासन के प्रवक्ता ने बताया कि नगर निगम गुरुग्राम के जोन-1 के गांव दौलताबाद, धनकोट, हरसरू, खेड़की माजरा, खेड़की मोहम्मदहेड़ी सहित वार्ड 10 से 16 व वार्ड 20 से 24 के लोग जोनल मैनेजर राजकुमार के मोबाइल 9958017261, जोन दो में पड़ने वाले गांव बाबूपुर, बजघेड़ा, धरमपुर सहित वार्ड-1 से 9 व वार्ड-17 से 19 के लोग जोनल मैनेजर अनिल कुमार के मोबाइल-7303999291, जोन तीन के वार्ड-28 से 35 के लोग जोनल मैनेजर ललित के मोबाइल नम्बर-8920021252, जोन चार के गांव आदमपुर बलोला, बंधवाड़ी, बादशाहपुर, बहरामपुर, भोंडसी, दरबारीपुर, धूमसपुर, ग्वाल पहाड़ी, जसोला, कादरपुर, मैदावास, उल्लावास सहित वार्ड 25 से 27 व 29, 36 के नागरिक जोनल मैनेजर विकास हुड्डा के मोबाइल नंबर 9891389009 पर संपर्क कर सकते हैं।

### मनजीत सिंह, चंद्रमणि भारद्वाज ने विधायक नागर को दी जन्मदिन की बधाई


दादरी के विधायक तेजपाल नागर को जन्मदिन की बधाई देते भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह व जिला आईटी संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज।

#### धूमधाम से मनाया गया दादरी के विधायक तेजपाल का जन्मदिन

**नोएडा।** दादरी के विधायक तेजपाल नागर का बुधवार को जन्मदिवस दादरी स्थित कार्यालय पर बड़ी धूमधाम से मनाया गया। उन्हें जन्मदिन पर बधाई देने वालों का तांता लगा रहा। प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, क्षेत्रीय सांसद डॉ. महेश शर्मा ने पत्र के माध्यम से विधायक तेजपाल नागर को शुभकामनाएं भेजीं।

भारतीय जनता पार्टी के जिला कार्यकारिणी सदस्य एवं जयपुर विधानसभा के युवा नेता मनजीत सिंह, गौतमबुद्ध नगर के जिला संयोजक चंद्रमणि भारद्वाज ने विधायक तेजपाल नागर के आवास पर जाकर पुष्प गुच्छ भेंट कर उन्हें जन्म दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। साथ ही क्षेत्र की खुशहाली और तरक्की के लिए निरंतर प्रयासरत विधायक तेजपाल नागर की लंबी उम्र की कामना की। विधायक ने अपने जन्मदिवस पर कार्यकर्ताओं द्वारा दी गई बधाइयों पर सभी का धन्यवाद किया। साथ ही कहा कि वे क्षेत्र के विकास में और भी अधिक जोश के साथ काम करेंगे।

भाजपा युवा नेता मनजीत सिंह ने कहा कि विधायक तेजपाल नागर के नेतृत्व में क्षेत्र में काफी तरक्की हुई है। वे हर समय यहां विकास के कार्यों को आगे बढ़ाने में लगे रहते हैं। हर कार्यकर्ता, हर क्षेत्रवासी उनके द्वारा किए गए और कराए जा रहे कार्यों को खुश व संतुष्ट है। मनजीत सिंह ने कहा कि दादरी विधानसभा क्षेत्र दिल्ली-एनसीआर का महत्वपूर्ण क्षेत्र है। यहां का विस्तार काफी हुआ है। ऐसे में यहां के जनप्रतिनिधि भी सदैव यहां के विकास को लेकर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर अग्रणी रहते हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी दादरी में विकास कराने के लिए विधायक की हर मांग को पूरा करते हैं।

# पटाखों में आग लगने से उड़ी घर की छत, छह सदस्य घायल

### गुरुग्राम के गांव नखड़ौला के एक घर की है घटना

### जोरदार धमाके से आसपास के लोगों में मच गई भगदड़

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम



गुरुग्राम के गांव नखड़ौला में घर में पटाखों में विस्फोट से उड़ी घर की छत। गुरुग्राम के गांव नखड़ौला में पटाखों के विस्फोट से आग लगने के बाद घर की हालत।

**जिले** के गांव नखड़ौला स्थित एक घर में रखे पटाखों में आग लगने से इतना भयंकर विस्फोट हुआ कि घर के तीन कमरों की छत ही उड़ गई। छत के मलबे में परिवार के छह सदस्य दब गए। बुरी तरह से घायलवास्था में उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया। सूचना पाकर फायर ब्रिगेड व खेड़कीदौला थाना पुलिस मौके पर पहुंची।

जानकारी के अनुसार नखड़ौला गांव निवासी भगवान दास (40) पटाखे बेचते हैं। सामान्य दिनों की तरह बुधवार को भी घर में उनके परिवार के सदस्यों के साथ घर आया एक रिश्तेदार भी मौजूद था। इसी दौरान घर में रखे पटाखों में आग लगने के साथ ही विस्फोट हो गया। इस विस्फोट में घर के तीन कमरों की छत उड़ गई। घर में मौजूद भगवान दास, तनुज (10), छवि (12), मनीष (20) के अलावा घर आया रिश्तेदान सतीश (40) व एक अन्य आदमी मलबे में दब गए। धमाके की आवाज सुनकर आसपास के लोग भी सहमे हुए घर से बाहर निकले। इस दौरान देखा कि भगवान दास के घर की छत पूरी तरह से गिर चुकी है और लोग मलबे में दबे हैं। आनन-फानन में उन्हें निकालने का काम शुरू किया गया। ग्रामीणों ने घटना की सूचना पुलिस को दी। खेड़कीदौला पुलिस और फायर ब्रिगेड, सिविल डिफेंस कर्मचारी मौके पर पहुंचे और बचाव का काम शुरू किया। सभी घायलों को निकालकर सेक्टर-90 स्थित आर्वी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जिस घर में धमाका हुआ, उसके आसपास के कई घरों को भी नुकसान पहुंचा है। लोगों ने बताया कि मकान में पटाखे बेचने के साथ जयभगवान पटाखे बनाते भी थे।

खेड़कीदौला थाना प्रभारी इंस्पेक्टर राजेंद्र सिंह के मुताबिक आग लगने से सभी झुलस गए हैं। मलबे के नीचे दबने से काफी चोट भी है। समाचार लिखे जाने तक किसी भी घायल के बयान दर्ज नहीं हो पाए थे। अभी पुलिस जांच करेगी कि यहां पटाखे अवैध रूप से बनाए जा रहे थे या कोई लाइसेंस था। हालांकि दीवाली के त्योहार को देखते हुए गुरुग्राम में सिर्फ ग्रीन पटाखे बनाने व चलाने की अनुमति है। कोई भी कमी पाई गई तो आरोपी के खिलाफ केस दर्ज किया जाएगा।

# बीडीपीओ से डीडीपीओ बनीं नवनीत कौर के कार्यकाल को सरपंचों ने सराहा

### नवनीत कौर का सरपंच एसो. ने किया स्वागत और सम्मान

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम


गुरुग्राम में बीडीपीओ से डीडीपीओ बनीं नवनीत कौर का सम्मान करते सरपंच।

**गुरुग्राम** में खंड विकास एवं पंचायत अधिकारी (बीडीपीओ) रहीं नवनीत कौर पदोन्नत होकर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी (डीडीपीओ) बन गई हैं। उन्हें नूंह जिला में नियुक्ति मिली है। बुधवार को सरपंच एसोसिएशन की ओर से उनका स्वागत करते हुए उन्हें पदोन्नति की बधाई दी गई।

डीडीपीओ नवनीत कौर के गुरुग्राम में बेहतरीन कार्यकाल के लिए भी सरपंच एसोसिएशन ने उन्हें बधाई दी। सभी सरपंचों की ओर से उन्हें पगड़ी, शॉल और पौधा भेंटकर सम्मान किया गया। इस अवसर पर सुन्दर लाल यादव सरपंच, लक्ष्मण यादव सरपंच, लखन सरपंच विजयपाल, सरपंच हरजस यादव, सरपंच अजय, सरपंच कुकड़ोला, संजय यादव, फिल्बी रियल एस्टेट के एमडी पंकज यादव रामपुरा, सुखराम यादव शिकोहपुर सहित अनेक गणमान्य लोगों ने नवनीत कौर को नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं दी। सुंदर लाल यादव ने कहा कि बीडीपीओ के पद पर रहते हुए श्रीमती नवनीत कौर ने पंचायतों के लिए बेहतर कार्य किए हैं। गांवों के विकास में उनका योगदान सदा याद रखा जाएगा। निष्पक्षता के साथ उन्होंने अपने पद पर रहते हुए काम किए हैं। सभी सरपंचों ने कहा कि नवनीत कौर जैसे अधिकारियों की जरूरत है, जो अपने काम को ड्यूटी के साथ जिम्मेदारी समझकर करते हैं। उन्होंने हर काम को प्रमुखता से किया और गांवों के विकास में अहम भूमिका निभाई। इसी अच्छाई की वजह से उनका कार्यकाल सदा याद रखा जाएगा।

# बाजरे की सरकारी खरीद 11 दिन के बाद बंद, किसान हो रहे परेशान

पायनियर समाचार सेवा। सोहना


सोहना अनाज मंडी में बुधवार को बाजरे की सफाई करते मजदूर।

**स्थानीय** अनाज मंडी में हेफेड ने बुधवार से बाजरे की सरकारी खरीद बंद कर दी है। हेफेड़ मात्र 11 दिन में 217 क्विंतल बाजरे की खरीद की है। जबकि स्थानीय मंडी में बाजरे की आवक 10,212 क्विंटल हुई है।

बीते 11 दिन तक चली बाजरे की सरकारी खरीद के दौरान हेफेड ने आधे-अधूरे मन से किसानों का 217 क्विंटल 50 किलोग्राम बाजरा खरीदा है। जबकि बुधवार से स्थानीय मंडी में हेफेड द्वारा बाजरे की खरीद पर रोक लगा दी है। एक से 11 अक्टूबर के बीच 11 दिनों में किसानों द्वारा कुल 7,315 क्विंटल बाजरा बेचने के लिए लाया गया है। 7097 किलो ग्राम बाजरा किसानों का निजी एजेंसियों ने खरीदा है। निजी एजेंसियों ने सरकारी कीमत से कम दर से खरीद की है। निजी एजेंसियों द्वारा बाजरे की खरीद 1600 से लेकर 1800 रुपये क्विंटल की दर से खरीदा है। जानकारी के अनुसार हेफेड ने बाजरे की खरीद के नियमों में कुछ परिवर्तन किया है। नये नियम लागू होने तक बाजरे की सरकारी खरीद बंद की है। जल्द ही नये नियम से बाजरे की खरीद को शुरू किया जाएगा।

#### किसानों में आक्रोश

बाजरे की सरकारी खरीद बंद होने से क्षेत्र के किसानों में भारी आक्रोश पनपने लगा है। किसान लखपत सिंह का कहना है कि सरकार बाजरा खरीदने का मात्र दिखावा कर रही है। पिछले दिनों हुई बारिश में बाजरे की फसल खराब हो गई है। सरकार इस लिए किसान के बाजरे की खरीद करने से अब मुंह मोड़ना चाहती है। किसान मांगेराम का कहना है कि सरकारी खरीद न होने से बाजरे की कीमत घट गई है। किसान आर्थिक दंगी के कारण अपने बाजरे को निजी एजेंसियों को औने-पौने भाव से बेचने के लिए मजबूर हो गया है।

हेफेड इंस्पेक्टर ओमप्रकाश नेहरा ने बताया कि जिनता भी बाजरा सरकारी दर के अनुसार खरीदा है। वह केवल सरकार द्वारा निरधारित मानक के अनुसार ही लिया है। 65 से 70 फीसदी बाजरा सरकारी खरीद के नियमों को पूरा नहीं कर सका है।

# कन्या महाविद्यालय में हुई मेहंदी प्रतियोगिता में सुभाना प्रथम


सेक्टर-14 स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में प्रतियोगिता में मेहंदी दिखाती शिक्षिकाएं।

### आर्टिफिशियल ज्वेलरी की भी लगाई स्टॉल

**गुरुग्राम।** राजकीय कन्या महाविद्यालय सेक्टर-14 में बुधवार को करवाचौथ के उपलक्ष्य में मेहंदी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। महिला प्रकोष्ठ की ओर से यह कार्यक्रम किया गया। इस दौरान छात्राओं ने शिक्षिकाओं के हाथों पर भी मेहंदी लगाई।

प्राचार्य डा. रमेश गर्ग और महिला प्रकोष्ठ के सभी सदस्यों की उपस्थिति में होम साइंस विभाग में यह आयोजन किया गया। कालेज की 60 छात्राओं ने मेहंदी प्रतियोगिता में भाग लिया। मेहंदी प्रतियोगिता में बीएससी नॉन मेडिकल द्वितीय वर्ष की छात्रा सुभाना प्रथम, बीकॉम पास कोर्स प्रथम वर्ष की छात्रा दीया दूसरे और बीए ऑनर्स प्रथम वर्ष की छात्रा अन्नु तीसरे स्थान पर रही।

इस अवसर पर छात्राओं ने खुद की बनाई हुई ज्वैलरी की स्टॉल लगाई गई। वहां से छात्राओं के साथ शिक्षिकाओं ने ज्वैलरी खरीदी, मेहंदी लगवाई। दो छात्राओं की ओर से स्केचिंग की स्टॉल भी लगाई गई। बुधवार को कालेज परिसर में भी करवाचौथ की ही धूम रही।

# डाबर ओडोमॉस ने शुरू किया विशाल अभियान #मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री

### ब्राण्ड लोगों को डेंगु और मलेरिया से बचने के लिए कर रहा है जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। मेरठ

**मच्छरों** से फैलने वाली बीमारियों से शहर को बचाने के प्रयास में, डाबर की ओर से भारत के सबसे पसंदीदा पर्सनल ऐप्लीकेशन मोस्क्युटो रेपेलेन्ट ब्राण्ड-ओडोमॉस- ने बुधवार को यूपी में एक विशाल अभियान #मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री की शुरुआत की है। इस अभियान के तहत ओडोमॉस 70 शहरों के 20 लाख लोगों तक पहुंचेगा और उन्हें डेंगु और मलेरिया के बारे में जानकारी देगा, इस अभियान में उन्हें बताया जाएगा कि वे किस तरह मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से अपने आप को बचा सकते हैं। साथ ही अभियान के तहत लोगों को मुफ्त ओडोमॉस मोस्क्युटो रेपेलेन्ट क्रीम भी बांटी जाएगी।

डाबर इंडिया लिमिटेड के एजीएम कन्ज्यूमर मार्केटिंग रजत माथुर ने कहा, डेंगु से बचने के लिए रोकथाम के उपायों पर ध्यान देना बहुत जरूरी है। हम लोगों को इसके बारे में जागरूक बनाना चाहते हैं ताकि वे डेंगु एवं मच्छरों से फैलने वाली अन्य बीमारियों से अपने आप को सुरक्षित रख सकें। मेकिंग इंडिया डेंगु फ्री इसी दिशा में हमारा एक प्रयास है। अभियान के तहत डाबर ओडोमॉस सार्वजनिक क्षेत्रों जैसे बस टर्मिनलों, रेलवे स्टेशनों पर जागरुकता सत्रों का आयोजन भी करेगा, जिनके जरिए लोगों को डेंगु से बचाव के बारे में जानकारी दी जाएगी। यह अभियान भारत के पांच राज्य दिल्ली, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र, पंजाब और राजस्थान में शुरू किया गया।

‘एक ब्राण्ड के रूप में ओडोमॉस लोगों को डेंगु एवं मच्छरों से फैलने वाली अन्य बीमारियों से सुरक्षित रखने के लिए प्रयासरत है। अपने इन्हीं प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए हमने लोगों को डेंगु की रोकथाम के बारे में जागरूक बनाने के लिए इस सामाजिक अभियान की शुरुआत की है। क्योंकि हाल ही के महीनों में डेंगु के मामलों में तेज़ी से बढ़ोतरी हुई है। ऐसे में जरूरी है कि लोगों को इससे बचाव के तरीकों के बारे में जागरूक बनाया जाए, ताकि वे अपने आप को डेंगु से सुरक्षित रख सकें। अभियान के तहत हम डेंगु और मलेरिया से बचने के तरीकों के बारे में जागरुकता बढ़ाएंगे।

डाबर इंडिया लिमिटेड के मार्केटिंग मैनेजर-होम केयर, संतोष जयसवाल ने कहा, ऐसे में जरूरी है कि हम अपने साथ-साथ बच्चों की सुरक्षा पर भी ध्यान दें। बच्चे चाहे घर से बाहर खेलने जाएं या घर के कमरे में रहें, उन्हें मच्छरों से बचाना बहुत जरूरी है। ओडोमॉस सबसे पसंदीदा पर्सनल ऐप्लीकेशन प्रोडक्ट है जो मच्छरों से संपूर्ण सुरक्षा प्रदान कर कई जानलेवा बीमारियों से बचाता है। दिन हो या रात, आप घर में हों या घर के बाहर, मच्छरों से बचने के लिए ओडोमॉस जरूर लगाएं। श्री जयसवाल ने अपनी बात को जारी रखते हुए कहा।

# करवां चौथ को लेकर बाजारों में सुहागिनों की उमड़ी भीड़

कविता। फरीदाबाद

**करवाचौथ** का त्योहार विवाहित स्त्रियों के लिए सबसे खास पर्व है। सुहागिन स्त्रियां पति की दीर्घायु के लिए इस व्रत को रखती हैं। बृहस्पतिवार को करवाचौथ का पर्व होने से बाजारों में बुधवार को भीड़ जुटी हुई थी। कहीं महिलाएं सुहाग के नाम की मेहंदी हाथों में रचवाती दिखीं, तो कहीं करवाचौथ के व्रत का सामान खरीदते हुए। पायनियर ने बाजारों में आई स्त्रियों से बात की, तो उन्होंने बताया कि इस व्रत का उन्हें पूरे साल इंतजार रहता है। कुछ महिलाओं ने कहा कि वह पहली बार इस व्रत को रखेंगी।

करवा चौथ के मौके पर पार्लर और मेहंदी लगाने वालों की दुकानों पर काफी भीड़ थी। पार्लर में इस बार महिलाओं को लुभाने के लिए कई ऑफर और छूट दी गई। वहीं मेहंदी की दुकानों पर पूरे दिन भीड़ लगी रही। यहां सौ से हजारों रुपये में महिलाएं मेहंदी लगवाती हुई नजर आईं। इसी तरह से ज्वेलर्स की दुकानों पर भी करवा चौथ पर्व की रौनक देखने को मिली।




एनएच-एक में दुकान पर सजे सुहाग का सामान खरीदती महिलाएं। हाथों में मेहंदी लगाये हुए सराय ख्वाजा में महिलाएं।

**पति की लम्बी उम्र का व्रत :** बाजार में आई एक महिला ने बताया कि इस दिन सभी महिलाएं पति की लंबी उम्र के लिए व्रत करती हैं। करवा चौथ में व्रत के साथ-साथ 16 श्रृंगार भी करती है। उन्होंने कहा कि इसका काफी महत्व होता है। मान्यता है कि करवा चौथ के व्रत की पूजा के दौरान 16 श्रृंगार से सजना शुभ होता है। इस 16 श्रृंगार में सिंदूर, मंगलसूत्र, बिंदी जैसे 16 सामान होते हैं। सुहाग की इन्हीं 16 चीजों से सजकर महिलाएं चांद की पूजा करती हैं और अपना व्रत खोलती हैं।

**16 श्रृंगार और पूजा का सामान :** दुकानदारों ने बताया कि महिलाओं के 16 श्रृंगारों में मंगलसूत्र, बिंदी, मेहंदी, लाल रंग के कपड़े, चूड़ियां, बिछिया, काजल, नथनी, कर्णफूल (ईयररिंग्स), पायल, मांग टीका, तगड़ी या कमरबंद, बाजूबंद, अंगूठी, गजरा होता हैं। उन्होंने कहा कि आज हर महिला एक-दूसरे से ज्यादा सुंदर दिखने का प्रयास कर रही है। करवा चौथ का त्योहार दीपावली से नौ दिन पहले मनाया जाता है। हिन्दू पंचांग के अनुसार करवा चौथ का व्रत हर साल कार्तिक मास की चतुर्थी को होता है। करवा चौथ में पूजा की थाली में छलनी, मिट्टी का टोंटीदार करवा और ढक्कन, करवा चौथ की थाली, दीपक, सिंदूर, फूल, मेवे, फल, रूई की बत्ती, कांस की तीलियां, करवा चौथ कैलेंडर, मिठाई, रोली और अक्षत (साबुत चावल), आटे का दीया, धूप या अगरबत्ती, पानी का तांबा या स्टील का लोटा, आठ पूरियों की अठावरी और हलवा, दक्षिणा आदि सामान रखा जाता है।

## चैंपियनशिप में हरियाणा के 92 खिलाड़ी लेंगे भाग

**फरीदाबाद।** एथलेटिक्स हरियाणा के मीडिया प्रभारी एवं जिला कार्यकारी अध्यक्ष सत्यवीर धनखड़ के द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 61वीं सीनियर ओपन एथलेटिक्स चैंपियनशिप बैंगलोर (कर्नाटक) में 15 से 19 अक्टूबर तक पांच दिवसीय प्रतियोगिता में एथलेटिक्स हरियाणा के 54 पुरुष और 38 महिलाओं सहित कुल 92 एथलीट खिलाड़ियों का दल भाग लेगा। जिला संघ सचिव एडवोकेट ओमवीर सिंह ने बताया कि मोहम्मद अता साजिद और गौरव फरीदाबाद लांग जंप, शाट पुट इवेंट में चेतन कपूर फरीदाबाद भाग लेकर हरियाणा राज्य का नाम रौशन करने का कार्य करेंगे। ओमवीर सिंह ने बताया कि भविका कथूरिया फरीदाबाद 800 मीटर मीटर दौड में अपना बेहतरीन खेल प्रदर्शन कर हरियाणा राज्य का झंडा राष्ट्रीय स्तर पर फहराने का कार्य करेगी।

# 32 लाख रुपये और जेवरात की लूट सुलझाने को तीन टीमें गठित

### बीती रात जवाहर कॉलोनी से दिल्ली जा रहे ज्वेलर्स के साथ हुई वारदात

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**जवाहर** कॉलोनी स्थित दुकान से 32 लाख रुपये और 750 ग्राम सोने के जेवरात लेकर बाइक से दिल्ली जा रहे एक ज्वेलर्स को हार्डवेयर प्याली रोड पर पर बाइक सवार बदमाशों ने रोक लिया। ज्वेलर्स के रूकते ही बदमाशों ने धक्का देकर उन्हें गिरा दिया। जिसके बाद बदमाशों ने ज्वेलर्स से मारपीट करते हुए नकदी और जेवरात से भरा बैग लूट लिया और मौके से फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के आला अधिकारियों के साथ स्थानीय पुलिस और अपराध शाखा की टीम भी मौके पर पहुंच गई। बदमाशों का सुराग लगाने के तीन टीमें गठित की गई हैं। पुलिस का दावा है कि जल्दी घटना का पर्दाफाश कर दिया जाएगा।



ज्वेलर्स शोरूम।



गणेश।

पुलिस के मुताबिक दिल्ली के करोल बाग इलाके में रहने वाले गणेश जवाहर कॉलोनी में चांद ज्वेलर्स के नाम से जेवरात की दुकान चलाते हैं। मंगलवार की रात करीब साढ़े आठ बजे उन्होंने अपनी दुकान बंद कर दी। इससे पहले उन्होंने 32 लाख रुपये की नगदी और 750 ग्राम सोने के जेवरात अपने बैग में रख लिये। जिसके बाद वह अपनी बाइक पर सवार को दिल्ली करोल बाग के लिए रवाना हो गए। रात करीब पौने नौ बजे के आसपास गणेश प्याली हार्डवेयर चौक रोड से गुजर रहे थे। उसी दौरान बाइक पर आए तीन बदमाशों ने ओवरटेक कर उनकी बाइक को रूकवा लिया। उनके रुकते ही बदमाशों ने उन्हें धक्का देकर गिरा दिया। गणेश के गिरते ही बदमाश उन पर झपट पड़े। बदमाशों ने मारपीट करते हुए उनसे नकदी और जेवरात से भरा बैग लूट लिया। जिसके बाद तीनों आरोपी अपनी बाइक पर सवार होकर मौके से फरार हो गए।

लूटपाट के बाद गणेश ने मौके से गुजर रहे लोगों की मदद से पुलिस को सूचना दे दी। थोड़ी ही देर में डीसीपी क्राइम, अपराध शाखा, थाना सारन और थाना मुजेसर की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस ने घटनास्थल का मुआयना करने के बाद पीड़ित गणेश से बदमाशों के हुलिये के बारे में पूछताछ शुरू कर दी। जिससे पता चला कि लूटी गई नकदी और जेवरात का बीमा था। इसके अलावा पुलिस द्वारा आसपास के इलाकों में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटैज को भी खंगाला जा रहा है। पुलिस प्रत्येक एंगल के साथ साथ वैज्ञानिक तरीकों से भी मामले की जांच की जा रही है।

मामले को सुलझाने के लिए अपराध शाखा सेक्टर 30, सेक्टर 48 और थाना पुलिस की तीन टीमें बनाई गई हैं। थाना मुजेसर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस प्रवक्ता सुबेसिंह ने कहा कि दस लाख से ज्यादा की कैश ट्रांजेक्शन अथवा हैंडलिंग करते समय कोई भी व्यक्ति पुलिस की मदद ले सकता है।

## सुपारी लेकर हत्या करने आए तीन बदमाश किए गिरफ्तार



हत्या के लिए सुपारी लेने के आरोप में गिरफ्तार नदीम, शाह आलम, दिनेश और सचिन।

### पुलिस ने सुपारी देने वाले को भी दबोचा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**क्राइम** ब्रांच बदरपुरबॉर्डर प्रभारी इंस्पेक्टर संदीप की टीम ने सुपारी लेकर मर्डर की वारदात को अंजाम देने आए तीन तथा सुपारी देने वाले आरोपी को गिरफ्तार करने में कामयाबी हासिल की है।

पुलिस प्रवक्ता सूबे सिंह ने बताया कि आरोपियों में नदीम शाह आलम दिनेश और सचिन का नाम शामिल है। आरोपी नदीम तथा शाह आलम दिल्ली के संगम विहार, आरोपी दिनेश पलवल तथा आरोपी सचिन फरीदाबाद के पल्ला एरिया का रहने वाला है। क्राइम ब्रांच की टीम पल्ला थाना एरिया में गश्त कर रही थी कि गुप्त सूचना सूत्रों से सूचना प्राप्त हुई कि आरोपी अवैध हथियार लेकर किसी वारदात को अंजाम देने की फिराक में है। सूचना पर तुरंत कार्रवाई करते हुए क्राइम ब्रांच की टीम ने आरोपी नदीम दिनेश तथा शाह अलम को काबू कर लिया। आरोपियों के कब्जे से एक देसी कट्टा, दो कारतूस तथा एक अवैध चाकू बरामद किया। आरोपियों को थाने लाकर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करके आरोपियों को अदालत में पेश करके पुलिस रिमांड पर लिया गया जिसमें पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी सुपारी लेकर पल्ला एरिया के रहने वाले गौरव नाम के व्यक्ति की हत्या करने की फिराक में थे। आरोपियों ने बताया कि यह सुपारी उन्हें सचिन नाम के व्यक्ति ने दी थी जिसमें उन्होंने हत्या के लिए डेढ़ लाख रुपये में डील पक्की की थी। आरोपियों ने बताया कि वह गौरव की रेकी कर रहे थे और मौका मिलते ही उसकी हत्या करने की फिराक में थे कि पुलिस ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। पुलिस पूछताछ में सामने आया कि आरोपी नदीम तथा शाह आलम के खिलाफ दिल्ली के संगम विहार में हत्या तथा लड़ाई झगड़े के कई मुकदमे दर्ज हैं।

# संक्षिप्त समाचार

## बालिका दिवस पर संस्कृतिक कार्यक्रम

**फरीदाबाद।** अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के उपलक्ष पर अग्रवाल पब्लिक स्कूल बल्लभगढ़ की ऑडिटोरियम में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. दिनेश गुप्ता आईएमए की फरीदाबाद ब्रांच के प्रेसिडेंट द्वारा की गई। कार्यक्रम का आयोजन पिंक हेल्थ (मदर विंग) के द्वारा किया गया। चीफ गेस्ट देवेन्द्र कुमार गुप्ता चेयरमैन विद्या प्रचारिणी सभा के करकमलों के द्वारा दीप प्रज्जवलित कर हुई। जिले भर के विभिन्न स्कूलों से आए बच्चों एवं बालिकाओं ने सांस्कृतिक प्रस्तुति पेश कीं। कार्यक्रम में डॉ. अनीशा महाजन (हरियाणा स्टेट एमपी एच चेयर पर्सन) डॉ. दीपा गुप्ता, डॉ. कामना बक्शी, डॉ. मनीषा गुप्ता, डॉ. नवनी गर्ग, डॉ. अनू गुलियानी आदि हस्तियां कार्यक्रम की शोभा रही। शानदार प्रस्तुति पेश करने पर सैकड़ों दर्शकों ने तालियां बजाकर बच्चियों का उत्साहवर्धन किया। अग्रवाल पब्लिक स्कूल के सेक्रेटरी दिनेश गुप्ता का सहयोग सराहनीय रहा।



अग्रवाल पब्लिक स्कूल में अंतर राष्ट्रीय बालिका दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि को स्मृति चिह्न भेंट करते अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के चेयरमैन देवेन्द्र गुप्ता और डॉ. दिनेश गुप्ता।

## दिल्ली का इतिहास उतार-चढ़ाव से भरा : सिंह

**फरीदाबाद।** अग्रवाल महाविद्यालय के प्रांगण में बुधवार को इतिहास विभाग द्वारा आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के निर्देशानुसार एक अतिथि व्याख्यान का आयोजन किया गया। जिसमें महाराजा अग्रसैन महाविद्यालय, दिल्ली के इतिहास विभाग में कार्यरत एसोसिएट प्रोफेसर डॉ. नीरज कुमार सिंह ने विषय विभिन्न युगों में दिल्ली ऐतिहासिक एवं साहित्यिक परिप्रेक्ष्य में पर अपने विचार व्यक्त किये। यह व्याख्यान महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. कृष्णकान्त गुप्ता के दिशा निर्देशन में हुआ। इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह व सहायक प्रवक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने मुख्य वक्ता को पौधा भेंट कर स्वागत किया। दीपशिखा प्रज्ज्वलित करने के उपरान्त मुख्य वक्ता डॉ. नीरज कुमार सिंह ने अपने वक्तव्य में कहा कि भारत के इतिहास में दिल्ली का इतिहास उतार-चढ़ाव से भरा है और विभिन्न स्मारकों, इमारतों के माध्यम से दिल्ली का इतिहास विभिन्न चरणों में विभाजित किया जा सकता है। डॉ. नीरज सिंह ने दिल्ली के इतिहास के अनेक तथ्यों एवं साक्ष्यों से विद्यार्थियों को परिचित कराया और बताया दिल्ली का इतिहास भारत के इतिहास में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। विद्यार्थियों ने अनेक प्रश्न पूछे जिनका मुख्य वक्ता ने संतोषजनक जवाब दिया। पुस्ताकालय अध्यक्ष डॉ. रामचन्द्र एवं बी.ए. के इतिहास विषय के सभी विद्यार्थी मौजूद थे। मंच संचालन इतिहास विभागाध्यक्ष डॉ. जयपाल सिंह ने किया। अंत में इतिहास विभाग की सहायक प्रवक्ता डॉ. सुप्रिया ढांडा ने सभी का धन्यवाद ज्ञापन किया।

## मेहंदी और रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन

**फरीदाबाद।** नचौली राजकीय कन्या महाविद्यालय की महिला प्रकोष्ठ ने महाविद्यालय में एक मेहंदी तथा रंगोली प्रतियोगिता का सफलतापूर्वक आयोजन किया। प्रतियोगिता में लगभग 40 लड़कियों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। छात्राओं में इतना उत्साह देख महाविद्यालय के कार्यकारी प्राचार्य, डॉ. सुशील वर्मा ने सभी की भागीदारी की सराहना करते हुए महाविद्यालय के सभी स्टाफ सदस्य तथा छात्राओं की अत्यंत प्रशंसा की। उन्होंने सभी छात्राओं को हर कार्यक्रम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने के लिए प्रेरित किया महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष शालिनी तुली ने प्रतियोगिता के माध्यम से आने वाले त्योहारों के दिनों की सभी को शुभकामनाएं दी। रंगोली प्रतियोगिता में बीए प्रथम वर्ष की ऐश्वर्या का प्रथम स्थान रहा, बीए द्वितीय वर्ष की कोमल का दूसरा स्थान रहा तथा बीकॉम द्वितीय वर्ष की सूचीस्मिता का तृतीय स्थान रहा। दो कौनसोलेशन पुरस्कार भी निकाले गए जो बीए प्रथम वर्ष की अंजलि तथा पूजा को दिए गए। मेहंदी प्रतियोगिता में बीए तृतीय वर्ष की काजल प्रथम स्थान पर रहीं, बीकॉम प्रथम वर्ष की कविता दूसरे स्थान पर रहीं और बीकॉम तृतीय वर्ष की निशा तीसरे स्थान पर रहीं। प्रतियोगिता में भी तीन कौनसोलेशन पुरस्कार घोषित किए गए। ये इनाम आकांक्षा, दीपिका तथा लक्ष्मी को दिए गए।




गांव नचौली स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में आययोजित प्रतियोगिता में मेहंदी लगातीं छात्राएं।

## निगमायुक्त ने संघ की जिला कमेटी से की बातचीत

**फरीदाबाद।** राज्यव्यापी आंदोलन के तहत नगर निगम मुख्यालय पर पिछले दो दिन से कर्मिक भूख हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को नगरपालिका कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य प्रधान ने जूस पिलाकर क्रमिक भूख हड़ताल को समाप्त करवा दिया है। नगर निगम के सभी विभागों के प्रधान सचिव व कोषाध्यक्ष 15 अक्टूबर को रोहतक में होने वाली राज्य स्तरीय कन्वेंशन में भाग लेंगे और 19 व 30 अक्टूबर को राज्यव्यापी हड़ताल में नगर निगम में कामकाज ठप रहेगा। नगर निगम के कर्मचारियों द्वारा आज लोकल मांगों को लेकर टूल डाउन हड़ताल की गई। निगमायुक्त ने संघ की जिला कमेटी बातचीत के लिए आमंत्रित किया लेकिन बातचीत में सहमति न बनने से वार्ता विफल रही निगम कर्मचारियों ने ऐलान किया है कि नगर निगम सदर की मांगों का समाधान होने तक नगर निगम में टूल डाउन हड़ताल जारी रहेगी जब तक नगर निगम प्रशासन द्वारा दो वर्षों का तेल साबुन नहीं दिया जाएगा तथा एलटीसी एसीपी स्केल के एरियर का भुगतान करने, नियमित अनियमित कर्मचारियों का वेतन दीपावली से पहले देने, वर्दी एवं जूते देने, सीवर मैनो व बेलदारों को रेनकोट देने, सफाई कर्मचारियों को टोलिया व ट्रैक सूट देने तथा सफाई व सुरक्षा के उपकरण आदि देने की मांग को लेकर नगर निगम मुख्यालय पर टूल डाउन हड़ताल जारी रहेगी। क्रमिक भूख हड़ताल एवं पुल डाउन हड़ताल की अध्यक्षता सफाई कर्मचारी यूनियन के प्रधान गुरचरण हंडिया ने की तथा संचालन सचिव कृष्ण चंडालिया ने किया।


## सराय ख्वाजा में महंदी प्रतियोगिता आयोजित

**फरीदाबाद।** सराय ख्वाजा स्थित राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय की सैंट जॉन एंबुलेंस ब्रिगेड और जूनियर रेडक्रास प्रभारी प्राचार्य रविंद्र कुमार मनचन्दा ने कहा कि विद्यालय में बालिकाओं की मेहंदी लगाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं समय-समय पर विद्यालय में आयोजित की जाती हैं जिससे बच्चों के रचनात्मक विकास के साथ उनमें छिपी प्रतिभाओं को भी आगे बढ़ाने का अवसर दिया जाता है। मनचंदा ने कहा कि हमें इकोफ्रैंडली बनना चाहिए और पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ सिंगल यूज प्लास्टिक का पूर्णतया बहिष्कार करना चाहिए। प्रतियोगिता में सभी कक्षाओं की बालिकाओं ने बहुत ही आकर्षक, मनभावन एवं सुंदर डिजाइन वाली अपने कलात्मक दृष्टिकोण के साथ अध्यापिकाओं के हाथों पर सुंदर मेहंदी लगाई। प्राचार्य मनचंदा ने कहा कि बालिकाओं की महंदी लगाने की कला एवं कौशल विकास की जितनी प्रशंसा की जाए कम है। विद्यालय की आज के कार्यक्रम की कॉर्डिनेटर वरिष्ठ प्राध्यापिका प्रज्ञा मित्तल और प्राध्यापिका शीतू डूडेजा ने निर्णायक की भूमिका का निर्वहन भी किया। नेहा, पूजा, रागिनी, ऋतु यादव, कृतिका, काजल, अंजली शर्मा, पूजा, दीपिका, नीतू, आरती, प्रिया, प्रीति, अंजली, नीतू, पल्लवी राज, पूनम, और निक्की तथा प्रतिभागिता की।



सराय के सरकारी स्कूल में आयोजित प्रतियोगिता में छात्राओं द्वारा लगाई गई मेहंदी दिखातीं टीचर और छात्राएं।

# स्कूलों में बनाई जाए बाजार की अस्थाई पार्किंग : भाटिया



**फरीदाबाद।** त्योहारों के मद्देनजर जिले के बाजारों में बढ़ती भीड़ तथा जाम की समस्या के मद्देनजर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ के पूर्व प्रदेशाध्यक्ष जगदीश भाटिया ने प्रशासन से अपील की है कि इसे लेकर प्रशासन एक नीति तैयार करें ताकि बाजारों में आने वाले लोगों को भी परेशानी न हो और व्यापारियों की समस्या का हल हो सके। जगदीश भाटिया ने कहा कि दीवाली नजदीक है।

ऐसे में एनआईटी1 के बाजार में लोग खरीदारी के लिए आ रहे हैं परंतु पार्किंग की उचित व्यवस्था न होने के कारण लोगों को वाहन सड़कों पर खड़े करने पड़ रहे हैं जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह चरमरा रही है। मुख्यमंत्री मनोहर लाल और केंद्रीय राज्य मंत्री कृष्णपाल गुर्जर से अपील की है कि शहरवासियों की बेहतरी के लिए पार्किंग की अलग से व्यवस्था करवाई जानी चाहिए उन्होंने कहा कि बाजार में हालात इतनी बिगड़ रही है कि लोगों का पैदल चलना भी दूभर हो रहा है वहीं आने वाले दिनों में स्थिति और भी दयनीय हो जाएगी। ऐसे में जगदीश भाटिया ने मांग की है कि त्योहारों पर बढ़ती भीड़ के मद्देनजर साथ लगते स्कूलों में अवकाश के बाद कुछ दिनों के लिए अस्थाई पार्किंग की व्यवस्था की जाए ताकि पार्किंग के अभाव में लोगों को सडकों पर बेतरतीब खड़े वाहनों के चलते परेशानी का सामना न करना पड़े। इसके अलावा जगदीश भाटिया ने कहा कि मार्केट में जगह-जगह रेहड़ी-पटरी वाले खड़े हैं। ऐसे में यदि उन्हें अस्थाई पार्किंग मिलेगी तथा बाजार में सडकों से रेहड़ी-पटरी का अतिक्रमण हटेगा तो दुकानदारी बढ़ेगी क्योंकि ग्राहक बाजार में अधिक आएंगे।

# छात्र ने बनाया वीडियो आधारित मोबाइल डोनेशन प्लेटफॉर्म

### दानदाताओं द्वारा वंचितों को भोजन व आवश्यक चीजों के दान हेतु बनाता है सक्षम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

**दुनिया** प्रौद्योगिकी के मामले में आगे बढ़ रही है, इस क्रम में गुरुग्राम के मात्र 17 वर्षीय निवासी एवं डीपीएस आरके पुरम के छात्र मनन खन्ना ने एक कृत्रिम बुद्धिमत्ता और वीडियो आधारित मोबाइल एप्लिकेशन डीईजी डोनेशन प्लेटफॉर्म को विकसित और कार्यान्वित किया है। डीईजी प्लेटफॉर्म बड़े पैमाने पर दानदाताओं को अपने घरों पर बैठे-बैठे वंचित लोगों को आसानी से भोजन और आवश्यक चीजें दान करने के लिए प्राप्तकर्ताओं या पॉइंट-ऑफ-कॉन्टैक्ट्स(पीओसी) से जुड़ने में सक्षम बनाता है।

इस ऐप की अन्य प्रमुख विशेषताओं में से एक एसओएस (आपातकालीन चेतावनी) है। यदि किसी गरीब व्यक्ति या परिवार को महंगी दवाओं, रक्त आदि के मामले में तत्काल मदद की आवश्यकता है, तो इस प्लेटफॉर्म का उपयोग प्राप्तकर्ता पीओसी द्वारा एसओएस को ट्रिगर करने के लिए किया जा सकता है जो इस प्लेटफॉर्म पर पंजीकृत सभी लोगों द्वारा प्राप्त किया जाएगा और यह तुरंत मदद की पेशकश कर सकता है। डीईसी ऐप प्लेस्टोर एवं ऐपस्टोर पर उपलब्ध है। डीईजी एक वीडियो-आधारित मोबाइल ऐप प्लेटफॉर्म पेश करता है जिसका उपयोग दाताओं द्वारा अपने दान को पोस्ट करने और शेड्यूल करने के लिए कहीं से भी कभी भी किया जा सकता है। इससे प्राप्तकर्ताओं को सीधे या एजेंसियों, संगठनों के माध्यम से अनुसूचित दान के बारे में सूचित किया जाता है और पिक-अप/ड्रॉप आंतरिक रूप से या तृतीय पक्ष पिक-अप एजेंसियों के माध्यम से व्यवस्थित किया जा सकता है।



मनन खन्ना।

छात्र मनन खन्ना पिछले डेढ़ साल से अपनी टीम के साथ इस पहल पर काम कर रहे हैं। मनन बचपन से ही वंचित लोगों की मदद करने के लिए बेहद भावुक रहे हैं। जब वे कुछ गैर सरकारी संगठनों के सदस्य थे, उस समय जमीनी स्तर पर काम करते हुए उनमें मौजूदा दान पारिस्थितिकी तंत्र में अंतराल को भरने के लिए दृढ़ इच्छा जागी थी। इसके अलावा, मौजूदा प्रणाली में विश्वास की कमी और लचीले वैश्विक कनेक्टिविटी प्लेटफॉर्म की कमी की पहचान भी महत्वपूर्ण कमियों के रूप में उभरी हैं। इस ऐप को विकसित करने के लिए अपनी प्रेरणा के बारे में बात करते हुए, मनन ने कहा, 'मेरी मुख्य प्रेरणा संतुष्टि की भावना है, जो मुझे वंचितों की आंखों में खुशी की तलाश करने में सक्षम होने पर मिलती है। असमानता ने भी मुझे डीईजी बनाने के लिए प्रेरित किया। संसाधनों का अनुचित वितरण मुझे कम संपत्ति वाले लोगों की मदद करने के लिए एक अघोषित कर्तव्य को पूरा करने के लिए प्रेरित करता है।'

## पटाखों के निर्माण बिक्री और उपयोग पर रोक : जिलाधीश

**फरीदाबाद।** जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि विस्फोटक अधिनियम 1884 और विस्फोटक नियम, 2008 और अन्य सक्षम शक्तियां जिला मजिस्ट्रेट, फरीदाबाद के रूप में 10 अक्टूबर से आगामी 31 जनवरी 2023 की अवधि के लिए जिला की सीमा के भीतर ग्रीन पटाखों को छोड़कर सभी प्रकार के पटाखों के निर्माण, बिक्री और उपयोग पर रोक लगाई गई है। इसके अलावा क्षेत्रीय अधिकारी हरियाणा राज्य प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, फरीदाबाद /बल्लभगढ़ को निर्देश दिए जाते हैं कि वे नियमित रूप से वायु गुणवत्ता की निगरानी करें और संबंधित वेबसाइटों पर डेटा अपलोड करें।

जिलाधीश विक्रम सिंह ने कहा कि प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड द्वारा यह प्रतिबंध सुप्रीम कोर्ट और नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल (एनजीटी) के आदेशों के आधार पर लगाया गया है।

# एशिया का सबसे बड़ा आईआईटी हब बनेगा मानेसर : दुष्यंत चौटाला

### प्रदेश में जायदा से जायदा रोजगार देने के लिए सरकार कर रही है प्रयास

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

**हरियाणा** के डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि एशिया का सबसे बड़ा आईआईटी हब मानेसर का क्षेत्र बनेगा। इस क्षेत्र में हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट सेक्टर में 75 प्रतिशत नौकरियां प्राइवेट कंपनिया देंगी। उन्होंने कहा कि हरियाणा में एक वर्ष में 28000 करोड़ की धन राशि का निवेश अंतरराष्ट्रीय कंपनियों द्वारा किया गया है। उन्होंने कहा कि मेवात में मोबाइल की सबसे बड़ा एटीएल बैटरी का हब भी बनने जा रहा है। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में विकास कार्यों की कोई कमी नहीं रहने दी जाएगी।



एनआईटी विधान सभा क्षेत्र में जन आशीर्वाद समारोह में लोगों का अभिनन्दन करते डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला।

डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला बुधवार को सोहना रोड पर एनआईटी फरीदाबाद के हलका अध्यक्ष हाजी करामत अली द्वारा आयोजित जन आशीर्वाद सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि सरकार ने हर विधानसभा क्षेत्र में सड़कों के नवीनीकरण के लिए 25 करोड़ रुपये की धनराशि वितरित की है। केंद्र के सहयोग से अमृत टू योजना के अंतर्गत शहरी क्षेत्रों में बिजली, पानी, सड़कें, सीवरेज सहित तमाम मूलभूत सुविधाएं सरकार द्वारा आमजन को मुहैया करवाई जाएंगी। डिप्टी सीएम दुष्यंत चौटाला ने कहा कि प्रदेश में हो रहे पंचायती राज जनप्रतिनिधियों के चुनाव में महिलाओं को 50 प्रतिशत का आरक्षण करके उन्हें भागीदारी सौंपने का काम सरकार ने किया है। उन्होंने बुढ़ापा पेंशन का जिक्र करते हुए कहा कि चौधरी देवीलाल ने तत्काल ने जब बुढ़ापा पेंशन की घोषणा की थी तो तत्कालीन विरोधी पार्टी के लोगों ने भी इसका विरोध किया था। इसी प्रकार उन्होंने कहा कि 75 प्रतिशत हरियाणा के युवाओं को प्राइवेट क्षेत्र में नौकरी देने पर भी विरोधी पार्टियों पार्टियां विरोध कर रही है।

## अतिक्रमण पर कार्रवाई को एफएमडीए बनाएगी कमेटी

**फरीदाबाद।** शहर में अतिक्रमण के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की तैयारी है। इसके लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) की ओर से अधिकारियों की टीम गठित की जाएगी। इसमें एफएमडीए के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी, कार्यकारी अभियंता और अन्य वरिष्ठ अधिकारी शामिल होंगे। एफएमडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सुधीर राजपाल ने लगातार मिल रही शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए अतिक्रमण के खिलाफ कार्रवाई के लिए आज आयोजित 18वीं कोर प्लानिंग सेल मीटिंग में एक कमेटी का गठन करने का निर्णय लिया।

अतिक्रमण शहर की पुरानी समस्या है और शहर के विभिन्न स्थानों जैसे की बाजार, फूटपाथ, ग्रीन बेल्ट, मुख्य सड़क किनारे पर अवैध कब्जा किया गया है। इस समस्या और लगातार मिल रही शिकायतों से निजात दिलाने के लिए फरीदाबाद महानगर विकास प्राधिकरण (एफएमडीए) सख्त हो गया है।

# प्रेपलैडर के 30 से अधिक लर्नर्स की अंडर 100 रैंक

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

**भारत** के बेहतरीन ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म में से एक प्रेपलैडर के 30 से अधिक विद्यार्थियों ने नीट एसएस परीक्षा को क्वालीफाई कर लिया है। इनमें से 8 विद्यार्थियों ने मेडिसिन, सर्जरी तथा पीडियाट्रिक्स स्पेशलिटी में शीर्ष 10 में स्थान प्राप्त किया है। प्रेपलैडर ने यह जानकारी दी है।

प्रेपलैडर के मुताबिक, डॉ. अमृता (एआईआर 2 - पीडियाट्रिक्स), डॉ सचिन कृष्ण राज के (एआईआर 3 - मेडिसिन), डॉ अदिति (एआईआर 4 - पीडियाट्रिक्स), डॉ. दीप पटेल (एआईआर 5 - मेडिसिन), डॉ मोहम्मद अनस (एआईआर 7 - पीडियाट्रिक्स), डॉ सौम्य रंजन मोहंती (एआईआर 8 - मेडिसिन), डॉ. श्रेय भट्ट (एआईआर 9 - मेडिसिन) और डॉ. शमा परवीन (एआईआर 9 - पीडियाट्रिक्स) शीर्ष 10 में रैंकिंग पाने वाले छात्र रहे। एसएस मेडिसिन में 4 विद्यार्थियों ने शीर्ष 10 में, एक ने शीर्ष 20 में और 5 ने शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया। एसएस पेडियाट्रिक्स में 4 विद्यार्थियों ने शीर्ष 10 में, 5 विद्यार्थियों ने शीर्ष 20 में और 15 ने शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया। एसएस सर्जरी में 2 विद्यार्थियों ने शीर्ष 100 में स्थान हासिल किया। प्रेपलैडर नीट परीक्षा की तैयारी के लिए एक बेहतरीन ऑनलाइन लर्निंग प्लेटफॉर्म है। यहां पढ़ रहे विद्यार्थियों को बेहतरीन शिक्षकों द्वारा शिक्षा प्रदान की जाती है। इनमें डॉ. संदीप शर्मा, डॉ. दिलीप कुमार और डॉ. पवन कंधारी जैसे उम्दा शिक्षक शामिल हैं।

यहां पर विद्यार्थियों को क्यूरेटेड कंटेंट प्रदान किया जाता है जिनमें वीडियो लेक्चर, क्वेश्चन बैंक, कंप्रिहेंसिव नोट्स तथा टेस्ट सीरीज आदि शामिल हैं। इसके अलावा हाल में ही प्रेपलैडर ने न्यूरोस पावर्ड बाय प्रेपलैडर लॉन्च किया है जिसमें मेडिकल साइंस के पोस्ट ग्रेजुएट उम्मीदवारों तथा नीट की तैयारी कर रहे उम्मीदवारों के लिए ऑफलाइन रैपिड रिवीजन बूटकैंप उपलब्ध कराया जा रहा है जिससे कि अब विद्यार्थियों के पास नीट के शीर्ष शिक्षकों द्वारा क्यूरेट किए गए रैपिड रिवीजन टेस्ट तक पहुंच प्राप्त होगी।

## बरसात का कहर

### परेशान जनता

**दक्षिण-पश्चिमी** मानसून की वापसी के पहले न केवल भारी बरसात ने उत्तर भारत को परेशान कर दिया है, बल्कि इससे विभिन्न सरकारी अधिकारियों के लंबे-चौड़े दावों की भी हवा निकल गई है कि वे 'विश्व स्तरीय ढांचागत संरचना' बना रहे हैं। आर्टीरियल सड़कों समेत अनेक सड़कों पर जल जमाव व भारी ट्रैफिक जाम से न केवल दिल्ली-एनसीआर, बल्कि देश के अन्य भागों के अनेक अन्य शहर भी प्रभावित हुए हैं। कई दिनों से लगातार बरसात जारी है। इसके साथ ही सड़कों के धंसने की खबरें भी आ रही हैं। सितंबर के अंतिम सप्ताह में गुरुग्राम में इफ्को चौक में सड़क का बड़ा हिस्सा धंस गया। इसी प्रकार सड़क धंसने की खबरें पालम विहार, बसई चौक, लक्ष्मी गार्डन व खांडसा रोड से भी सामने आईं जिनसे तथाकथित मिलीनियम सिटी ठहर गया। पिछले कुछ दिनों से एनसीआर समेत उत्तर भारत में लगातार बरसात से अनेक हिस्सों में जल जमाव हो गया है। दिल्ली तथा उससे सटे इलाकों में 'शहरी बाढ़' के कारण आवागमन बुरी तरह प्रभावित हुआ है तथा स्कूलों व अनेक कार्यालयों को बंद करना पड़ा है। उत्तर प्रदेश के नोयडा एक्सटेंशन में सड़क धंसने का एक मामला सामने आया है। देश के अन्य हिस्सों में भी ऐसी ही स्थिति है। बरसात तथा उससे जुड़ी अन्य समस्याओं के कारण हैदराबाद भी समस्याग्रस्त है। पश्चिम बंगाल के हिमालयी क्षेत्र तथा सिक्किम में लगातार बरसात के कारण सिक्किम में कुछ स्थानों पर भूस्खलन की घटनायें हुई जिनसे सड़कें बंद हो गई हैं। ऐसे में यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठता है कि विश्व स्तरीय ढांचागत संरचना और 'स्मार्ट सिटी' कार्यक्रम का क्या हुआ। ऐसे में



फ्रांसीसी क्रांति के दौरान फ्रांस की रानी मैरी-एंटोनिये की कुख्यात कहावत याद आती है कि 'उनको केक खाने दें।' उनकी प्रतिक्रिया इन खबरों को लेकर थी कि किसानों के पास खाने के लिए रोटी नहीं है। ऐसा लगता है कि हमारे देश में शहरी समस्याओं के प्रति भी अधिकारियों का लगभग यही दृष्टिकोण है कि 'उनको नारे याद करने दो।' बंद सड़कें, भारी जल जमाव व अराजकता जैसी घटनायें बरसात के समय लगभग रोज दिल्ली, मुंबई, चेन्नै, हैदराबाद व छोटे शहरों में सामने आती हैं। लेकिन सभी पार्टियों के राजनेता असली मुद्दों का समाधान करने के बजाय भाषण, वादे व काल्पनिक परियोजनायें परोसते रहते हैं। 'स्मार्ट सिटी' मिशन इसका एक उदाहरण है। एक सरकारी वेबसाइट में प्रस्तुत दृष्टिकोण के अनुसार, 'स्मार्ट सिटी सर्वाधिक महत्वपूर्ण आवश्यकताओं पर ध्यान दे कर जीवन में सुधार के अधिकतम अवसर प्रदान करेंगे। वे अनेक दृष्टिकोणों को समाहित करेंगे जिनमें डिजिटल व सूचना तकनीक, शहरी नियोजन के सर्वोत्तम व्यवहार, सार्वजनिक-निजी साझेदारी तथा नीतिगत परिवर्तन शामिल हैं। इनसे बदलाव आएगा। वे हमेशा लोगों को पहले स्थान पर रखेंगे।' इसमें यह भी कहा गया है कि मिशन का उद्देश्य ऐसे शहरों को प्रोत्साहन देना है जो प्रमुख ढांचागत संरचना को प्रोत्साहित कर नागरिकों को अच्छी गुणवत्ता वाला जीवन, स्वच्छ व टिकाऊ परिवेश तथा 'स्मार्ट' समाधान पेश करने थे। ये सब बातें बहुत अच्छी हैं, लेकिन समस्याओं के स्मार्ट या दूसरी तरह के समाधान कहां हैं? आज दिल्ली, हैदराबाद व अन्य शहर जिन समस्याओं का सामना कर रहे हैं, वे समस्यायें पिछले साल और उसके पिछले साल में भी थीं। लेकिन राजनेताओं को किसी फिल्म के टीज़र में भगवान हनुमान की गलत छवि तथा अयोध्या की मुफ्त यात्रा कराने के रूप में 'खैरात' की ज्यादा चिन्ता है। लगभग सभी पार्टियों के अनेक नेताओं द्वारा की जाने वाली लफ्फाजी या लोकरंजकता सुशासन का कोई विकल्प नहीं हो सकती हैं।

# न्याय व्यवस्था के समक्ष समानता जरूरी

न्यायपालिका का दायित्व है कि सबके साथ समान व्यवहार हो। ऐसे में कुछ लोगों को मिलने वाला त्वरित न्याय बहस का विषय है।



**वी.जे. नरसिम्हा राव**
(लेखक, नीति विश्लेषक हैं।)



**यह** बहस का विषय है कि क्या अनेक मामलों में अदालतों द्वारा किया जाने वाला त्वरित न्याय सभी नागरिकों को समान रूप से उपलब्ध है, या स्थिति इसके विपरीत है। सवाल यह है कि क्या न्याय के समक्ष सबके साथ समान व्यवहार होता है या दूसरे लोगों की स्थिति थोड़ी बेहतर होती है। इस सवाल का जवाब मिलना चाहिए। क्या कुछ राहतों का संबंध अपीलकर्ता की क्षमता पर निर्भर करता है क्योंकि वह ज्यादा सक्षम वकील की सेवायें लेने में सक्षम है? दुनिया में भारतीय न्यायपालिका का इसलिए विशिष्ट सम्मान है कि वह निष्पक्षता, न्यायोचित दृष्टिकोण तथा स्वतंत्रता के मामले में एक रोल माडल है। इसके साथ ही वह आम आदमी तथा देश के प्रथम नागरिक के साथ समान व्यवहार करती है। इस संबंध में अनेक उदाहरण दिए जा सकते हैं। लेकिन ऐसा लगता है कि फिलहाल कहीं न कहीं कुछ न कुछ गड़बड़ है। इसके साथ ही यह समझना बहुत कठिन है कि इसका कारण क्या है। उदाहरण के लिए, 1969 में वी.वी. गिरि को भारत का राष्ट्रपति बनाया गया तब एक याचिका सर्वोच्च न्यायालय में दायर हुई थी कि यह चुनाव रद्द किया जाना चाहिए। यह एक विरली घटना थी कि राष्ट्रपति के रूप में गिरि अदालत में पेश हुए और एक गवाह के रूप में उनका परीक्षण हुआ। 12 जून, 1975 को इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने एक ऐतिहासिक फैसला दे कर तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को 6 साल के लिए सार्वजनिक पद धारण करने पर रोक लगा दी। हालांकि, बाद में 24 जून को सर्वोच्च न्यायालय के अवकाश कालीन न्यायाधीश ने स्थगन आदेश देकर उनको लोकसभा सदस्य व प्रधानमंत्री बने रहने देने की अनुमति दे दी। उनकी पैरवी एन.ए. पालकीवाला ने की थी।

12 अक्टूबर, 2000 को पूर्व प्रधानमंत्री पी.वी. नरसिम्हाराव को सुनवाई अदालत द्वारा तीन साल जेल की सजा दी गई, लेकिन बाद में दिल्ली उच्च न्यायालय ने 2002 में उनको बरी कर दिया था। पूर्व राष्ट्रपति नीलम संजीव रेड्डी को 1964 में मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा देना पड़ा था क्योंकि बस रूट राष्ट्रीयकरण मामले में उनके खिलाफ विपरीत टिप्पणियां की गई थीं। अदालती फैसलों के कारण मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव व जे. जयललिता को अपने पद छोड़ने पड़े थे। भारतीय न्यायपालिका को इस बात का श्रेय दिया जाना चाहिए कि उसने पहले के निर्णयों में की गई गलतियां दूर कीं। उदाहरण के लिए, सर्वोच्च न्यायालय ने जनवरी, 2011 में स्वीकार किया कि आपातकाल के दौरान उसके द्वारा दिए गए निर्णय गलत थे और उन्होंने लोगों के मूलाधिकारों का उल्लंघन किया था। पीठ का संकेत 1976 में संविधान पीठ का बहुमत निर्णय था जो हीबियस कार्पस निर्णय के नाम से कुख्यात है। इसमें चार न्यायाधीशों ने तत्कालीन कांग्रेस सरकार का यह दृष्टिकोण स्वीकार किया था कि आपातकाल के दौरान जीवन का अधिकार भी स्थगित रह सकता है। जस्टिस एच.आर. खन्ना ने विपरीत निर्णय देते हुए उचित ही कहा था कि उच्च न्यायालयों द्वारा हीबियस कार्पस रिटें जारी करना संविधान का अभिन्न अंग है और संविधान ने किसी भी अधिकारी को यह अधिकार नहीं दिया है कि इस शक्ति को स्थगित किया जाए। इस निर्णय के कारण भारत का प्रधान न्यायाधीश बनाने के मामले में जस्टिस खन्ना को पीछे छोड़ दिया गया।

संविधान देश का कानून तथा भारत का सर्वोच्च कानून है। यदि कोई भी पास किया गया कानून संविधान के मूल ढांचे का उल्लंघन करता है तो भारतीय न्यायपालिका के पास वह कानून रद्द करने का अधिकार है। इसका स्पष्ट अर्थ है कि कानून के समक्ष सभी नागरिक समान हैं। लेकिन एक आलोचनात्मक दृष्टिकोण से यह संदेह पैदा होता है कि कुछ चयनित मामलों में न्याय बहुत जल्दी होता है, जबकि बाकी मामलों में यह धीमा होता है। इससे अदालतों के सम्मान पर सवाल उठता है कि क्या वे आम आदमी व देश के प्रथम नागरिक के साथ समानता का व्यवहार करती हैं। एक ओर तो हमें बड़ी संख्या में लंबित मामलों की बात सुनने में आती है, वहीं दूसरी ओर हम अदालतों द्वारा मामले दर्ज होने के कुछ ही घंटों में फैसले आते देखते हैं जो स्थगनादेश या अंतरिम राहत के रूप में होते हैं जिनसे सरकारी आदेश पलट दिए जाते हैं या जमानत दी जाती है। निसंदेह कानून ने विभिन्न प्रकार की राहतों की व्यवस्था की है जिसमें लंच मोशन, हाउस मोशन, हीबियस कार्पस याचिकायें, आदि शामिल हैं। लेकिन अभी आदेश को रोके रखने की बात विकसित हो रही है और भारतीय कानून के अंतर्गत इसकी स्थिति स्पष्ट नहीं है। यह पता नहीं है कि कुछ लोगों के खिलाफ दशकों पहले शुरू किए मामले लंबित हैं और उनको विचाराधीन कैदियों के रूप में जेलों में रखा गया है। निचली अदालतों में कई बार जमानत देने से इनकार के बाद इनको उच्च न्यायालयों द्वारा भी लंबित रखा जाता है। ऐसे भी उदाहरण हैं कि कुछ जमानत पर रिहा लोग चुनाव लड़ते हैं तथा बहुत ऊंचे संवैधानिक पदों पर पहुंच जाते हैं। यह अत्यन्त महत्वपूर्ण सवाल है कि ऐसे मामलों में फैसले क्यों नहीं दिए जाते हैं। जहां तक सिविल वादों का सवाल है, कोई भी उनके निपटारे का अनुमान लगा सकता है। अक्सर अधीनस्थ अदालतों द्वारा आदेश देने के बाद थोड़े ही समय में अपील या स्थगनादेश के विकल्प मौजूद होते हैं। इससे विवाद इतने लंबे खिंच जाते हैं कि याचिकाकर्ताओं का जीवन समाप्त हो जाता है। इससे सामाजिक अध्ययन छात्र के रूप में पढ़ी एक कहावत याद आती है कि 'न्याय में विलम्ब, न्याय से इनकार' है।

भारतीय न्यायपालिका अदालतों की ऐसी व्यवस्था है जो भारतीय गणतंत्र में कानूनों तथा उनके क्रियान्वयन की समीक्षा करती है। भारत कामन ला की वह व्यवस्था प्रयोग करता है जिसे पहले ब्रिटिश इंडिया कंपनी ने शुरू किया था और इसका प्रभाव अन्य औपनिवेशिक शक्तियों तथा देशी रियासतों पर पड़ा था। इसके साथ ही प्राचीन व मध्ययुगीन समय के व्यवहार भी इससे प्रभावित हुए। संविधान भारत के लिए एकीकृत न्यायपालिका की व्यवस्था करता है। न्याय व्यवस्था का ढांचा तीन स्तरों में विभाजित है जिसमें अधीनस्थ न्यायपालिका भी शामिल है। सर्वोच्च न्यायालय इस व्यवस्था में सबसे ऊपर है और वह भारत की अंतिम अपीलीय अदालत है। भारत के प्रधान न्यायाधीश इस अदालत का नेतृत्व करते हैं। उच्च न्यायालय अलग-अलग राज्यों में उच्च न्यायिक संस्थान होते हैं जिन पर राज्य के मुख्य न्यायाधीशों का नियंत्रण होता है और वही उनका प्रबंधन करते हैं। उच्च न्यायालयों के नीचे जिला अदालतें होती हैं जिनको अधीनस्थ अदालतें भी कहा जाता है। इनका प्रबंधन जिला व सत्र न्यायाधीश करते हैं। निचली अधीनस्थ अदालतों में सिविल कोर्ट व जिला मुंसिफ कोर्ट शामिल हैं जिनका प्रमुख एक सब-जज होता है। उच्च अधीनस्थ दंड न्यायालय का प्रमुख चीफ जुडीशियल या मेट्रोपालिटन मजिस्ट्रेट होता है। इससे न्याय प्राप्त करने का प्रयास करने वाले नागरिक को समुचित स्पेस मिलता है।

भारतीय संविधान में पांच रिट याचिकाओं की व्यवस्था है जिनको कोई नागरिक उच्च न्यायालय या सर्वोच्च न्यायालय के समक्ष दायर कर सकता है। ये हीबियस कार्पस, मैंडेमस, सरसियोरारी, क्वे वारंटो व प्रोहिबिशन हैं। संविधान सर्वोच्च न्यायालय को व्यापक मूल न्यायाधिकार देता है जिससे वह मूलाधिकारों को लागू कराता है। उसे निर्देश, आदेश या रिट जारी करने का अधिकार है। राज्य द्वारा मूलाधिकारों का उल्लंघन करने पर कोई व्यक्ति सर्वोच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर कर सकता है, जबकि राज्य द्वारा मूलाधिकारों या किसी अन्य अधिकार का उल्लंघन करने पर उच्च न्यायालय में रिट याचिका दायर की जा सकती है। अधीनस्थ अदालतों के निर्णय के खिलाफ सिविल और आपराधिक मामलों में उच्च न्यायालय में अपील की जा सकती है। सर्वोच्च न्यायालय उन मामलों की सुनवाई करता है जिसमें व्यापक जनता का हित निहित होता है। ये 'जनहित याचिकाओं' के नाम से लोकप्रिय हैं। सार्वजनिक महत्व के अनेक मामलों में उल्लेखनीय निर्णय सामने आए हैं। निसंदेह भारतीय न्याय व्यवस्था का ढांचा बहुत मजबूत है और यह नागरिकों को अनेक प्रकार की राहत देता है तथा अन्याय होने पर उसे सुनवाई के समुचित अवसर प्रदान करता है। लेकिन इसमें आम आदमी की भावना जैसी कोई चीज गायब लगती है त है।

# उच्च शिक्षा में वैश्विक सूचकांक का महत्व

**वी.के. कार्तिक**
(लेखिका, एनआईटी में सहायक प्रोफेसर हैं)



**भारत** को 'विश्वगुरु' बनाने के लिए, भारतीय संस्थानों को वैश्विक स्तर पर सोचना चाहिए और उच्च वैश्विक सूचकांक (एचईआई) के सर्वश्रेष्ठ के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए तैयार होना चाहिए। भारतीय उच्च शिक्षा संस्थानों की वैश्विक रैंकिंग उन चर्चाओं को तेज करती है जो रैंकिंग -प्रणाली की आलोचना करने की दिशा में उन अनेक नकारात्मक प्रभावों को उत्प्रेरित करती हैं जो इसे उत्पन्न करते हैं। शिक्षक-छात्र अनुपात और भारतीय संदर्भ में समावेशिता से संबंधित संभावित मुद्दे तथा पाठ्यक्रम के शोध प्रकाशनों पर अपर्याप्त शिक्षक-छात्र अनुपात के नकारात्मक प्रभाव, ऐसी वैश्विक स्तर की प्रतियोगिता की धारणा को समस्याग्रस्त बनाते हैं। हालांकि, ये शिक्षाविदों के लिए अपने पेशेवर विकास प्रथाओं से छूट या राहत पाने का बहाना नहीं होने चाहिए। 'वैश्विक' प्रतिस्पर्धी बाजार के बजाय 'स्थानीय' मुद्दों पर ध्यान केंद्रित करने की आवश्यकता के बारे में समावेशिता, शेख़ी और बड़बोलेपन के विचार को लाकर, अकादमिशियन/शिक्षाविद वास्तव में अपने 'ग्राहकों' की जरूरतों का गलत आंकलन कर रहे हैं। इसके अलावा, शिक्षा को एक महान पेशे के रूप में पेश करना, जो 'जैविक व्यक्तियों' का निर्माण करताा है जैसा कि पटनायक और लक्ष्मीनारायण ने अपनी टिप्पणी में तर्क दिया है, विचित्र है क्योंकि यह मानता है कि शिक्षा अप्रभावित होने के साथ साथ सांसारिक से दूर होती है जब शिक्षा प्रणाली को छात्र उपभोक्ताओं को 21वीं सदी की बदलती मांगों को पूर्ति के लिए तैयार करना होता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में छात्रों को वैश्विक नागरिक बनने में सक्षम बनाकर वैश्विक होने पर कई बार जोर दिया गया है। इस वैश्विक नागरिकता को सुनिश्चित करने के लिए, सभी स्तरों पर शिक्षा के सूत्रधारों को प्रतिस्पर्धात्मक रूप से कार्य करना चाहिए। अकादमिक रूप से विशेषाधिकार प्राप्त और वंचित छात्रों के बीच गलत समीकरण बनाकर और वैश्विक परिदृश्य में प्रतिस्पर्धा करने के लिए प्रत्येक छात्र को सक्षम करने में संकाय की जिम्मेदारी की नकार करके, स्थानीय का बचाव करने वाले ऐसे शिक्षाविद वास्तव में छात्र की जरूरतों की अनदेखी कर रहे हैं। छात्र आवश्यकताएं स्थानीय नहीं हैं, और न ही समाधान, अवसर और संभावनाएं ही स्थानीय हैं, ये अब अपरिवर्तनीय रूप से वैश्विक हो गए हैं। प्रसिद्ध अकादमिक प्रमोद के. नायर ने ठीक ही इंगित किया है कि उच्च प्रदर्शन करने वाले गिने चुने साथियों द्वारा चुनौती दिए जाने का डर, अकादमिक प्रतियोगिता से बचने का कारण नहीं होना चाहिए। एक जिम्मेदार शिक्षाविद को छात्रों को उन वैश्विक स्तर की चुनौतियों के बारे में मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करनी चाहिए, जिनका उन्हें अपने उच्च शिक्षा संस्थानों के आराम क्षेत्र से बाहर निकलने के बाद सामना करना पड़ता है। एक प्रतिस्पर्धी दुनिया जो युवा स्नातकों की प्रतीक्षा कर रही है, सर्वाइवल आफ द फिटेस्ट के सिद्धांत का प्रतीक है। यदि शिक्षाविद् स्वयं बच पाने के योग्य नहीं हैं, तो वे छात्रों को प्रतिस्पर्धा करने और जीतने के लिए कैसे सक्षम करेंगे? छात्र की जरूरतों को पूरा करना किसी भी उच्च शिक्षा संस्थान का दायित्व होता है। उपभोक्तावादी शैक्षिक संरचना के हिस्से के रूप में, यदि छात्र अंतरराष्ट्रीय या राष्ट्रीय रैंकिंग में उच्च संस्थानों की तलाश करते हैं और यदि वे संस्थानों की विषय-विशिष्ट शॉर्टलिस्टिंग पर ध्यान केंद्रित करते हैं, तो यह अलग-अलग संस्थानों की जिम्मेदारी को अपने मानकों को बढ़ाने के लिए दर्शाता है जो बदले में मांग करता है कि इसके संकाय सदस्य स्थानीय और विश्व स्तर पर समकक्षों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हैं। यह गलत है यदि संकाय / शिक्षक यह मानते हैं कि संस्थानों को केवल स्थानीय स्तर की गतिविधियों पर ध्यान केंद्रित करना चाहिए और उन कम सुविधा प्राप्त छात्रों की मांगों को पूरा करने और उनकी मांगों को पूरा करने के नाम पर वैश्विक स्तर की प्रतियोगिताओं का आयोजन नहीं करना चाहिए। छात्रों के बीच शैक्षणिक चुनौती के स्तर को बढ़ाने की आशंकाओं को एक मसले के रूप में बताया गया है। हम नवीनता से निपटने के लिए छात्रों की क्षमताओं को कम आंकते हैं। हमें यह समझना चाहिए कि युवा पीढ़ी ज्ञान क्रांति का हिस्सा है। इन संभावनाओं को छिपाना और उन्हें यह आभास देना कि उन्हें केवल स्थानीय चुनौतियों का सामना करने की आवश्यकता है, एक असंगत धारणा है जो युवा पीढ़ी की शैक्षणिक व आर्थिक प्रगति में बाधक है। अनेक भारतीय संस्थानों को वैश्विक स्तर की फंडिंग प्राप्त होती है। यदि यह वैश्विक नागरिकता को सक्षम बनाने के काम नहीं आती है, तो कोई एजेंसी इन उच्च शिक्षा संस्थानों को फंड क्यों देगी? ऐसे कई उदाहरण हैं जब छात्र और शिक्षाविद अपनी स्थानीय स्तर की परियोजनाओं के लिए अंतरराष्ट्रीय फंडिंग की मांग कर रहे हैं। क्या लोकल होने के बारे में प्रचार करने वाले वैश्विक फंडिंग, यात्राओं व सहयोग से इनकार करते हैं, भले ही इस तरह की फंडिंग मांग करती है कि वे स्थानीय को एक जातीय उत्पाद की तरह वैश्विक शैक्षणिक बाजार में बेच दें? अकादमिक ऑडिटिंग से डरने, स्थानीय व वैश्विक स्तर पर सहपाठियों के साथ प्रतिस्पर्धा से बचने के कारणों का पता लगाने तथा गुणवत्तापूर्ण शोध व प्रकाशन की कमी के प्राथमिक कारण के रूप में अपर्याप्त शिक्षक-छात्र अनुपात को जिम्मेदार ठहराने से किसी देश को 'विश्वगुरु' बनने में मदद नहीं मिलेगी। बल्कि, यह सामान्य गुरुओं के लिए भी शुभ संकेत नहीं है, अगर हम शिक्षक के रूप में अपने खेल को बेहतर बनाने से डरते हैं! रैंकिंग किसी भी संस्थान की शैक्षणिक प्रतिष्ठा को मापने के लिए एक उपकरण का कार्य करती है। स्वस्थ और सार्थक शैक्षणिक प्रतियोगिताएं किसी भी संस्थान और उसके संकाय को उत्कृष्टता की ओर बढ़ने में मदद कर सकती हैं। केवल स्थानीय स्तर की चिंताओं पर ध्यान केंद्रित करने और केवल रैंकिंग प्रणाली की कमियों पर ध्यान केंद्रित करने से किसी भी ऐसे मसले का, जो तत्काल ध्यान देने योग्य है, समाधान नहीं हो सकता है। रैंकिंग छात्रों के निर्णयों को प्रभावित करती है। उच्च शिक्षा को आगे बढ़ाने के लिए, वे विभिन्न रैंकिंग एजेंसियों द्वारा निर्धारित बेंचमार्क पर भरोसा करते हैं।



## आप की बात

### धार्मिक पर्यटन

**अत्यंत** सुखद समाचार यह रहा कि काशी में पर्यटन गोवा के मुकाबले लगभग तीन गुना रहा। इसे लोगों में सांस्कृतिक और धार्मिक रूचि का बढ़ना या स्थानों के सौन्दर्यकरण और जीर्णोद्धार के उपरांत पर्यटकों का आकर्षक बढ़ना माना जा सकता है। कारण चाहे जो हो, परन्तु केंद्रीय स्तर पर जिस तेजी से निर्णय लिए गए और धरातल पर योजनाओं का क्रियान्वयन हुआ उसका योगदान भी कुछ कम नहीं है। इसे एक तीर से कई निशाने वाला कार्य कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। जनता में सांस्कृतिक और धार्मिक रूचि बढ़ने के साथ ही सरकार और स्थानीय लोगों को पर्यटन से जो मुनाफा हो रहा है वो सोने पे सुहागे का काम कर रहा है। इसी तर्ज पर अयोध्या और मथुरा के विकास के साथ वहां का पर्यटन बढ़ने से राज्य सरकार को भी कई स्तर पर आर्थिक एवं राजनैतिक लाभ अवश्य मिलेंगे। इंदौर में महाकाल कारीडोर का पहला चरण इस श्रृंखला की नवीनतम कड़ी है जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने हाल ही में किया। इन परियोजनाओं से भारत की नई पीढ़ी को देश के प्राचीन गौरव से परिचित कराने में महत्वपूर्ण सहायता मिलेगी तथा लोगों को आजीवका मिलेगी।

-**मनोज**, मेरठ

### भागवत का वक्तव्य

**देश** में लगातार बिगड़ रहे माहौल को देखते हुए सरसंघ चालक मोहन भागवत ने विजयदशमी के अवसर पर महत्वपूर्ण वक्तव्य दिया है। सभी देशवासियों को इसकी सराहना करनी चाहिए और मोहन भागवत की मंशा के अनुरूप अमल करने की आवश्यकता भी है। आज भी अधिकांश राज्यों के ग्रामीण अंचलों में जातिगत भेदभाव और उत्पीड़न व अत्याचार जारी है। राजस्थान एवं अन्य राज्यों में मूंछ रखने, घोड़े पर बैठने, अच्छे कपड़े पहनने पर यदि दलित समाज के युवाओं की प्रताड़ना दी जाती है तो यह किसी सभ्य समाज की निशानी नहीं हो सकती। इसे समाज से खत्म करने के लिए समाज-शास्त्रियों व धर्म गुरुओं को आगे आकर संघ प्रमुख का वक्तव्य ध्यान में रखकर योजनाएं बनानी होगी। सामाजिक भाईचारा बनाना होगा एवं ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर समाज के सभी वर्गों को समझाना होगा। यदि कहीं पर जातीय उत्पीड़न होता है, अत्याचार होता है तो पुलिस प्रशासन को ईमानदारी से और पूरी ताकत के साथ पीड़ित परिवार के साथ खड़े होना होगा। तभी जाकर हम ग्रामीण क्षेत्र में जाति का हानिकारक दंश कम कर सकते हैं।

-**वीरेंद्र कुमार जाटव**, दिल्ली


### बैंकों का कामकाज

**आजकल** बैंकों में भीड़ ज्यादा दिखाई दे रही है इसलिए नही कि लोग पैसो का लेनदेन ज्यादा कर रहे है बल्कि इसलिए क्योंकि देश के सभी बैंक केवाईसी के नाम पर बेवजह ग्राहकों को परेशान कर रहे है। एक झटके में लाखो लोगो के खाते सीज कर दिए गए है और वो भी ग्राहकों को बिना किसी पूर्व सूचना दिए उल्टा बैंक ग्राहकों पर ही दोष मढ़ रहे है कि पत्र भेजे गए थे। बैंकों द्वारा बिना वजह खाताधारकों को ऐसे समय परेशान किया जा रहा है जब उनको अपनी तनख्वाह का इंतजार रहता है। त्यौहारी महीना होने की वजह से वैसे ही पैसो की ज्यादा आवश्यकता रहती है ऊपर से बैंको के द्वारा की जा रही मनमानी से खाताधारकों में रोष फैल रहा है। केवल सैलरी और सेविंग खाते ही नही चालू खातों को भी सीज किया गया है। चालू खाताधारकों का रोज का आना जाना बैंक में लगा रहता है पूछने पर उनको भी रटा रटाया जवाब दिया जा रहा है कि ऊपर से खाते सीज किये गए है। इंटरनेट से आप काम मिनटों में निबटा सकते है फिर ग्राहकों को बेवजह क्यों परेशान किया जा रहा है।

-**नागेन्द्र**, मेरठ

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**यदि** आतंकी हमलों के प्रयास जारी रहते हैं तो रूस की प्रतिक्रिया कठोर होगी।
- **व्लादीमिर पुतिन**
रूसी राष्ट्रपति



**व्यापक** खतरा केवल ठाकरे परिवार को नहीं, बल्कि पूरे देश के लोकतंत्र को है।
- **आदित्य ठाकरे**
शिवसेना नेता



**दिल्ली** मेट्रो के खिलाफ कोई आदेश देने का अर्थ लाखों यात्रियों से यह सुविधा छीनना होगा।
- **आर. वेंकटरमणी**
भारत के अटार्नी जनरल

# भारत ज्ञान की भूमि

## सीएम ने संत रामानुजाचार्य की मूर्ति का किया अनावरण



पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या, लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने कहा कि भारत दुनिया में ज्ञान की भूमि है। वेदों की परंपरा उसका साक्षात दर्शन कराती है। वैदिक मंत्र दृष्टा ऋषियों ने उद्घाटित किए। वे अपने को मंत्र दृष्टा तो कहते हैं पर मंत्र सृष्टा नहीं। यही भारत की परंपरा है। इससे जुड़ते हुए समय-समय पर आध्यात्मिक दृष्टि से परिपूर्ण संतों, ऋषियों का सानिध्य भारत को प्राप्त हुआ है।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को अयोध्या में श्री रामानुजाचार्य की 1000वीं जयंती पर गोलाघाट स्थित अम्मा जी मंदिर में उनकी मर्यादा मूर्ति के अनावरण के आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि अद्वैत हो, द्वैत हो, यह मंजिल तक पहुंचने के अलग-अलग मार्ग हैं। जिसका अनुसरण करके लोक कल्याण का मार्ग प्रशस्त हो, संतों ने हमें वह राह दिखाई। भारतीय मनीषियों ने यह कभी नहीं कहा कि मैं जो कह रहा हूं, यही धर्म है। ऋषि, संतों की परंपरा ने एक ही बात कही महाजनो येन गतः स पन्थाः यानि महापुरुषों के द्वारा बताया गया मार्ग ही धर्म है। धर्म की इस विराट व्याख्या को भारत के अलावा कोई नहीं समझ सकता। सीएम ने कहा कि भारतीय मनीषियों ने कहा कि एकं सद्विप्रा बहुधा वदन्ति यानी सत्य एक है। विद्वान उसकी अलग-अलग व्याख्या कर सकते हैं, मार्ग दिखा सकते हैं लेकिन मंजिल एक ही होगी। यही मंजिल है जिसे आज से एक हजार वर्ष पहले स्वामी रामानुजाचार्य ने आक्रांताओं से त्रस्त इस धरती को नया जीवन प्रदान करने के लिए दृष्टि दी थी, वह भारत की दर्शन की विशिष्टता द्वैत की परंपरा के साथ जुड़ता है। इसने भारत को नई राह दिखाई। इसके पहले शंकराचार्य ने अद्वैत मार्ग का अनुसरण करने की प्रेरणा दी। कालांतर में अनेक दृष्टांत प्राप्त होते हैं।

जब पूज्य संतों का मार्गदर्शन व सानिध्य हर कालखंड में प्राप्त हुआ। वही दर्शन विकास की प्रक्रिया का हिस्सा बना। वे एक दूसरे की बात को पुष्ट व परिपुष्ट करते हुए आगे बढ़ते हैं। भारत पूज्य संतों की परंपरा पर गौरव की अनुभूति कर रहा है।

### जब दुनिया अंधकार में थी तब हमारे ऋषि-मुनियों ने दिया ज्ञान का प्रकाश

**गोरक्षपीठाधीश्वर** व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हम सभी धन्य हैं कि भारत की धरती पर जन्म लेने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। महाभारत जैसा ग्रंथ भी इस बात का साक्षी है। 5000 वर्ष पहले भगवान वेदव्यास ने जब इसकी रचना की थी तो आज के कथित विकसित देश, सभ्यताएं अंधकार में थीं। क्योंकि दुनिया अंधकार में थी और भारत ऋषि-मुनियों व संतों के कारण दुनिया को ज्ञान का प्रकाश दे रहा था। सीएम ने बुधवार को अयोध्या के राममंत्रार्थ मंडपम में श्रीराम मंत्र महायज्ञ रजत जयंती महामहोत्सव में उपस्थित संतों, श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि संतों की साधना से जो भी सिद्धियां प्राप्त कीं, वह लोककल्याण-परमार्थ के लिए थीं, स्वार्थ के लिए नहीं। इस पीठ की परंपरा भी उसी प्रकार की रही है। साधना से जो भी अर्जित किया, वह प्रभु के श्रीचरणों के समर्पित कर लोककल्याण किया। सीएम ने कहा कि यह भगवान राम के मंत्रों की साधना का असर है। श्रीराम हर्षण कुंज पीठ के पूज्य महंत ने 13 कोटि श्रीराम मंत्र का जप करके अखंड साधना से जो दिव्य अमृत सिद्धि के रूप में प्राप्त की थी।

# प्रवर्तन कार्य में और तेजी लाने के आबकारी मंत्री ने दिए निर्देश

**● सितंबर माह में आबकारी विभाग ने बीते साल की तुलना में हासिल किया 2537 करोड़ रुपए का अधिक राजस्व**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**आबकारी** राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार नितिन अग्रवाल ने सभी पांचों जोन- वाराणसी, गोरखपुर, लखनऊ, आगरा एवं मेरठ के संयुक्त आबकारी आयुक्तों का अधिक से अधिक राजस्व प्राप्त किए जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए प्रवर्तन कार्य में और अधिक तेजी लाई जाए। उन्होंने कहा कि जिन जनपदों में अधिक राजस्व प्राप्ति करने में कठिनाई हो रही है, उन जनपदों की समस्याओं से अवगत होते हुए सम्बन्धित संयुक्त आबकारी आयुक्त, जोन स्वयं जनपदों में जाकर उसकी समीक्षा करते हुए उनकी समस्याओं का समाधान करें। उनके द्वारा प्रवर्तन कार्य पर विशेष ध्यान दिए जाने का निर्देश दिया गया।

आबकारी राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार बुधवार को विभागीय विभागीय अधिकारियों के साथ माह सितम्बर 2022 तक के विभागीय कार्य-कलापों के साथ-साथ माह सितम्बर तक विभाग द्वारा जोनवार प्राप्त किए गए राजस्व कृत प्रवर्तन कार्यों, दुकानों पर पीओएस मशीनों के वितरण तथा शराब की बोतलों को उससे स्कैन करते हुए बिक्री किए जाने की समीक्षा कर रहे थे। इसके साथ साथ ही उन्होंने शासन द्वारा निर्धारित छह माह की कार्ययोजना की भी समीक्षा की। शासन द्वारा निर्धारित छह माह की कार्य योजना के अन्तर्गत प्रदेश में छह इकाईयों को आसवनी स्थापित किए जाने की अनुमति दिया जाना तथा सात आसवनियों का कन्स्ट्रक्शन पूर्ण कराकर उत्पादन प्रारम्भ कराया जाना निर्धारित था। इस सम्बन्ध में अपर मुख्य सचिव आबकारी संजय आर. भूसरेड्डी द्वारा अवगत कराया गया कि दोनों कार्यों को शत-प्रतिशत निर्धारित अवधि में पूरा कर लिया गया है। अपर मुख्य सचिव आबकारी द्वारा यह भी बताया गया कि शासन के छह माह की कार्य योजना में उपरोक्त के अतिरिक्त एक ब्रेवरी का कन्स्ट्रक्शन पूर्ण कराकर उत्पादन प्रारम्भ कराया जाना तथा उक इकाई को वाइनरी स्थापित करने की अनुमति दिया जाना था, जिसकी भी शत प्रतिशत पूर्ति कर ली गई है। प्रदेश स्तर पर 6 माह में राजस्व प्राप्तियों की समीक्षा के दौरान आबकारी आयुक्त सेंथिल पांडियन द्वारा बताया गया कि माह सितम्बर 2022 तक विभाग द्वारा 18561.60 करोड़ का राजस्व प्राप्त किया गया है।

# उप्र विधान सभा अध्यक्ष ने जम्मू कश्मीर के उपराज्यपाल से की भेंट



पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**उत्तर** प्रदेश विधान सभा के अध्यक्ष सतीश महाना ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा से राजभवन में शिष्टाचार भेंट की। इस अवसर पर विधान सभा अध्यक्ष ने उपराज्यपाल मनोज सिन्हा को उत्तर प्रदेश विधान सभा की मासिक पत्रिका संसदीय दीपिका और पिछले 6 माह की उपलब्धियों का विवरण एवं आजादी के बाद उत्तर प्रदेश विधान सभा में प्रथम बार महिला सदस्यों के लिए बुलाए गये विशेष उपवेशन पर अपने अनुभव साझा किए। महाना ने युवाओं के विकास एवं कल्याण से संबन्धित कई मुद्दों पर भी चर्चा की। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने जम्मू-कश्मीर के वर्तमान विकासात्मक परिदृश्य पर विचार-विमर्श करते हुए महाना से कहा कि जम्मू.कश्मीर सामाजिक और आर्थिक विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है।

# सूबे की 21113 स्वास्थ्य इकाइयां होंगी हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में तब्दील

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने कहा कि प्रदेश में कुल 21113 स्वास्थ्य इकाईयों (सब सेंटर पीएचसी और अर्बन सब सेंटर को हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर के रूप में उच्चीकृत करने का लक्ष्य है। जहाँ भूमि उपलब्ध है, वहाँ आवश्यक निर्माण, लक्षित केन्द्रों की ब्रांडिंग, मानकानुसार फर्नीचर, उपकरण एवं डॉयग्नोस्टिक किट की उपलब्धता जनपद स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। साथ ही अधिकारियों द्वारा नियमित रूप से परीक्षण किया जाए कि जितने हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर संचालित हैं उन पर आवश्यक संसाधन क्रियाशील रहे।

बुधवार को वीडियो कान्फ्रेंसिंग के जरिए उप मुख्यमंत्री ने विभागीय समीक्षा बैठक में अधिकारियों से कहा कि प्रदेश के सभी स्वास्थ्य अधिकारी मौसम और विलम्बित वर्षा को देखते हुये सतर्क रहें। उन्होंने निर्देश दिया है कि विभिन्न प्रकार के संचारी रोग, विशेष रूप से स्वाइन फ्लू, डेंगू, मलेरिया, कालाजार, चिकनगुनिया इत्यादि के नियंत्रण के लिये चिकित्सालयों में सभी आवश्यक कदम उठायें जायें। स्थानीय प्रशासन एवं अन्य विभागों सहित स्वंयसेवी संस्थाओं का सहयोग लेते हुए अस्पतालों में आईसोलेशन वार्ड बनाकर पूरी व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। उन्होंने प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत आयुष्मान कार्ड बनाने की प्रक्रिया में और तेजी लाने हेतु निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कुछ जनपदों में आयुष्मान कार्ड बनाने का प्रेरणास्पद कार्य हुआ है किन्तु कई जनपदों में अभी और अधिक तेजी लाए जाने की आवश्यकता है। इसके साथ ही सूचीबद्ध अस्पतालों और लक्षित समूहों के बीच में समन्वय स्थापित किये जाने की आवश्यकता है ताकि लोगों को इस योजना का लाभ मिल सके। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि जनपदों के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 6 शैय्या वृद्धि, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में 20 शैय्या वृद्धि और जिला चिकित्सालयों में शैय्या वृद्धि, फील्ड चिकित्सालयों एवं उपकेन्द्रों का निर्माण, बीपीएचयू लैब, आईपीएचएल लैब, क्रिटिकल केयर ब्लॉक इत्यादि की स्थापना के लिए धनराशि जनपदों को अवमुक्त की जा रही है। उन्होंने कहा कि इन परियोजनाओं को ससमय पूरी पारदर्शिता के साथ उच्च गुणवत्ता युक्त पूरा कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। निर्माण कार्यों के संबंध में कार्यदाई संस्थाओं के साथ बैठक करते हुए कार्य में तेजी लाई जाए। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत जनपदों को जारी की गयी धनराशि को उपयोग करते हुए निर्माण इत्यादि कार्यों में तेजी लाई जाए। इसके साथ ही आशा एवं आशा संगिनियों को भुगतान की जाने वाली प्रोत्साहन धनराशि उन्हें समय से उपलब्ध कराया जाना सुनिश्चित किया जाए। प्रधानमंत्री टीबी मुक्त भारत अभियान के अन्तर्गत हेतु नि:क्षय मित्र योजना के अन्तर्गत सभी मरीजों को प्रत्येक माह धनराशि का बैंक में भुगतान करने के साथ ही अधिक से अधिक सहमत मरीजों को नि:क्षय मित्र के द्वारा गोद लेने की कार्यवाही और उसको नि:क्षय पोर्टल पर अपलोड करने की कार्यवाही का समयबद्ध अनुश्रवण किया जाए। उपमुख्यमंत्री ने निर्देश दिया की प्रदेश के चयनित 38 जनपदों में स्पेशल इम्यूनाइजेशन ड्राईव की सघन समीक्षा की जाये ताकि कोई भी लाभार्थी न छूट पाये। उन्होंने कहा कि सभी सरकारी अस्पतालों में डॉक्टर एवं अन्य स्टाफ की नियमित सक्रियता के साथ ही यह भी सुनिश्चित किया जाए कि सभी उपलब्ध उपकरण, 102,108 एम्बुलेंस की क्रियाशीलता और सभी उपलब्ध डॉयग्नोस्टिक टेस्ट की सुविधा जनता के लिये सुलभ हो। जन शिकायतों, विशेष रूप से आईजीआरएस की जन शिकायतों का गुणवत्ता और तत्परता के साथ निस्तारण सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य विभाग की समस्त सुविधायें जन मानस को सुलभ रूप से उपलब्ध कराने हेतु पूरे विभाग को एक साथ एकजुट होकर काम करना होगा। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य पार्थ सारथी सेन शर्मा, सचिव रवीन्द्र कुमार, मिशन निदेशक अपर्णा यू, महानिदेशक लिली सिंह एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थें।

## राजू श्रीवास्तव के योगदान को हमेशा याद किया जाएगा: केशव

**लखनऊ।** उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य दिवंगत प्रसिद्ध हास्य कलाकार एवं अभिनेता राजू श्रीवास्तव के लखनऊ स्थित आवास पर आज पहुंचकर उनके परिवारी जनों से आत्मिक भेंट की। श्री मौर्य ने परिवारीजनों को ढांढस बंधाते हुए कहा कि राज्य सरकार स्वर्गीय राजू श्रीवास्तव के परिवार के साथ हमेशा खड़ी रहेगी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश फिल्म विकास परिषद के चेयरमैन के रूप में उत्तर प्रदेश में फिल्मों को बढ़ावा देने के लिए स्व. राजू श्रीवास्तव के योगदान को हमेशा स्मरण किया जाता रहेगा।

## रक्षामंत्री कराऐंगे मोती झील का सौंदर्यीकरण

**लखनऊ।** रक्षामंत्री एवं लखनऊ सांसद राजनाथ सिंह के निर्देश पर रक्षामंत्री ओएसडी केपी सिंह और लखनऊ महानगर अध्यक्ष मुकेश शर्मा ने मालवीय नगर मोती झील स्थल का निरीक्षण किया और उसके सौंदर्यीकरण के लिए वीसी एलडीए इंद्रमणि त्रिपाठी से वार्ता कर शीघ्र कार्य को प्रारंभ करने को कहा। मोती झील में गंदगी और जलकुंभी भराव से खराब स्थिति और आसपास के क्षेत्र में हो रहे अतिक्रमण से सुरक्षित रखने के लिए क्षेत्रीय नागरिकों ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह से सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की थी। जिसको स्वीकार करते हुए सौंदर्यीकरण के लिए आवश्यक कार्यवाही के संबंध में एलडीए को निर्देशित किया गया था। इस कार्य को लेकर बुधवार को ओएसडी केपी सिंह ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। और संबंधित अधिकारियों से वार्ता के उपरांत शीघ्र कार्य प्रारंभ किए जाने की जानकारी प्रदान की। इसके अतिरिक्त धानुक समाज द्वारा सुदर्शन पुरी ऐशबाग क्षेत्र में धानुक बस्ती में सामुदायिक केंद्र के निर्माण और पार्क सौंदर्यीकरण की मांग रक्षामंत्री से की गई थी, उसके निर्माण के लिए नगर निगम अधिकारियों के साथ ओएसडी ने क्षेत्र का निरीक्षण किया। सीएसआर फंड द्वारा निर्माण कार्य कराए जाने के लिए ब्रिज एंड रूफ कंपनी से शीघ्र नगर निगम को एस्टीमेट प्रदान करने के निर्देश दिए गए।

# बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों में भूसे का वितरण कराया जाए: पशुधन मंत्री

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**पशुधन** एवं दुग्ध विकास मंत्री धर्मपाल सिंह ने कहा है कि पूर्वान्चल के शेष 10 मण्डलों में 4.0 लाख खुराक प्रतिदिन 10 दिवस के लक्ष्य के साथ 22 अक्टूबर तक प्रदेश के कुल गोवंश के सापेक्ष 80 प्रतिशत गोवंशों में टीकाकरण पूर्ण कर लिया जाय। उन्होंने कहा है लम्पी रोग से ग्रसित गोवंश हेतु 20 लाख आइबरमैक्टीन की टैबलेट का क्रय कर उसका वितरण सुचारू रूप से किया जाए। साथ ही बाढ़ ग्रस्त क्षेत्रों में भूसे का अतिरिक्त प्रबन्ध भी कर लिया जाय जिससे आवश्यकता पड़ने पर क्षेत्रों में वितरित कराया जा सके और बाढ़ प्रभावित ग्रामों में पशुओं में गलाघोटू बीमारी से बचाव हेतु टीकाकरण कार्य में तेजी लायी जाय। पशुधन मंत्री ने यह बात बुधवार को विधान सभा स्थित अपने कार्यालय कक्ष में लम्पी रोग के नियंत्रण एवं बचाव हेतु गठित टीम-9 की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही।



उन्होंने कहा कि यूपी में अब तक लम्पी स्किन डिजीज का 1,041,02,000 डोज का टीकाकरण कराया जा चुका है जो प्रदेश के कुल गोवंश का 55 प्रतिशत है। प्रदेश के 06 मण्डलों यथा आगरा,अलीगढ मेरठ, सहारनपुर मुरादाबाद एवं बरेली में 80 प्रतिशत से अधिक एवं कानपुर और झासी मण्डल में 70 प्रतिशत टीकाकरण पूर्ण कर लिया गया है। अब तक पूरे प्रदेश में कुल 85662 पशु, 5749 ग्रामों में लम्पी स्किन डिजीज से ग्रसित पाये गये हैं जिनमें से 64494 (75 प्रतिशत) इलाज के बाद स्वस्थ्य हो चुके है। बैठक में अपर मुख्य सचिव, पशुधन डा. रजनीश दुबे ने मंत्र को अवगत कराया कि प्रदेश में लम्पी स्किन डिजीज से बचाव हेत अब तक 1.50 करोड गोट पॉक्स वैक्सीन की खुराक का क्रय आदेश निर्गत किया गया है जिसके सापेक्ष प्रदेश के विभिन्न मण्डलों में 1,37,50,000 खुराक वैक्सीन की आपूर्ति की जा चुकी है शेष वैक्सीन 2 दिनों में पहुंच जायेगी। बैठक में पशुधन मंत्री एवं अपर मुख्य सचिव, पशुधन के साथ शासन एवं पशुपालन विभाग के अधिकारियों द्वारा गत 06 अक्टूबर से 08 अक्टूबर तक चंडीगढ़, कुरूक्षेत्र (हरियाणा), एनबीएजीआर (करनाल) के भ्रमण से संबंधित प्रजेंटेशन भी प्रस्तुत किया गया। प्रजेंटेशन में गुरूकुल कुरूक्षेत्र (हरियाणा) के कृषि क्षेत्र ग्राम कैथल की प्राकृतिक खेती, गोशालाओं में उच्च विदेशी एवं स्वदेशी गायों के नस्ल सुधार हेतु वर्गीकृत वीर्य का उपयोग तथा पशुओं में खुरपका, मुंहपका तथा गलाघोटूं की कम्बाइन्ड वैक्सीन का प्रयोग टीकाकरण में किये जाने, राष्ट्रीय पशु आनुवांशिक संसाधन ब्यूरो, करनाल हरियाणा में पशुधन और कुक्कुट अनुवांशिक संसाधनों की पहचान मूल्यांकन, लक्षण वर्णन, संरक्षण और सतत उपयोग तथा प्रादेशिक पशु प्रजनन नीति में स्थानीय अनुकूलित देशी पशुओं के संरक्षण पर विशेष ध्यान दिये जाने, डेयरी पशुओं के उत्पादन एवं प्रबंधन, दूध प्रसंस्करण प्रौद्योगिकियों और उपकरणों के नवाचार, शोध क्षेत्र में बायोटेक्नोलॉजी, पशु प्रजनन-क्लोनिंग द्वारा उच्च गुणवत्ता के पशुधन का विकास आदि के संबंध में चर्चा की गई।

## महिला कैदी भी रखेंगी करवा चौथ का व्रत, बैरकों में कर सकेंगीं पूजा-पाठ

**लखनऊ।** प्रदेश के कारागारों में भी महिला बंदी करवा चौथ का व्रत रखेंगी। जिसको लेकर जेल प्रशासन ने पूजा-पाठ सामग्री से लेकर खाद्य सामग्री तक की व्यवस्था पूरी कर ली है। जिसके के लिए जेल में महिला बंदियों को उनके पतियों से भी मुलाकात कराई जायेगी। कारागार राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मवीर प्रजापति ने प्रदेश की सभी जेलों में पूजा पाठ की समुचित व्यवस्था कराने के निर्देश सभी जेल अधीक्षकों को जारी किए हैं। प्रजापति ने प्रमुख सचिव कारागार एवं जेल महानिदेशक को निर्देशित किया है कि करवा चौथ के पावन पर्व पर प्रदेश के समस्त कारागारों में निरूद्ध सुहागिन महिलाओं की भावनाओं के अनुरूप करवाचौथ मनाने के लिए नियमानुसार समुचित व्यवस्था कराया जाए। कारागार मंत्री ने निर्देशों में यह भी कहा है कि करवा चौथ के शुभ अवसर पर महिला बंदियों को चन्द्रोदय के बाद विधिवत दर्शन-पूजन आदि की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाए।

# नए एक्सप्रेस-वे धंसने को लेकर मायावती ने कसा बीजेपी पर तंज

**लखनऊ।** बसपा प्रमुख मायावती ने पूर्वांचल एक्सप्रेसवे के धंसने को लेकर बीजेपी सरकार पर निशाना साधा है। मायावती ने कहा कि लगातार नए एक्सप्रेस-वे धंसने-दरकने की खबरें चर्चा में हैं जो सरकारी दावों की पोल खोलता है। मायावती ने ट्वीट कर कहा कि नए एक्सप्रेसवे के धंसने, लखनऊ-उन्नाव की भी 50 किमी सड़क में 982 गड्ढों समेत यूपी के सभी स्थानों की सड़कों की खबरें सभी जगह चर्चा में हैं। मायावती ने कहा, जबकि यहां यूपी में दूसरी बार भाजपा की सरकार बनने के बाद से भी प्रदेश को गड्ढा-मुक्त करने के वादे व दावे हर मंत्री व नेताओं द्वारा लगभग हर रोज ही किए जाते हैं लेकिन इनके अन्य दावों की तरह ही सूबे को गड्ढा-मुक्त नहीं बना पाना लोगों को अब काफ ी विचलित कर रहा है। किन्तु इसके बावजूद भी इनके जले पर नमक छिड़कने के लिए केन्द्र व राज्य में दोनों सरकारें यूपी में अमेरिका जैसी सड़क बनाने जैसा हसीन सपना दिखाने में नहीं हिचक रही हैं। साथ ही गरीबी, महंगाई, बेरोजगारी व पिछड़ेपन आदि से त्रस्त व विकास की भूखी जनता चुप है कि आगे क्या होगा?

# डेंगू के 38 रोगी मिले, टीम ने इलाकों का किया निरीक्षण

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**जनपद** में डेंगू मरीजों की संख्या लगातार बढ़ रही है। बुधवार को लखनऊ में 38 डेंगू के रोगियों की पुष्टि हुई है। जनपद में 31 अक्टूबर तक संचारी रोगों के खिलाफ चलाये जा रहे अभियान के तहत आज डेंगू रोग के प्रभावी नियंत्रण हेतु मुख्य चिकित्सा अधिकारी के निर्देश पर जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने कई इलाकों का निरीक्षण किया।

जिन इलाकों में आज डेंगू के 38 रोगियों की पुष्टि हुई है, उनमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों के तहत सरोजनीनगर में 1, इंदिरानगर में 9, आलमबाग में 8, सिल्वर जुबिली इलाके में 3, अलीगंज में 6, मोहनलालगंज में 4, एनके रोड इलाके में5, चिनहट में 1, गोसाईगंज में 1 मरीज पाए गए। आज लगभग 995 घरों एवं आस.पास मच्छरजनित स्थितियों का सर्वेक्षण किया गया। साथ ही 23 घरों को नोटिस जारी किया गया। वहीं दूसरी तरफ जिला मलेरिया अधिकारी की टीम ने आज आलमबाग, अलीगंज, इन्दिरानगर, हजरतगंज, सरोजनीनगर, चौक, मोहनलालगंज, चिनहट, गोसाईगंज के विभिन्न वार्डों के आस.पास के क्षेत्रों का भ्रमण किया गया। भ्रमण के दौरान क्षेत्रीय जनता को घर के आस.पास पानी जमा न होने, पानी से भरे हुए बर्तन एवं टंकियों को ढंक कर रखें, हर सप्ताह कूलर के पानी को खाली करके साफ़ कपड़े से पोछ कर सूखा एवं साफ़ करने के बाद ही पुन: प्रयोग में लाने, पूरी बांह के कपड़े पहनने, बच्चों को घर से बाहर न निकलने, मच्छर रोधी क्रीम लगाने एवं मच्छरदानी में रहने तथा डेंगू एवं मच्छर जनित रोगों से बचाव हेतु क्या करें क्या न करें सम्बंधित स्वास्थ्य शिक्षा प्रदान की गयी।

### ओपीडी में बढ़ाए डॉक्टर

मरीजों की भीड़ के मद्देनजर अस्पताल की ओपीडी में डॉक्टरों की संख्या बढ़ा दी गई है। राउंड लेने के बाद डॉक्टर ओपीडी में मरीजों को देख रहे हैं। जबकि सुबह आठ बजे से कोई न कोई फिजिशियन ओपीडी में मरीजों को सलाह मुहैया करा रहे हैं। बलरामपुर, सिविल, रानी लक्ष्मीबाई व लोकबंधु की ओपीडी में संसाधन बढ़ाए गए हैं।

**कोरोना के चार नये मरीज मिले:** जनपद लखनऊ में आज कोरोना के 4 नये कोविड धनात्मक रोगी पाये गये हैं। इनमें से 1 पुरूष एवं 3 महिला रोगी है। आज कुल 11 व्यक्ति कोविड संक्रमण से स्वस्थ हुए। जनपद में एक्टिव केसों की संख्या 40 है। जिन इलाकों में कोरोना के केस मिले हैं उनमें अलीगंज में 1, रेडक्रास एरिया में 1, सिल्वर जुबिली एरिया में 1, रोगी प्रमुख रूप से मिला है।

# गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे की समयावधि 20 अक्टूबर तक बढ़ी

**● अब तक 6436 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे चिन्हित किये गये, 5170 मदरसों का सर्वे कार्य पूर्ण**

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**अल्पसंख्यक** कल्याण, मुस्लिम वक्फ एवं हज मंत्री धर्मपाल सिंह ने प्रदेश के गैर मान्यता प्राप्त मदरसों का सर्वे कार्य पूर्ण कराये जाने की समयावधि को 20 अक्टूबर तक बढ़ाने के निर्देश दिए हैं। मदरसों के सर्वे हेतु गठित सर्वे टीम द्वारा रिर्पोर्ट/संकलित डाटा अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) के माध्यम से 31 अक्टूबर, 2022 तक जिलाधिकारी को रिपोर्ट प्रस्तुत करने की कार्यवाही की जायेगी।। जिलाधिकारी द्वारा सर्वे का रिपोर्ट 15 नवम्बर 2022 तक शासन को उपलब्ध करायी जाएगी। सर्वे टीम द्वारा अब तक 6436 गैर मान्यता प्राप्त मदरसे चिन्हित किये गये हैं, जिनमें 5170 मदरसों के सर्वे का कार्य जनपद स्तर पर पूर्ण किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक स्तर पर निर्धारित समयावधि में ही सर्वे कार्य पूर्ण किया जाये। मंत्री धर्मपाल सिंह ने यह बात बुधवार को विधानभवन स्थित अपने कार्यालय कक्ष में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के अधिकारियों को मदरसों का सर्वे कार्य के सम्बन्ध में आहूत समीक्षा बैठक के दौरान कही। उन्होंनें कहा कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे कार्य की व्यापकता एवं संवेदनशीलता के दृष्टिगत तथा सर्वे टीम द्वारा प्राप्त सूचानाओं के आधार पर सर्वे कार्य की तिथि को 20 अक्टूबर तक आगे बढ़ाये जाने की निर्णय लिया गया है। उन्होंने निर्देश दिए कि 03 वरिष्ठ अधिकारियों की कमेटी बनाकर मदरसों के सर्वे कार्य की मण्डल स्तर पर दैनिक रूप से समीक्षा की जाए ताकि सर्वे कार्य को और अधिक तीव्र गति मिल सके। समिति में विशेष सचिव अल्पसंख्यक, निदेशक अल्पसंख्यक तथा रजिस्ट्रार मदरसा बोर्ड होंगे। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने अल्पसंख्यकों के सर्वांगीण विकास पर बल देते हुए कहा कि राज्य सरकार का उद्देश्य है कि अल्पसंख्यक समाज के बच्चों को गुणवत्तायुक्त एवं बेहतर शिक्षा दी जाए ताकि उनका सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि मदरसों में आवश्यक अवस्थापना संबंधी बुनियादी सुविधायें तथा बेहतर शैक्षणिक परिवेश उपलब्ध कराते हुए गुणवत्तायुक्त एवं आधुनिक शिक्षा प्रदान करते हुए मदरसों में पढ़ने वाले छात्र एवं छात्राओं को अंग्रेजी, विज्ञान, गणित, कम्प्यूटर एवं अन्य तकनीकी शिक्षा उपलब्ध कराते हुए उनका कौशल विकास करना तथा समाज की मुख्यधारा में शामिल करना राज्य सरकार की प्राथमिकता है। अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री ने कहा कि गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के विवरण में सर्वे टीम द्वारा मदरसे का नाम, मदरसे का संचालन करने वाली संस्था का नाम, स्थापना वर्ष, मदरसे की अवस्थिति का सम्पूर्ण विवरण, मदरसे में छात्र-छात्राओं के लिए आवश्यक बुनियादी अवस्थापना सुविधायें, अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की कुल संख्या, मदरसों में शिक्षकों की कुल संख्या, मदरसों में लागू पाठ्यक्रम, मदरसे की आय का स्त्रोत तथा मदरसों में पढ़ रहे छात्र किसी अन्य विद्यालय में नामांकित हैं या नही आदि का विवरण प्राप्त किए जाने का कार्य गंभीरतापूर्वक किया जाये। गैर मान्यता प्राप्त मदरसों के सर्वे हेतु गठित टीम में संबंधित तहसील के उपजिलाधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सम्मिलित है। बैठक में अपर मुख्य सचिव मोनिका एस. गर्ग ने सर्वे कार्य से सम्बन्धित अद्यतन स्थिति से मंत्री को अवगत कराया और निर्धारित समय सीमा में सर्वे कार्य पूरा किये जाने का आश्वासन दिया। बैठक में निदेशक अल्पसंख्यक कल्याण विभाग इन्दुमति, मदरसा बोर्ड के रजिस्ट्रार जगमोहन सहित वरिष्ठ विभागीय अधिकारी उपस्थित थे।

# जिलाधिकारी ने बाढ़ क्षेत्र का लिया जायजा

### ● प्रभावित गांव मानपुर, मल्लापुर के ग्रामीणों से की बातचीत

संवाददाता। सीतापुर

**बारिश के** चलते शारदा नदी उफान पर है तम्बौर क्षेत्र के गांव मानपुर मल्लापुर नदी के मुहान पर खड़ा हुआ है। गांव व नदी के बीच मात्र एक सड़क है जो गांव के बचाये हुए है। बुधवार दोपहर जिलाधिकारी अनुज सिंह मानपुर मल्लापुर पहुंचे और वहां ग्रामीणों से रूबरू हुए। जिलाधिकारी ने सबसे पहले नदी के स्वरुप को देखा उसके बाद ग्रामीणों के खाने की व्यवस्था देखी प्रशासन द्वारा पूरे गांव मे लंच पैकेट बटवाए गए उसके बाद स्वास्थ्य कैम्प की जानकारी ली कुछ दवाओं की कमी को लेकर सीएचसी अधीक्षक डॉ अनन्त मिश्र को दवाओं की उपलब्धता के साथ स्वयं को रुकने का निर्देश दिया। कीचड़ युक्त स्थानों पर ईंट लगवाने का निर्देश उपजिलाधिकारी लहरपुर अनुपम मिश्र को दिए ग्रामीणों के अनुरोध पर गांव की गलियों के प्रस्ताव बनाकर तत्काल भेजनें को बीडीओ बेहटा आत्मप्रकाश रस्तोगी को दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जिन किसानों की भूमि कटान मे गई है उनकी रिपोर्ट तैयार हो रही शाशन से जो भी स्वीकृति होगा पूरा मुआवजा दिलाया जाएगा इसके अलावा नदी मे पानी कम होने पर एक्ससीएन सिचाई विभाग विशाल पोरवाल को गंभीरता के साथ सड़क को कटने से बचाने के लिए निर्देशित किया। गांव व बाढ़ चौकी के साथ गांव तथा अधिकारियों की मॉनिटरिंग के लिए लहरपुर नगरपालिका प्रशासक व उपजिलाधिकारी अधिकारी दिब्या ओझा को दिए।

## रामपुरमथुरा क्षेत्र के करीब दो दर्जन विद्यालयों में घुसा बाढ़ का पानी

### ● बेमौसम हुई बरसात से बाढ़ की समस्या से कई गांव हुए प्रभावित

संवाददाता। सीतापुर

**बेमौसम से** हुई बारिश के बाद सीतापुर की तीन तहसीलों के सैकड़ों गांव बाढ़ प्रभावित हो गए, जिससे करीब रामपुरमथुरा के लगभग दो दर्जन विद्यालयों में पानी भर गया और नौनिहालों का भविष्य पानी में कैद होकर रह गया है। अगर बात करें पानी भर जाने वाले विद्यालयों की तो उनमें प्राथमिक विद्यालय बुद्धि पुरवा, प्राथमिक विद्यालय टेडवा मानिकपुर, प्राथमिक विद्यालय लोनीयन पुरवा, प्राथमिक विद्यालय पारा रामनगरा, प्राथमिक विद्यालय खुना पुरवा, प्राथमिक विद्यालय लोनीयनपुरवा, प्राथमिक विद्यालय पांडे पुरवा, कम्पोजिट विद्यालय शुकुलपुरवा, प्राथमिक विद्यालय मनेरा, प्राथमिक विद्यालय सिरकुंडा, प्राथमिक विद्यालय राजा इसरौली, प्राथमिक विद्यालय सोनरख पुरैना, प्राथमिक विद्यालय रमवापुर, प्राथमिक विद्यालय धान्धी, प्राथमिक विद्यालय भयापुर, प्राथमिक विद्यालय दरियापुर, कम्पोजिट विद्यालय अंगरौरा, प्राथमिक विद्यालय कनरखी, प्राथमिक विद्यालय अर्जुन पुरवा, प्राथमिक विद्यालय गोंडा देवरिया, प्राथमिक विद्यालय मथुरा पुरवा, प्राथमिक विद्यालय तिवारीपुर, कंपोजिट स्कूल मुरादपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय अटौरा, कम्पोजिट विद्यालय सोहरिया, प्राथमिक विद्यालय कटुवा घाट, प्राथमिक विद्यालय रायशेंनपुर, उच्च प्राथमिक विद्यालय टिकठा, प्राथमिक विद्यालय कोठार, प्राथमिक विद्यालय रमईपुर, प्राथमिक विद्यालय केवड़ा ,कम्पोजिट विद्यालय इटिया, प्राथमिक विद्यालय भगवतीपुर, प्राथमिक विद्यालय पडुखा, पूर्व माध्यमिक विद्यालय मितौरा, उच्च प्राथमिक विद्यालय मझिगवां, कम्पोजिट विद्यालय तुलसीपुर बंजर, प्राथमिक विद्यालय बरियारपुर, प्राथमिक विद्यालय कलुवापुर, कम्पोजिट विद्यायल देशी लौकिया, प्राथमिक विद्यालय अफ़्सरिया, प्राथमिक विद्यालय अखरी, प्राथमिक विद्यालय रामपुर मथुरा, प्राथमिक विद्यालय सियारपुर प्राथमिक विद्यालय शामिल है। इन स्कूलों में बाढ़ का पानी भर जाने से बच्चो की पढ़ाई पूरी तरीके से बाधित हो गई और ग्रामीणों पर खतरा मंडरा रहा है।

## मिश्रिख कोतवाली क्षेत्र से लाखों की हुई चोरी जांच में जुटी पुलिस !

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**कोतवाली मिश्रिख** इलाके में चोरो ने एक घर को निषाना बनाते हुए करीब दो लाख 5 हजार की नकदी समेत जेवरातों पर हाथ साफकर दिया। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर देकर जांच कर खुलासे की मांग की है। आपको बताते चलें कि मिश्रिख कस्बा के मोहल्ला खांकीसंराय वार्ड 4 के शमशाद अली पुत्र रिजवान के यहां दो अज्ञात चोर घुस गए, घर में सो रही षमषाद की मां के कान पर तमंचा लगाते हुए मुंह बाध दिया और नकदी समेत जेवरात चोरी कर ले गए। पीड़ित का कहना है कि मां के पास में रखे बक्षे से दो लाख 50 हजार की नगदी व एक पायल, एक चांदी का टीका लेकर चोर फरार हो गए। इस मामले में कोतवाली प्रभारी राकेश कुमार सिंह ने कहा कि जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जाएगा।

## क्विक न्यूज

### बच्चों ने पिया दूध में गिरी छिपकली वाला दूध, हड़कंप

**संदना सीतापुर।** दूध में गिरी छिपकली, छिपकली गिरी दूध को गोंदलामऊ के संविलियत पूर्व माध्यमिक विद्यालय के 22 छात्रों ने एमडीएम में पिया दूध, बच्चो को हुई उल्टियां, बिगड़ी हालत, बिगड़ी हालात देख प्रधानाध्यापिका नीलम सिंह ने शिक्षक संघ के अध्यक्ष अजय सिंह व आसपास विद्यालयों के शिक्षकों को दी सूचना, इसकी सूचना जैसे ही छात्रों के अभिभावकों को हुई मौके पर पूरे गांव वालों का जमावड़ा लग गया, स्थिति ना बिगड़े जिसके चलते मौके पर पहुंची पुलिस, स्कूल के प्रधानाध्यापक आने विद्यालय में ही गोंदलामऊ सीएससी से डॉक्टर वैशाली व प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामगढ़ के फार्मासिस्ट दिनेश गुप्ता को बुलवाया विद्यालय पहुंचे डॉक्टरों ने दूध पीने वाले सभी बच्चों का किया चेकअप स्थिति सामान्य, ग्रामीणों ने रसोईया की लापरवाही बताया, मामला गोंदलामऊ क्षेत्र के संविलियत पूर्व माध्यमिक विद्यालय गोपालपुर पश्चिमी का।

### भव्य कॉरिडोर बनेगा



**गोला गोकर्णनाथ.खीरी।** क्षेत्रीय जनसम्पर्क के दौरान दिवंगत विधायक अरविंद गिरि पुत्र अमन गिरि आज नगर पंचायत मैलानी में कार्यालय के उदघाटन के साथ ही कोरैयाए नगर सलेमपुरए क्षेत्र भ्रमणए इमलियाए मू?ा सरकटाए अहमदनगरए तेलिया कुंडाए कैथोलाए खंदनीए बगचनए रामदीनपुर में भ्रमण कर अमन गिरि ने 3 नवम्बर को होने वाले उपचुनाव में भारी संख्या में कमल वाले निशान पर बटन दबाकर भारी बहुमत से विजयी बनाने के लिए आमजनमानस से अपील की।अहमदनगर में जनसभा को सम्बोधित करते हुए अमन गिरि ने कहा कि पिता स्वर्गीय अरविंद गिरि विधायक के गोला विधानसभा के सभी प्रस्तावित विकास कार्यों को समय पर पूरा कराने में उत्तर प्रदेश सरकार अत्यंत गंभीरता से कार्य कर रही है। गोला विधानसभा के स्वास्थ्यए चिकित्सा व स?केए नालीए पुलियाए पुलए बस डिपो के पुनरुद्धारए खेल को प्रोत्साहित करने हेतु ग्रेन स्तर पर खेल स्टेडियमए प्रेक्षाग्रह इत्यादि सभी कार्यों को और भी बेहतर किया जाएगा।अमन गिरि ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आने वाली 3 नवम्बर को सभी बूथ के जिम्मेवार निर्भय होकर पुरतया समर्पित होकर एक एक वोट बूथ पर पहुंचाने व भारी संख्या मतदान कराने का कार्य करे।अमन गिरि ने कहा कि जिस तरह उनके पिताजी को सभी ने भारी मतों से विजयश्री दिलाकर विधानसभा भेजा था उसी तरह उसी जिम्मेवारी के साथ एक एक बूथ पर मजबूती से डटकर रहकर पार्टी को मं?बूत करने का कार्य करे।अमन गिरि ने कहा कि पिताजी कहा करते थे कि बूथ जीत तो चुनाव जीता इसलिए सभी कार्यकर्ताए सेक्टर प्रभारीए पन्ना प्रमुखए प्रमुख साथीएपार्टी कार्यकर्ताए व पदाधिकारीगण अपने अपने बूथ को मजबूती प्रदान करे।

### प्रवेंद्र ने दाखिल किया एक सेट में नामांकन

**लखीमपुर खीरी।** रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम अनुराग सिंह ने बताया कि बुधवार को अमन वर्मा ने दो सेट में नामांकन स्थल से नामांकन पत्र प्राप्त किया। वही बहुजन मुक्ति पार्टी रजिस्टर्ड ;गैर मान्यता प्राप्त दलद्ध ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन कक्ष से अब तक 12 व्यक्तियों ने 24 सेट प्राप्त किए।

### पॉक्सो एक्ट का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** गोला पुलिस के द्वारा पॉक्सो एक्ट के वांछित अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। बताते चलें पाक्सो एक्ट के अभियुक्त जितेन्द्र कुमार पुत्र मेवालाल नि0 ग्राम अमृतापुर थाना गोला जिला खीरी उम्र करीब 26 वर्ष को पुलिस ने गिरफ्तार किया । गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध नियमानुसार कार्यवाही की जा रही है।गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमरू उ0नि0 हृदयानन्द सिंहएकांस्टेबल राजीव सागरएकांस्टेबल चन्द्रेश कुमार शामिल रहे।

## सीतापुर जंक्शन पर मांगों को लेकर भूख हड़ताल पर बैठे रेलवे कर्मचारी

### ● रेलवे मजदूर यूनियन मेंस फेडरेशन कर्मचारियों ने की भूख हड़ताल

### ● 15 सूत्रीय मांगो के निस्तारण को लेकर जतया रोष

संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर जंक्शन** पर रेलवे मजदूर यूनियन संगठन के कर्मचारियों ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। यह हड़ताल इनकी 15 सूत्रीय मांगो को लेकर एक दिवसीय सीतापुर जंक्शन शुरू हुई, जिसमें संगठन के तमाम पदाधिकारी मौजूद रहे। आपको बता दें कि रेल कर्मचारियों की लम्बित मांगो के निस्तारण को लेकर हो रही देरी से रेलवे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है जिसे लेकर सीतापुर शाखा ने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। शाखा मंत्री भानू प्रताप सिंह ने कहा कि नई पेंशन स्कीम समाप्त कर पेंशन स्कीम लागू की जाए, भारतीय रेलवे का निजीकरण एवं निगमीकरण बंद किया जाए सहित 15 सूत्रीय मांगो को लेकर भूख हड़ताल शुरू की है। सीतापुर जंक्शन पर भूख हड़ताल कर रहे कर्मचारियों ने नारेबाजी भी की, सरकार से मांगे पूरी करने को लेकर अपनी बातें भी सामने रखी। इस दौरान सौरभ प्रधान, संजीव कुमार सिंह, विजय प्रताप सिंह, विजय सिंह, राजकुमार, रामसुमेर, राहुल वर्मा, ज्ञानदास, अजय कुमार, सुशील कुमार, मो. अनीस, दीपू कुमार रस्तोगी आदि मौजूद रहे।

**सीतापुर पहुंचे प्रमुख सचिव परिवहन ने किसे दिए निर्देश**

# अभ्युदय योजना व परिवहन विभाग की समीक्षा की

### ● प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल वेंकटेश्वर ने अधिकारियों के साथ बैठक

### ● कलेक्ट्रेट सभागार में हुई बैठक, अधिकारियों को दिए निर्देश

संवाददाता। सीतापुर

**बुधवार को** सीतापुर पहुंचे प्रमुख सचिव परिवहन विभाग एल वेंकटेष्वर लू ने कलेक्टेऊट सभागार में बैठक की। प्रमुख सचिव ने अभ्युदय योजना व परिवहन विभाग की समीक्षा बैठक अधिकारियों के साथ की। बैठक में अभ्युदय योजना को लेकर प्रमुख सचिव ने कहा कि उत्तर प्रदेश में कई ऐसे छात्र हैं जो कमजोर आर्थिक स्थिति के चलते प्रतियोगी परीक्षा की कोचिंग प्राप्त नहीं कर पाते हैं। ऐसे छात्रों के लिए योगी सरकार ने मुख्यमंत्री अभ्युदय योजना षुरू की है। जिसमें आइएएस, आइपीएस, एनडीए, सीडीएस, नीट और जेईई जैसी प्रतियोगिताओं की परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्रों के लिए यह योजना शुरू की है। योजना के अंतर्गत ऐसे सभी छात्रों को मुत कोचिंग प्रदान की जाएगी जो इन परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। चयनित कैंडिडेट को फ्री टेबलेट भी वितरित किया जा चुका है। कलेक्टेऊट सभागार में आयोजित बैठक में परिवहन विभाग की भी समीक्षा बैठक की। बैठक में बढ़ते रोड हादसों को लेकर लोगो को जागरूक करने की अपील अधिकारियों से की। उन्होंने कहा कि ट्रैक्टर ट्राली से जो हादसे हो रहे है, इसको लेकर सभी को जागरूक किया जाए, जिससे हादसों में कमी लायी जाए व युवाओं को हेलमेट लगाने के प्रति जागरूक किया जाएगा। बैठक के दौरान सीडीओ अक्षत वर्मा, एडिषनल एसपी दक्षिणी एनपी सिंह, एआरटीओ माला बाजपेई, सिटी मजिस्ट्रेट अमृता सिंह, एआरटीओ प्रवर्तन उदित नारायण, एआरएम राकेष कुमार, सीओ सुशील कुमार सहित तमाम अधिकारी गण मौजूद रहे।

## सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बरेली** । मोटरसाइकिल सवार एक युवक को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी वह गंभीर रूप से घायल हो गया उसे इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया।मीरगंज थाना क्षेत्र के गांव असद नगर निवासी 25 वर्षीय संजीव कुमार पुत्र राधेश्याम को बीते रात इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उसके घरवालों ने बताया कि संजू कल शाम को मोटरसाइकिल लेकर अपने किसी परिचित से मिलने के लिए घर से निकला था लेकिन जब रसूलपुर गांव के पास पहुंचा तभी पीछे से आ रहे किसी वाहन ने उसकी बाइक को टक्कर मार दी जिससे वह जमीन पर गिर कर गंभीर रूप से घायल हो गया और टक्कर मारने वाला वाहन फरार हो गए स्थानीय लोगों ने दुर्घटना की सूचना पुलिस को दी मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल के पास मिले मोबाइल फोन से उसके घरवालों को सूचना दे दी जो मौके पर पहुंचे और उसे स्वास्थ्य केंद्र ले गए जहां से देर रात उसे अस्पताल लाया गया।

## विश्व मानसिक जागरूकता सप्ताह में नशे की लत छोड़ने के प्रति किया गया जागरुक

संवाददाता। लखीमपुर खीरी



**वर्तमान मे** मानसिक स्वास्थ्य के प्रति जागरूक होना बहुत जरूरी हैए बदलती व्यस्त जीवनशैली और आधुनिकता से व्यक्ति के मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष प्रभाव प?ा है। इसीलिए प्रत्येक वर्ष 10 अक्टूबर को विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस और उसी सप्ताह मे विश्व मानसिक जागरूकता सप्ताह मनाया जाता है। इस सप्ताह व्यक्तिओ को मोबाइल की लतए नशाए डिप्रेशनए मादक पदार्थो का सेवन आदि से प?ने वाले प्रभाव से जागरूक किया जाता है।

जिला चिकित्सालयए लखीमपुर खीरी मे कार्यरत साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय द्वारा बताया गया कि पाँच मे से एक पुरुष और हर दस मे से एक महिला मानसिक समस्या से ग्रसित है। मानसिक अवसाद शारीरिक स्वास्थ्य के हानिकारक है। मानसिक मंदित व्यक्ति जीवन मे कई प्रकार की समस्याएं पैदा कर सकता है। किसी काम को करने मे असमर्थता जतानाए उत्पादकता कम होनाए निरंतर उदास बहुत और दुखी रहना। कई बार इसके चलते व्यक्ति आत्महत्या जैसे घातक कदम भी उठा सकता है।जब भी बात संपूर्ण स्वास्थ्य की होती है तो इसमे मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाता है। डॉक्टर्स का कहना है कि मानसिक और शारीरिक स्वास्थ्य एक दूसरे के पूरक औरए इनमे से एक मे भी होने वाली समस्या दूसरे को प्रभावित कर सकती है। अध्ययनो मे कई प्रकार की गंभीर और क्रॉनिक बीमारियां जैसे हृदय रोग और रक्तचाप आदि के लिए भी तनाव एक प्रमुख कारण है।

जिला चिकित्सालयए लखीमपुर खीरी मे कार्यरत मनोरोग विशेषज्ञ डॉक्टर अखिलेश शुक्ला द्वारा बताया गया कि कोविड के बाद मानसिक समस्याओ मे आश्चर्य रूप से उछाल आया है। मानसिक रोग का समय रहते इलाज संभव है। इस बीमारी का वैज्ञानिक ढंग से इलाज संभव है। मनोरोग अब अभिशाप नहीं है। चिन्ता और उलझन आज के भौतिक समय की प्रमुख बीमारी है जो आम आदमी की दैनिक दिनचर्या के बाधक है। इन लक्षणो के माध्यम से इस बीमारी को पहचाना जा सकता है। बार.बा ुबुरा होने का विचार आनाए झुनझुलाहट एवं अत्यधिक चिंताएंए तनाव महसूस होनाए जल्दी थकानए हांथो मे कम्पन होनाए ह?ब?ी मे रहनाए तनाव मुक्त ना हो पानाए अंधेरे मे डर लगनाए अकेले व भी? मे रहने पर डर लगना आदि है। काउंसलर देव नंदन श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि आहार विशेषज्ञ का कहना है कि मानसिक स्वास्थ्य को जंक ?ूड द्वारा भी नुकसान होता है। जंक ?ूड मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकता है। व्यक्तियों को जंक ?ूड खाने से परहेज करना चाहिएए और अपने आहार मे फाइबर युक्त आहार शामिल करना चाहिए जिस से व्यक्ती के मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य मे सुधा ुहो सके। मानसिक स्वास्थ्य के सुधार हेतु जिला चिकित्सालयए एमसीएच विंगए मोतीपुरए ओयलए लखीमपुर खीरी के कमरा नंबर 02 मे जिला मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम चलाया जा रहा हैए जहाँ पर डॉक्टर अखिलेश शुक्लाए साईक्रेटिक सोशल वर्कर अतुल कुमार पाण्डेय साईक्रेटिक नर्स विवेक मित्तल काउंसलर देव नंदन श्रीवास्तव द्वारा मानसिक मंदित व्यक्तियों का इलाज और कॉउंसलिंग की जा रही है और ऐसे लोग इलाज का लाभ ले सकते है।

# बीएलओ की बैठक हुई आयोजित





**मोहम्मदी खीरी।** उपजिलाधिकारी पंकज श्रीवास्तव की अध्यक्षता में तहसील सभागार में बीएलओ की एक बैठक आयोजित की गई। इसमें नगर पालिका परिषद मोहम्मदी और नगर पंचायत बरवर मे 05 अक्टूबर से मतदाता सूची का पुनरीक्षण का कार्य चल रहा हैए जिसमे 50 बीएलओ ए 5 सुपरवाइजर 01 सेक्टर अधिकारी नगर पालिका मोहम्मदी मेंए तथा 11 बी एल ओ 02 सुपरवाइजर 01 सेक्टर अधिकारी बरबर मे नियुक्ति किए गए हैं। आज बीएलओ की बैठक की गई जिसमें सभी बीएलओ को निर्देशित किया गया कि सभी बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेंगे। 01जनवरी 2022 तक जो 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे हे ऐसे कोई भी व्यक्ति मतदाता बनने से न छूटें। साथ ही विलोपन संशोधन और परिवर्धन की कार्यवाही 20 अक्टूबर तक सभी बीएलओ घर घर जाकर सर्वे करेंगे। बैठक तहसीलदार संतोष कुमार शुकला बरवर अधिशासी अधिकारी सपना भारद्वाज तथा समस्त सुपरवाइजर उपस्थित रहे हैं। खंड शिक्षा अधिकारी मोहम्मदी को उपजिलाधिकारी ने बताया कि खण्ड शिक्षा अधिकारी को मोहम्मदी का और पसगवा खंड शिक्षा अधिकारी को बरबर का सेक्टर अधिकारी बनाया गया है। वही नगर पालिका परिषद मोहम्मदी और नगर पंचायत बरबर के नागरिकों से भी अपील है की जिनकी आयु 01 जनवरी 2022 को 18 वर्ष हो गई है वो चाहे तो अपने बीएलओ से संपर्क कर अपना नाम मतदाता सूची में बढ़वा सकते है।

# पेज एक का शेष

### बलि देकर...

तीनों ने क्लीवर और चाकू की मदद से पदमा के शरीर के 56 टुकड़े किए। आरोपियों ने उसके शरीर के अंगों को एक बाल्टी में एकत्रित करने के बाद आवास परिसर में एक गढ्डे में डाल दिया। पूछताछ में तीनों ने इस बात को स्वीकार किया कि उन्होंने इसी तरह जून माह में अशोकपुरम के अलुवा निवासी रोसिली वर्गीज की भी हत्या की थी। रोसिली को 10 लाख रुपये देने का लालच देकर दंपती के घर लाया गया था। जहां उसके हाथ-पैर को बेड से कसकर बांधने के साथ मुंह में कपड़ा ठूस कर मुंह टेप चिपका दिया था। जिसके बाद शफी ने उसके निजी अंगों पर चाकू से वार करने के बाद उसका गला काट दिया। उसके भी शरीर को कई भाग में काटने के बाद आरोपियों ने उसे बाल्टी में भरकर घर के पूर्वी हिस्से में दफना दिया। असिस्टेंट कमिश्नर एस. शशिधरन ने मीडिया से कहा कि आने वाले दिनों में आरोपियों द्वारा और भी चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं।

### नोटबंदी की...

मुद्दों पर अदालत का समय बर्बाद नहीं करना चाहिए। मेहता की दलील पर आपत्ति जताते हुए याचिकाकर्ता विवेक नारायण शर्मा की ओर से पेश हो रहे वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान ने कहा कि वह संवैधानिक पीठ के समय की बर्बादी जैसे शब्दों से हैरान हैं, क्योंकि पिछली पीठ ने कहा था कि इन मामलों को एक संविधान पीठ के समक्ष रखा जाना चाहिए। एक अन्य पक्ष की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पी. चिदंबरम ने कहा कि यह मुद्दा अकादमिक नहीं है और इसका फैसला शीर्ष अदालत को करना है। उन्होंने कहा कि इस तरह के विमुद्रीकरण के लिए संसद से एक अलग अधिनियम की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने मामले की अगली सुनवाई के लिए नौ नवंबर, 2022 की तारीख मुकर्र की है। तत्कालीन प्रधान न्यायाधीश टीएस ठाकुर की अध्यक्षता वाली पीठ ने 16 दिसंबर, 2016 को नोटबंदी के निर्णय की वैधता और अन्य मुद्दों से संबंधित प्रश्न पांच न्यायाधीशों की एक संविधान पीठ को भेज दिया था। तीन न्यायाधीशों की पीठ ने तब कहा था कि यह मानते हुए कि 2016 की अधिसूचना भारतीय रिजर्व बैंक अधिनियम, 1934 के तहत वैध रूप से जारी की गई थी, लेकिन सवाल यह था कि क्या वह संविधान के अनुच्छेद 14 और 19 के विपरीत थी? अनुच्छेद 300(ए) कहता है कि किसी भी व्यक्ति को कानूनी तौर पर सुरक्षित उसकी संपत्ति से वंचित नहीं किया जाएगा। पीठ ने एक मुद्दे का जिक्र करते हुए कहा था, क्या बैंक खातों में जमा राशि से नकदी निकालने की सीमा का कानून में कोई आधार नहीं है और क्या यह अनुच्छेद 14,19 और 21 का उल्लंघन है? अनुच्छेद 14 कानून के समक्ष समानता प्रदान करता है, जबकि अनुच्छेद 19 भाषण और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता से संबंधित है तथा अनुच्छेद 21 जीवन एवं व्यक्तिगत स्वतंत्रता की सुरक्षा के मौलिक अधिकारों से संबंधित है।

### रेल कर्मियों...

लाभ होगा। मंत्री ने बताया कि इससे अनुमानित तौर पर।,832.09 करोड़ रूपए का वित्तीय भार सरकार पर पड़ेगा। सरकारी बयान के अनुसार, उत्पादकता आधारित बोनस प्रदान करने का फैसला कोविड के बाद चुनौतियों के कारण प्रतिकूल वित्तीय प्रभाव के बावजूद लिया गया है।

### कॉर्पोरेट धोखाधड़ी...

नहीं कर सकते क्योंकि हम नहीं चाहते कि यह पता चले। पीठ ने कहा कि वह हलफनामे की एक प्रति अटॉर्नी जनरल कार्यालय को भेजेगी। पीठ ने मौखिक रूप से कहा, आप अपने कार्यालय का इस्तेमाल करें और देखें कि संबंधित व्यक्ति को सुरक्षा मिले। शीर्ष अदालत ने कहा कि अटॉर्नी जनरल ने उसे आश्वासन दिया है कि मामले की जांच की जाएगी और संबंधित व्यक्ति और उसके परिवार की व्यक्तिगत सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त तथा प्रभावी कदम उठाए जाएंगे। पीठ ने एक वरिष्ठ अधिवक्ता को न्याय मित्र नियुक्त करते हुए मामले में अगली सुनवाई के लिए तीन नवंबर की तारीख तय की।

### भारत जोड़ो...

है जिसे हमें विकसित करना चाहिए और संजोना चाहिए। उन्होंने कहा कि जीवन इतना मूल्यवान है कि इसे कुछ लोगों के घृणापूर्ण और लालची षडयंत्रों में नहीं गंवाया जा सकता। कांग्रेस नेता ने कहा कि कन्नड़ के दिवंगत अभिनेता राजकुमार और उनके अदाकार बेटे दिवंगत पुनीत राजकुमार ने भी अपनी आंखें दान देकर निस्वार्थ कार्य किया, जिससे लाखों कन्नड़ भाषियों और अन्य को प्रेरणा मिली तथा अंग दान की अहमियत के प्रति लोगों में जागरुकता फैली। उन्होंने कहा कि मुझे आपको यह बताते हुए बहुत गर्व हो रहा है कि 33 भारत यात्रियों ने कर्नाटक की खूबसूरत जमीन से अपनी आंखें दान देने का संकल्प लिया है। किन्नर समुदाय के लोगों ने भी राहुल गांधी के साथ अपनी कहानियां साझा कीं। राहुल से मिली रियाना राजो ने कहा कि सरकार किन्नर समुदाय की स्थिति को नहीं समझती। इन्हें अनेक कष्ट झेलने पड़ रहे हैं और आजीविका के लिए पीढ़ियों से वैश्यावृति को मजबूर होना पड़ता है। अन्य लोगों की तरह उन्हें भी नौकरी व काम के अवसर उपलब्ध कराए जाने चाहिए। इस बातचीत में राहुल ने समाज के सभी वर्गों में समानता लाने पर जोर दिया। राहुल गांधी ने कहा कि सद्भाव, भाईचारे और मानवता की भावना में असीम प्रेम और आनंद है। यात्रा अपने 35वें दिन छल्लाकेरे से शुरू हुई और दिन में ऐतिहासिक चित्रदुर्ग जिले से गुजरी। तमिलनाडु, केरल को पार कर कर्नाटक से गुजर रही इस यात्रा में छात्रों, किसानों, बच्चों और समाज के अन्य तरह से पीड़ित लोगों ने साथ चल राहुल गांधी का साथ दिया।

# नामांकन कक्ष पहुंचे जिलाधिकारी लिया जायजा, दिए निर्देश



**लखीमपुर खीरी।** बुधवार की सुबह कलेक्ट्रेट स्थित अपर जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष में 139ए गोला गोकरननाथ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के उप निर्वाचन हेतु नामांकन प्रक्रिया शुरू हुई। डीईओ/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने अफ्सरों संग स्थलीय निरीक्षण करके नामांकन प्रक्रिया देखीए मौजूद अफ्सरों को जरूरी दिशा निर्देश दिए। बुधवार को करीब पूर्वाहन 11 बजे जिला निर्वाचन अधिकारी/ डीएम महेंद्र बहादुर सिंह ने सीडीओ अनिल कुमार सिंह, डिप्टी डीईओ/ एडीएम संजय कुमार सिंह संग पैदल नामांकन स्थल सहित नामांकन कक्ष का जायजा लिया एवं संबंधित को जरूरी निर्देश दिए। नामांकन प्रपत्र जमा किये जाने के लिए की गई व्यवस्थाओं का जायजा लेते हुए उप निर्वाचन के रिटर्निंग ऑफिसर/ उप जिला मजिस्ट्रेट (गोला) अनुराग सिंह को निर्देशित किया कि नामांकन से संबंधित समस्त प्रपत्रों को पूर्ण करते हुए उपलब्ध रखे जायें। डीएम ने सुरक्षा व्यवस्था में तैनात पुलिस कार्मिकों को भी जरूरी निर्देश दिए। इस दौरान सहायक रिटर्निंग अधिकारी/ तहसीलदार विनोद गुप्ता सहित नामांकन ड्यूटी में तैनात अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

# भाई-बहन के संगठन में सिमट गई कांग्रेस : नड्डा

**भाषा।** द्वारका (गुजरात)




**भारतीय** जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि देश में उनकी पार्टी ही एकमात्र राष्ट्रीय पार्टी बची है और यह ऊपर से नीचे तक विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि कांग्रेस एक भाई और बहन की पार्टी में सिमट गई है। उन्होंने आरोप लगाया कि देश में राजनीति की संस्कृति में बदलाव के बीच कांग्रेस नेताओं को पता नहीं है कि क्या करना है क्योंकि वे देश के नाम पर एक परिवार की सेवा करने, वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने और खुद की तिजोरी भरने के लिए पार्टी में रहे हैं। नड्डा द्वारका से पोरबंदर जाने वाली भाजपा की दूसरी गुजरात गौरव यात्रा के उद्घाटन समारोह में बोल रहे थे। इससे पहले दिन में, उन्होंने बहुचराजी शहर में ऐसी पहली यात्रा को हरी झंडी दिखाई जो कच्छ के मांडवी में समाप्त होगी। इस साल दिसंबर में होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए भाजपा दो दिन में पांच ऐसी यात्राएं शुरू करेगी, जो गुजरात के विभिन्न हिस्सों से गुजरेंगी।

उन्होंने कहा, एक समय था जब राजनीति का मतलब कमीशन होता था। एक समय था जब राजनीति का मतलब भ्रष्टाचार, कुर्सियों से चिपके रहना ... लोगों को धोखा देना और खुद आनंद लेना था। (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदी जी ने इस संस्कृति को बदल दिया और कमीशन के बजाय एक मिशन के रूप में देश की सेवा से जुड़े। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज भारत की राजनीति की संस्कृति बदल गई है। उन्होंने राहुल गांधी और उनकी बहन प्रियंका गांधी वाद्रा पर निशाना साधते हुए कहा, कोई अन्य राष्ट्रीय दल नहीं बचा है। मैं यह पूरी जिम्मेदारी के साथ कहता हूं कि कांग्रेस सिकुड़ गई है, और यह न तो राष्ट्रीय पार्टी है, न ही भारतीय पार्टी है, बल्कि भाई–बहन की पार्टी है। उन्होंने कहा कि कई प्रमुख क्षेत्रीय दल कुछ परिवारों द्वारा चलाए जाते रहे हैं, और यह अकेले भाजपा है जो एक विचारधारा आधारित राष्ट्रीय पार्टी है।

नड्डा ने कहा कि पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी), नेशनल कॉन्फ्रेंस, शिरोमणि अकाली दल (शिअद), समाजवादी पार्टी (सपा), राष्ट्रीय जनता दल (राजद), तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी), झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो), बीजू जनता दल, वाईएसआर कांग्रेस (वाईएसआरसी), तेलंगाना राष्ट्र समिति (टीआरएस), द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) और अन्य वंशवाद की राजनीति करने वाले दल हैं। उन्होंने कहा, शिवसेना विभाजन के बाद बच गई, अन्यथा यह एक परिवार द्वारा संचालित पार्टी बनी रहती। अब, जब (एकनाथ) शिंदे साहब आए, तो उन्होंने विचारधारा की बात की ... यह अकेले भाजपा है जो ऊपर से नीचे तक विचारधारा के लिए प्रतिबद्ध एक विचारधारा आधारित राष्ट्रीय पार्टी है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने विकास के नए आयाम स्थापित किए और नया मंत्र सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास दिया। उन्होंने कहा, समाजवादी पूंजीपति बन गए, जबकि मोदी जी ने आखिरी बिंदु पर खड़े आदमी की सेवा करने के उद्देश्य से काम किया।

नड्डा ने दावा किया कि राजनीति की संस्कृति में बदलाव के बीच कांग्रेस नेताओं को समझ में नहीं आ रहा कि राजनीति में क्या करना है, क्योंकि वे अपने स्वयं के आनंद के लिए, देश के नाम पर एक परिवार की सेवा करने के लिए, वंशवाद की राजनीति को बढ़ावा देने के लिए और अपनी तिजोरी भरने के लिए पार्टी में रहे हैं। उन्होंने कहा, लेकिन मोदी ने गुजरात और देश के लोगों को समझा दिया कि सेवा करने वाले ही ठहर पाएंगे। कमीशन की जगह मिशन के रूप में काम करने वाले ही टिक पाएंगे। अब लोगों को विनाश की ओर ले जाने वाले नहीं बचेंगे, लेकिन जो उन्हें विकास की ओर ले जा रहे हैं, वे ही टिक पाएंगे। द्वारका से शुरू यात्रा पोरबंदर में समाप्त होगी और इसमें कई केंद्रीय मंत्री तथा राज्य के नेता शामिल होंगे। इसकी शुरुआत के अवसर पर मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल भी मौजूद थे।



अगरतला में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू को गॉर्ड ऑफ ऑनर देते हुए महिला पुलिस कर्मी

## कांग्रेस अध्यक्ष के चुनाव में गुप्त मदान होगाः मिस्त्री

**नई दिल्ली (भाषा)।** कांग्रेस के केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के प्रमुख मधुसूदन मिस्त्री ने बुधवार को कहा कि पार्टी अध्यक्ष के चुनाव में गुप्त मतदान होगा और यह पता नहीं लगाया जा सकता कि किसने किसे वोट दिया तथा किस राज्य से किसी उम्मीदवार को कितने वोट मिले। उन्होंने यह भी कहा कि चुनाव प्राधिकरण ने यह सुनिश्चित करने का पूरा प्रयास किया है कि दोनों उम्मीदवारों के लिए समान अवसर हो। कांग्रेस अध्यक्ष पद के लिए 17 अक्टूबर को मतदान होना है और 19 अक्टूबर को मतगणना होगी। मल्लिकार्जुन खरगे और शशि थरूर उम्मीदवार हैं। मिस्त्री ने संवाददाताओं से बातचीत में मतदान की पूरी प्रक्रिया और तौर-तरीकों की जानकारी दी तथा मतपेटी और मतपत्र की झलक भी पेश की। मिस्त्री ने यह भी कहा कि मतदान के बाद उम्मीदवारों की एजेंट की मौजूदगी में मतपेटियों को सीलबंद किया जाएगा फिर संबंधित राज्यों के निर्वाचन अधिकारी इन पेटियों को लेकर कांग्रेस मुख्यालय पहुंचेंगे।

# अगर अध्यक्ष बना तो कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव कराऊंगा: थरूर

**भाषा।** नई दिल्ली



**कांग्रेस** अध्यक्ष पद के उम्मीदवार शशि थरूर ने बुधवार को कहा कि अगर वह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के प्रमुख बनते हैं तो पार्टी के मौजूदा संविधान को पूरी तरह से लागू करेंगे और संसदीय बोर्ड का भी गठन करेंगे जो कई वर्षों से नहीं बना है। थरूर ने यह भी कहा कि कांग्रेस को अपनी शक्तियों का विकेंद्रीकरण करना चाहिए और जमीनी स्तर के पदाधिकारियों को सही मायनों में सशक्त बनाना चाहिए। तिरुवनंतपुरम से लोकसभा सदस्य ने कहा कि कुछ महीने पहले हुए चिंतन शिविर में जिस उदयपुर नवसंकल्प पर सहमति बनी थी उसे वह पूरी तरह से लागू करेंगे।

यह पूछ जाने पर कि अध्यक्ष बनने पर कांग्रेस के लिए उनकी क्या योजनाएं हैं, 66 वर्षीय थरूर ने कहा, मैं सोचता हूं कि पहला कदम यह होगा कि कांग्रेस कार्य समिति का चुनाव कराया जाए ताकि पार्टी में आंतरिक लोकतंत्र का प्रसार हो सके। उनका कहना था, मैं कांग्रेस के संविधान को पूरी तरह से लागू करूंगा। संविधान के तहत कार्य समिति का चुनाव और संसदीय बोर्ड का गठन जरूरी है। उदयपुर नवसंकल्प को पूरी तरह लागू करूंगा। पार्टी के जी 23 समूह के नेताओं की यह प्रमुख मांग रही है कि कांग्रेस अध्यक्ष पद के अलावा कार्य समिति का भी चुनाव कराया जाए। थरूर भी इस समूह में शामिल थे जिसने सोनिया गांधी को अगस्त, 2020 में पत्र लिखा था। कांग्रेस ने उदयपुर चिंतन शिविर में जिस पर नवसंकल्प को जारी किया था उसमें एक परिवार, एक टिकट , संगठन में 50 वर्ष से कम उम्र के नेताओं को बड़े पैमाने पर प्रतिनिधित्व देने समेत कई सुधारों का वादा किया गया था। थरूर के अनुसार, उन्होंने अपने घोषणापत्र में इसका उल्लेख किया है कि कांग्रेस को प्रदेश कांग्रेस कमेटियों, जिला कमेटियों, ब्लॉक कमेटियों और बूथ कमेटियों के अध्यक्षों को असली ताकत देनी होगी ताकि राज्यों में पार्टी को सशक्त बनाया जा सके। उन्होंने कहा, हमें शक्तियों का विकेंद्रीकरण करना होगा और पार्टी के जमीनी पदाधिकारियों को सही मायनों में सशक्त बनाना होगा। मिसाल के तौर पर, हमारे पीसीसी डेलीगेट की पिछले 22 वर्षों से कोई भूमिका नहीं थी। अब वे 17 अक्टूबर को मतदान करेंगे।

# अदालत ने इकबालपुर झड़प की जांच के लिए एसआईटी जांच का आदेश दिया

**भाषा।** कोलकाता

**कलकत्ता** उच्च न्यायालय ने बुधवार को पश्चिम बंगाल के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) और कोलकाता के पुलिस आयुक्त को शहर के इक्बालपुर इलाके में हुई झड़प की जांच के लिए एक विशेष जांच दल (एसआईटी) गठित करने के निर्देश दिया। दो याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति जयमाला बागची की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने कहा कि राज्य सरकार की एक रिपोर्ट में कहा गया है कि स्थिति वहां शांतिपूर्ण हैं ऐसे में केंद्रीय बलों की तैनाती की जरूरत नहीं है। अदालत ने डीजीपी और पुलिस आयुक्त को सबूतों और वीडियो फुटेज के संरक्षण के लिए एसआईटी का गठन करने और घटना में शामिल लोगों की गिरफ्तारी के लिए कदम उठाने का निर्देश दिया।अदालत ने राज्य सरकार को सुनवाई की अगली तारीख पर एसआईटी के गठन और जांच पर रिपोर्ट सौंपने का निर्देश दिया। इस मामले में दो हफ्ते बाद फिर सुनवाई होगी। पीठ में न्यायमूर्ति अपूर्व सिन्हा रॉय भी शामिल हैं। पीठ ने राज्य सरकार द्वारा जमा की गई अनुपालन रिपोर्ट पर भी संज्ञान लिया कि उसने घटना की रिपोर्ट केंद्र को भेजी है जो केंद्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) अधिनियम के तहत अनिवार्य है क्योंकि घटना के दौरान बम धमाके हुए थे। पीठ ने कहा कि राज्य द्वारा उसके समक्ष प्रस्तुत रिपोर्ट में कहा गया है कि घटना के संबंध में पुलिस द्वारा दर्ज पांच प्राथमिकी में से तीन विस्फोटक पदार्थ अधिनियम के तहत थीं। अदालत ने कहा कि इस पर केंद्र सरकार को विचार करना है कि घटना की गंभीरता को देखते हुए क्या जांच एनआईए को सौंपी जानी है। पीठ ने कहा कि वह इसके बारे में कोई टिप्पणी नहीं कर रही। प्रदेश सरकार की रिपोर्ट में कहा गया कि 42 लोगों को गिरफ्तार किया गया और 15 बम और अन्य हथियार बरामद किए। अदालत ने राज्य सरकार को निर्देश दिया कि वह प्रभावित क्षेत्र में सद्भाव सुनिश्चित करे।

## पुलिस ने माओवादियों द्वारा छिपाए गए विस्फोटक बरामद किए

**गढ़चिरौली।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में पुलिस ने दो बम और एक पिस्तौल के साथ ही माओवादी उग्रवादियों द्वारा जंगल में बिछाई गई दो बारुदी सुरंगें बरामद की हैं। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गढ़चिरौली में विध्वंसक और हिंसक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए माओवादी विभिन्न प्रकार के हथियारों एवं विस्फोटकों का इस्तेमाल करते हैं। पुलिस ने एक विज्ञप्ति में कहा कि मंगलवार को खुफिया जानकारी मिली थी कि माओवादियों ने लड्डूडेरा के जंगलों में भारी मात्रा में विस्फोटक जमीन के अंदर छिपा दिया है ताकि सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाया जा सके। बयान के अनुसार गढ़चिरौली पुलिस की विशेष इकाई सी–60 कमांडो की एक टीम और बम निरोधक दस्ता (बीडीडीएस) ने तलाशी अभियान चलाया। तलाशी के दौरान उन्हें दो प्रेशर कुकर बम, दो बारुदी सुरंग, तार के दो बंडल और एल्युमिनियम का एक बर्तन भी मिला। उन्होंने कहा कि बीडीडीएस की मदद से विस्फोटकों को मौके पर ही नष्ट कर दिया गया।

**तमिलनाडु की मूर्ति शाखा ने किया दावा**

# चोरी गई दो मूर्तियों के अमेरिकी संग्रहालय में होने का पता चला

**भाषा।** चेन्नई



**तमिलनाडु** की मूर्ति शाखा सीआईडी ने राज्य से चुराई गई दो मूर्तियों के एक अमेरिकी संग्रहालय में होने का पता लगाया है और उन्हें स्वदेश वापस लाने की मांग करते हुए दस्तावेज सौंपे हैं। पुलिस ने बुधवार को बताया कि तिरूवरूर जिले के अलाथुर के श्री वेणुगोपाल स्वामी मंदिर की योगनरसिम्हा और गणेश की दो प्राचीन मूर्तियां अमेरिका में मिसूरी प्रांत के कंसास सिटी के नेल्सन एटकिंस संग्रहालय में होने का पता चला है। शाखा ने दावा किया कि ए मूर्तियां करीब 50 साल पहले चुराई गई थीं और उनकी जगह नकली मूर्तियां रख दी गई थीं। पुलिस महानिदेशक (मूर्ति शाखा) के जयंत मुरली ने कहा, हमारी जांच के निष्कर्ष के आधार पर हमने इन मूर्तियों पर अपना स्वामित्व साबित करते हुए सरकार को कागजात सौंपे हैं ताकि वह इन मूर्तियों को तमिलनाडु वापस लाने के वास्ते ए कागजात अमरिका को भेजे। मूर्ति शाखा को यूनेस्को संधि के तहत इन मूर्तियों के शीघ्र मिल जाने और उन्हें वेणुगोपाल मंदिर में पुनः स्थापित किए जाने की उम्मीद है।

## पंजाब पुलिस की एसआईटी ने शिअद नेता से पूछताछ की

**चंडीगढ़।** पंजाब में 2015 के कोटकपूरा पुलिस गोलीबारी मामले की जांच कर रहा प्रदेश पुलिस का विशेष जांच दल (एसआईटी) चंडीगढ़ में पूर्व मुख्यमंत्री प्रकाश सिंह बादल के आवास पर उनसे पूछताछ कर रहा है। सूत्रों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (एडीजीपी) एल के यादव इस एसआईटी का नेतृत्व कर रहे हैं। 2015 में जब कोटकपूरा में गोलीबारी की घटना हुई थी, तब बादल पंजाब के मुख्यमंत्री थे। 14 सितंबर को एसआईटी ने शिरोमणि अकाली दल (शिअद) के प्रमुख सुखबीर सिंह बादल से मामले में पूछताछ की थी। गोलीबारी की घटना सात साल पहले फरीदकोट के बरगारी में गुरु ग्रंथ साहिब की एक बीर (प्रति) की चोरी, बेअदबी वाले हस्तलिखित पोस्टर और पवित्र पुस्तक के पन्नों को फाड़े जाने के विरोध में हुए प्रदर्शनों के दौरान हुई थी।

# कांग्रेस और भाजपा को सावरकर के विचारों का अध्ययन करना चाहिए : उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना

**भाषा।** मुंबई

**उद्धव** ठाकरे नीत शिवसेना गुट ने वी डी सावरकर से जुड़े हालिया विवादों को लेकर बुधवार को कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि दोनों ने स्वतंत्रता सेनानी को बहुत ही तुच्छ बना दिया है। शिवसेना ने कहा कि सावरकर ने अपने जीवन में जिस राजनीतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, आर्थिक विचारधारा का सम्मान किया, जिसे उन्होंने तर्क के साथ प्रस्तुत किया और प्रत्यक्ष रूप से उसे आचरण में उतारा, भाजपा और कांग्रेस दोनों को उन विचारों का अध्ययन करना चाहिए। गौरतलब है कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान पिछले सप्ताह दावा किया कि सावरकर को ब्रिटिश सरकार से मानदेय मिलता था और उन्होंने इसे ऐतिहासिक तथ्य बताया। गांधी के इस बयान पर तीखी प्रतक्रिया देते हुए महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा था कि गांधी को भारत और उनकी पार्टी का इतिहास पता नहीं है। फडणवीस ने उद्धव ठाकरे पर भी निशाना साधा था और सवाल किया था कि क्या शिवसेना के नेता सावरकर के खिलाफ ऐसे बयान का समर्थन करते हैं। पार्टी के मुखपत्र सामना के संपादकीय में शिवसेना ने कहा है, कांग्रेस ने वीर सावरकर को झुनझुना बना दिया तो भारतीय जनता पार्टी ने स्वातंत्र्यवीर को खिलौना बना दिया है। हिन्दुत्ववादी विचारक सावरकर आधुनिक भारत के इतिहास में ऐसा व्यक्तित्व हैं जिनका सबसे अधिक ध्रुवीकरण किया गया। भाजपा तथा शिवसेना दोनों ही उनका सम्मान करती हैं। सामना ने कहा, सावरकर ने अपने जीवन में जिस राजनीतिक, सामाजिक, वैज्ञानिक, आर्थिक विचारधारा का सम्मान किया, जिसे उन्होंने चिकित्सकीय पद्धति से तर्क के साथ प्रस्तुत किया और प्रत्यक्ष रूप से उसे आचरण में उतारा, उन विचारों का अध्ययन सबसे पहले भाजपा और बाद में कांग्रेस को करना चाहिए। उसने आरोप लगाया कि सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित करने की बात आते ही भाजपा मुंह छुपा लेती है। संपादकीय में लिखा है, सावरकर का मान–सम्मान बना रहे इसलिए दिल्ली की मोदी सरकार ने क्या किया? पिछले आठ वर्षों से शिवसेना वीर सावरकर को भारत रत्न से सम्मानित करने की मांग कर रही है। सावरकर के विचारों वाली सरकार (भाजपा नीत) आई है, ऐसा कहते हैं, सावरकर का अपमान सहन नहीं करेंगे ऐसा बोलते हैं, लेकिन भारत रत्न देने की मांग होते ही मुंह छुपा लेते हैं। शिवसेना ने यह भी सवाल किया कि हाल ही में राजपथ का नामांतरण कर्तव्यपथ किया गया और उसका भव्य समारोह संपन्न हुआ, लेकिन उसके बदले में वीर सावरकर कर्तव्यपथ ऐसा नाम क्यों नहीं दिया गया?

## राजाजी बाघ अभयारण्य से रेडियो कॉलर के साथ बाघिन लापता

**देहरादून।** उत्तराखंड के राजाजी बाघ अभयारण्य से एक बाघिन लापता है जिसके गले में रेडियो कॉलर बंधा हुआ है। इस बाघिन को करीब दो साल पहले ही जिम कॉर्बेट बाघ अभयारण्य से राजाजी बाघ अभयारण्य लाया गया था। मुख्य वन्यजीव वार्डन समीर सिन्हा ने बुधवार को कहा कि बाघिन को लापता हुए दो हफ्ते से भी ज्यादा समय हो गया है। उन्होंने कहा कि इस बात की संभावना है कि बाघिन ने रेडियो कॉलर गिरा दिया हो या उपकरण की बैटरी खत्म हो गई हो। सिन्हा के मुताबिक, बाघिन की आखिरी लोकेशन उत्तराखंड–उत्तर प्रदेश सीमा पर मिली है। रेडियो कॉलर के जरिए बाघों की गतिविधियों पर नजर रखी जाती है। राजाजी बाघ अभयारण्य में बाघों की संख्या कम होने के मद्देनजर टी3 नामक बाघिन को दिसंबर 2020 में जिम कॉर्बेट से राजाजी अभयारण्य लाया गया था।

# अनुसूचित जाति एवं जनजाति को न्याय देने के लिए हर कदम उठाएगी कर्नाटक सरकार: बोम्मई

**भाषा।** विजयनगर (कर्नाटक)

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने बुधवार को कहा कि उनकी सरकार राज्य में अनुसूचित जाति एवं जनजाति को न्याय दिलाने के लिए हर कदम उठाएगी। अनुसूचित जाताजनजाति के लिए आरक्षण बढ़ाने का निर्णय लेने के कुछ दिन बाद बोम्मई ने आरोप लगाया कि कांग्रेस इस मुद्दे पर लोगों को भ्रमित करने की चेष्टा कर रही है। बोम्मई ने कर्नाटक में जनसंकल्प यात्रा के दौरान विजयनगर जिले में एक जनसभा में कहा, हम अनुसूचित जाताजनजाति को न्याय दिलाने के लिए कानूनी लड़ाई लड़ने को तैयार हैं। आपने वीर शैव–लिंगायत समेत समुदायों और पिछड़े समुदायों को भी तोड़ने की कोशिश की लेकिन अब दलितों के मन में डर नहीं है क्योंकि हम उनके साथ हैं। उन्होंने सिद्धरमैया की अगुवाई वाली पिछली सरकार पर अनुसूचित जाता जनजाति को सशक्त करने के लिए कुछ नहीं करने का आरोप लगाते हुए उसकी आलोचना की। उन्होंने सिद्धरमैया सरकार पर अनुसूचित जाताजनजाति के कल्याणार्थ निर्धारित राशि को खर्च नहीं करने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा , अब हम अनुसूचित जाताजनजाति समुदायों के लिए योजनाएं लाए हैं जिनसे उनकी स्थिति सुधरेगी। उन्होंने कांग्रेस नेताओं खासकर सिद्धरमैया पर चेताया कि वे एदियुरप्पा के बारे में बुरा नहीं बोलें। उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने पिछले डेढ़ दशक में उन्हें झूठे मामलों में फंसाने की कोशिश की। वरिष्ठ भाजपा नेता ने कहा, यदि आप एदियुरप्पा के बारे में बुरा बोलते रहेंगे तो राज्य के लोग आपको सबक सिखाएंगे। उन्होंने कांग्रेस पर बस एक समुदाय को प्रोत्साहन देने तथा भाजपा कार्यकर्ताओं की हत्या पर चुप्पी साध लेने का आरोप लगाया। बोम्मई ने राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा का उपहास उड़ाते हुए कहा, कांग्रेस एक डूबता जहाज है।

## विवादित विज्ञापनों से दूर रहें आमिर खानः मिश्रा

**भोपाल।** मध्यप्रदेश के गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा ने बुधवार को कहा कि बॉलीवुड सुपरस्टार आमिर खान को धार्मिक भावनाओं को आहत करने वाले विज्ञापनों और कृत्यों से दूर रहना चाहिए। खान और अभिनेत्री कियारा आडवाणी को एक बैंक के विज्ञापन के बाद सोशल मीडिया पर आलोचनाओं का सामना करना पड़ रहा है। मिश्रा ने यहां संवाददाताओं से कहा कि खान को भारतीय परंपराओं और रीति–रिवाजों को ध्यान में रखते हुए विज्ञापन करने चाहिए। विज्ञापन में खान और आडवाणी को नवविवाहित जोड़े के रूप में अपनी शादी से लौटते हुए दिखाया गया है और चर्चा की जा रही है कि वे दोनों बिदाई के दौरान नहीं रोए थे। विज्ञापन में आगे दिखाया गया है कि जोड़ा दुल्हन के घर पहुंचता है और दूल्हा दुल्हन के घर में पहला कदम रखता है, जो परंपारिक प्रथा के विपरीत है, जबकि पारंपरिक प्रथा के अनुसार दुल्हन, दूल्हे के घर जाती है और उसके घर में पहला कदम रखती है।

# हीरक जयंती मनाने के लिए एयर शो में राफेल, चिनूक ने लिया हिस्सा





**भाषा।** उधमपुर/जम्मू

**जम्मू,** कश्मीर और लद्दाख के एयर ऑफिसर कमांडिंग (एओसी) के मुख्यालय में हीरक जयंती समारोह के अवसर पर एक एयर शो के दौरान भारतीय वायुसेना के लड़ाकू विमानों और लड़ाकू हेलीकॉप्टरों ने उधमपुर में अपने करतबों से वहां मौजूद दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अधिकारियों ने कहा कि कार्यक्रम के हिस्से के रूप में, एएन–32 से आकाशगंगा की एक टीम द्वारा आसमान से छलांग लगाकर फ्लाई पास्ट की शुरुआत की गई। इसके बाद जगुआर, मिग–29, सुखोई–30 और राफेल विमानों द्वारा हवाई युद्धाभ्यास और विभिन्न संरचनाएं पेश की गईं।

उधमपुर वायुसैनिक अड्डे पर हुए अपनी तरह के इस पहले आयोजन में अपाचे, एमआई–17 और चिनूक हेलीकॉप्टरों ने अपने हवाई करतबों से लोगों को चौंका दिया। वायुसेना की पश्चिमी कमान के एयर–ऑफिसर–कमांडिंग–इन–चीफ, एयर मार्शल श्रीकुमार प्रभाकरन ने पिछले 60 वर्षों में हिमालय पर प्रभुत्व रखने के लिए जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के एओसी मुख्यालय की भूमिका की सराहना की। उत्तरी कमान के जनरल–ऑफिसर–कमांडिंग–इन–चीफ लेफ्टिनेंट जनरल उपेंद्र द्विवेदी , जम्मू कश्मीर और लद्दाख एयर ऑफिसर कमांडिंग एयर वाइस मार्शल प्रवीण केशव वोहरा और वायुसेना, सेना तथा नागरिक प्रशासन के अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी इस मौके पर मौजूद थे। प्रभाकरन ने कहा, मुख्यालय एओसी जम्मू, कश्मीर और लद्दाख के हीरक जयंती समारोह के हिस्से के रूप में मकसद हिमालय पर प्रभुत्व कायम रखना है और यही वे पिछले 60 वर्षों से कर रहे हैं। जम्मू कश्मीर एओसी की स्थापना 1962 में हुई थी और यह 1964 में यहां उधमपुर आ गया था। उन्होंने कहा कि मुख्यालय एओसी दिल्ली स्थित वायुसेना के पश्चिमी कमान और सेना की उत्तरी कमान के बीच संपर्क के तौर पर काम करता है।

## मिग-29 के विमान गोवा तट के पास दुर्घटनाग्रस्त, पायलट सुरक्षित

**नई दिल्ली।** भारतीय नौसेना का मिग–29के विमान बुधवार सुबह तकनीकी खराबी के बाद गोवा तट के पास दुर्घटनाग्रस्त हो गया।नौसेना ने कहा कि पायलट विमान से सुरक्षित बाहर निकल गया। नौसेना मुख्यालय ने घटना की जांच के आदेश दे दिए हैं। नौसेना ने एक संक्षिप्त बयान में कहा, मिग–29के विमान गोवा में समुद्र के ऊपर नियमित उड़ान पर था और नौसैनिक अड्डे पर लौटते समय उसमें तकनीकी खराबी आ गई। पायलट सुरक्षित बाहर निकल गया और तत्काल खोज एवं बचाव कार्य शुरू कर उसका पता लगा लिया गया। बयान में कहा गया है, पायलट की हालत स्थिर है। घटना की वजह पता लगाने के लिए एक जांच बोर्ड का गठन किया गया है। मिग–29के रूसी अंतरिक्ष विमानन कंपनी मिकोयान (मिग) द्वारा विकसित एक लड़ाकू विमान है। भारतीय नौसेना ने एक दशक पहले लगभग दो अरब अमेरिकी डॉलर में रूस से 45 मिग –29के विमान खरीदे थे।

# विदेश मंत्री जयशंकर ने उठाया वीजा बैकलॉग का मुद्दा

● **ऑस्ट्रेलिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने भारतीय समुदाय को किया संबोधित**

भाषा। सिडनी

**विदेश मंत्री** एस जयशंकर ने कहा है कि उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई अधिकारियों के साथ वीजा बैकलॉग का मुद्दा उठाया, विशेष रूप से उन छात्रों को लेकर जो कोविड महामारी के बाद देश के शैक्षणिक संस्थानों में लौटने के इच्छुक हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें आश्वासन दिया गया है कि इस साल के अंत तक समस्या समाधान कर दिया जाएगा।

ऑस्ट्रेलिया के दो दिवसीय दौरे पर पहुंचे जयशंकर ने मंगलवार को यहां भारतीय समुदाय को संबोधित करते हुए यह बात कही। उन्होंने कहा, "और मैं आपको बताना चाहता हूं कि जब मैं कैनबरा में था तब मैंने इसे विभिन्न मंत्रियों के साथ उठाया। हमारे सामने एक विशेष समस्या है जिसका छात्र सामना कर रहे हैं। मंत्री ने कहा कि उन्हें बताया गया है कि स्थिति में सुधार हुआ है और लगभग 77,000 भारतीय छात्र ऑस्ट्रेलिया में वापस आ गए हैं। उन्होंने कहा, लेकिन आप सभी जानते हैं कि यह संख्या बहुत अधिक होनी चाहिए, और हो सकती है तथा मुझे आश्वासन दिया गया है कि साल के अंत तक वीजा बैकलॉग का, विशेष रूप से छात्रों के संबंध में, निपटारा कर दिया जाएगा। जयशंकर ने कहा, यह सिर्फ छात्र नहीं हैं बल्कि एक समुदाय है, लोगों के यात्रा करने के पारिवारिक कारण भी हैं। मुझे लगता है कि आज पर्यटन को बड़े पैमाने पर फिर से शुरू करने के महत्व की सराहना हो रही है। उन्होंने कहा, यह कोविड युग के बड़े व्यवधानों में से एक है जिसे हम आने वाले वर्ष में पीछे छोड़ने में सक्षम होंगे। लगभग सात लाख की आबादी के साथ ऑस्ट्रेलिया में भारतीय समुदाय का आकार और महत्व लगातार बढ़ रहा है। भारत ऑस्ट्रेलिया में कुशल अप्रवासियों के शीर्ष स्रोतों में से एक है। वर्तमान में लगभग 105,000 छात्र ऑस्ट्रेलियाई विश्वविद्यालयों में अध्ययन करते हैं। ब्रिटेन के बाद, भारतीयों का 2020 में ऑस्ट्रेलिया में दूसरा सबसे बड़ा प्रवासी समूह था। जयशंकर ने कहा कि दो मुद्दे- गतिशीलता पर साझेदारी एवं पारस्परिक मान्यता डिग्री और योग्यता-द्विपक्षीय संबंधों के लिए परिवर्तनकारी होंगे।

उन्होंने कहा, "गतिशीलता पर साझेदारी का मतलब है कि ऑस्ट्रेलिया में भारतीय कौशल और प्रतिभाओं की मांग है, उनके पास एक कानूनी ढांचा होगा, एक सहमति वाली पद्धति जिसके द्वारा वे एक देश से दूसरे देश में जाते हैं। मंत्री ने कहा कि अब भारत जापान, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे कई देशों के साथ इस तरह के समझौते कर रहा है।उन्होंने कहा, "हम जर्मनी के साथ एक समझौता पूरा करने के करीब हैं। और हम, मुझे लगता है कि हमने ऑस्ट्रेलिया के साथ इसमें कुछ प्रारंभिक कार्य किया है। इसलिए मुझे बहुत उम्मीद है कि यह एक ऐसा क्षेत्र है जहां हम तेजी से प्रगति देख सकते हैं क्योंकि हम जानते हैं कि कई क्षेत्रों में, ऑस्ट्रेलिया में कौशल की कमी है। जयशंकर ने कहा, अगर लोग एक देश से दूसरे देश में, एक अर्थव्यवस्था से दूसरी अर्थव्यवस्था में जा रहे हैं तो यह डिग्री और योग्यता की पारस्परिक मान्यता का मुद्दा है।

तो वह भी कुछ ऐसा है जिस पर हम काम कर रहे हैं। विदेश मंत्री ने कहा कि उनकी ऑस्ट्रेलिया यात्रा के दौरान बेंगलुरु में एक वाणिज्य दूतावास खोलने की रुचि भी दोहराई गई। उन्होंने कहा, यह कुछ ऐसा है जिसके लिए हम तत्पर हैं। और मुझे बहुत उम्मीद है कि हम निकट भविष्य में ऑस्ट्रेलिया में अतिरिक्त वाणिज्य दूतावास खोलने में सक्षम होंगे। और मुझे लगता है कि यह कुछ ऐसा भी है जो समुदाय के लिए, एक बहुत ही व्यावहारिक बिंदु है।



# यूक्रेन ने खेरसोन क्षेत्र में पांच बस्तियों को फिर अपने कब्जे में लिया

एपी। कीव

**यूक्रेन के** सुरक्षा बलों ने दक्षिणी खेरसोन क्षेत्र में पांच बस्तियों को फिर अपने कब्जे में ले लिया है। बलों की दक्षिणी कमान ने यह जानकारी दी। दक्षिणी कमान के प्रवक्ता व्लादिस्लाव नजारोव के अनुसार बेरिस्लाव जिले में आने वाले नोवोवासिलिव्का, नोवोहरिहोरिवका, नोवा कामियांका, ट्रोफिनिव्का और चेर्वोन बस्तियों को 11 अक्टूबर को वापस अपने कब्जे में ले लिया गया है। ए बस्तियां उन चार क्षेत्रों में से एक क्षेत्र में आती हैं, जिनपर हाल में रूस ने कब्जा कर लिया था। इस बीच, रूस की शीर्ष घरेलू सुरक्षा एजेंसी ने बुधवार को कहा कि उसने रूस को क्रीमिया से जोड़ने वाले मुख्य पुल पर बम धमाके में शामिल होने के आरोप में आठ लोगों को गिरफ्तार किया है। दूसरी ओर यूक्रेन के दक्षिणी शहर जापोरिज्जिया में एक अधिकारी ने कहा कि रूसी बलों ने वहां और अधिक हमले किए हैं। रूस की संघीय सुरक्षा एजेंसी (एफएसबी) ने कहा कि उसने शनिवार को हुए हमले के सिलसिले में पांच रूसी और तीन यूक्रेनी व आर्मीनियाई नागरिकों को गिरफ्तार किया है। इस हमले की वजह से रूस और क्रीमिया प्रायद्वीप को जोड़ने वाले कर्च ब्रिज को नुकसान हुआ था। रूस इसी पुल के जरिए यूक्रेन के दक्षिण में चल रहे युद्ध के लिए सैन्य साजो-सामान भेजता था।

## यूक्रेन के जापोरिज्जिया परमाणु संयंत्र में वाह्य विद्युत आपूर्ति रुकी

**कीव (एपी)।** परमाणु ऊर्जा पर नजर रखने वाली संयुक्त राष्ट्र की संस्था ने बुधवार को बताया कि रूसी बलों से घिरे यूक्रेन के एक परमाणु संयंत्र में अहम सुरक्षा प्रणालियों के लिए आवश्यक बाह्य विद्युत आपूर्ति बंद हो गई है और ऐसा पांच दिन में दूसरी बार हुआ है। अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) के महानिदेशक राफेल ग्रोसी ने कहा कि जापोरिज्जिया परमाणु ऊर्जा संयंत्र (जेडएनपीपी) में एजेंसी के निगरानीकर्ताओं ने इस व्यवधान की जानकारी दी है। उन्होंने बताया कि बैकअप डीजल जनरेटर की मदद से परमाणु सुरक्षा उपकरणों को चालू रखा जा रहा है। ग्रोसी ने ट्वीट किया कि जेडएनपीपी में वाह्य विद्युत आपूर्ति का बार-बार बंद हो जाना बेहद चिंताजनक है और परमाणु सुरक्षा की तत्काल आवश्यकता को रेखांकित करता है।

# सू ची को भ्रष्टाचार के दो और मामलों में दोषी ठहराया गया, अब जेल में 26 साल बिताने होंगे

एपी। बैंकॉक

**सैन्य शासित** म्यांमा की एक अदालत ने अपदस्थ नेता आंग सान सू ची को भ्रष्टाचार के दो और मामलों में दोषी ठहराया है। इन दोनों मामलों में उन्हें तीन-तीन साल की सजा सुनाई गई है। ए सज़ाए साथ-साथ चलेंगी। सू ची को अन्य मामलों में 23 साल की सज़ा पहले ही सुनाई जा चुकी है तो अब उन्हें जेल में कुल 26 साल बिताने होंगे। गौरतलब है कि एक फरवरी 2021 को म्यांमा की सेना ने देश में तख्तापलट दिया था और सत्ता की बागडोर अपने हाथों में ले ली थी। सेना ने सू ची (77) तथा म्यांमा के कई बड़े नेताओं को हिरासत में ले लिया था। सू ची पर आरोप था कि उन्होंने कई साल पहले मादक पदार्थों की तस्करी के लिए दोषी ठहराए गए माउंग वीक से 5,50,000 डॉलर रिश्वत ली थी। हालांकि, उन्होंने इस मामले में अपने ऊपर लगाए गए सभी आरोपों को खारिज किया है। नोबेल शांति पुरस्कार से 1991 में सम्मानित की गई सू ची के खिलाफ सैन्य शासन ने ज्यादातर भ्रष्टाचार के ही आरोप लगाए हैं। उनपर भ्रष्टाचार रोधी कानून के तहत 12 आरोप लगाए गए हैं। सू ची को अवैध रूप से वॉकी-टॉकी आयात करने एवं रखने, कोरोना वायरस संक्रमण को रोकथाम के लिए लागू प्रतिबंधों का उल्लंघन करने, राजद्रोह और भ्रष्टाचार के कई मामलों में पहले ही 23 साल की सजा सुनाई जा चुकी है। दोनों नए मामलों में सुनाई गई सजा साथ-साथ चलेगी। ऐसे में सू ची को अब कुल 26 साल जेल में बिताने होंगे। समर्थकों व स्वतंत्र विश्लेषकों का कहना है कि सभी आरोप राजनीति से प्रेरित हैं और सू ची को अगले चुनाव में हिस्सा लेने से रोकने के लिए बदनाम करने व सेना के अवैध रूप से सत्ता पर काबिज होने को सही ठहराने के लिए ऐसा किया जा रहा है। सू ची को लगातार अलग-अलग मामलों में दोषी ठहराए जाने से उनकी नेशनल लीग फॉर डेमोक्रेसी पार्टी का अस्तित्व भी खतरे में आ गया है। सेना ने देश में 2023 में नए सिरे से चुनाव कराने की घोषणा की है।

## ब्रिटिश अभिनेत्री एंजेला लैंसबरी का 96 साल की उम्र में निधन

**न्यूयॉर्क (एपी)।** ब्रिटिश अभिनेत्री एंजेला लैंसबरी का मंगलवार को लॉस एंजिलिस स्थित उनके घर में 96 साल की उम्र में निधन हो गया। उनके बच्चों ने एक बयान जारी कर यह जानकारी दी। बयान के मुताबिक, लैंसबरी ने अपने 97वें जन्मदिन से पांच दिन पहले दुनिया को अलविदा कह दिया। वह 16 अक्टूबर 1925 को लंदन में पैदा हुई थीं। लैंसबरी को मेम, जिप्सी, गैसलाइट, द पिक्चर ऑफ द डोरियन ग्रे और द मंचूरियन कैंडिडेट जैसी फिल्मों और धारावाहिक मर्डर, शी रोट में निभाए दमदार किरदारों के लिए जाना जाता था। ब्रॉडवे शृंखला की फिल्मों में शानदार अभिनय के लिए वह पांच टोनी पुरस्कार जीतने में सफल रही थीं। उन्हें लाइफटाइम अचीवमेंट पुरस्कार से भी नवाजा गया था। लैंसबरी को उनके करियर की शुरुआती तीन फिल्मों में से दो - गैसलाइट (1945) और द पिक्चर ऑफ डोरियन ग्रे (1946) के लिए सर्वश्रेष्ठ सह-अभिनेत्री श्रेणी में ऑस्कर अवॉर्ड की खातिर नामांकित किया गया था। 1962 में प्रदर्शित द मंचूरियन कैंडिडेट के लिए उन्हें तीसरी बार ऑस्कर पुरस्कार के लिए नामांकित किया गया था।

# आठ उपग्रह लेकर उड़ान भरने वाला रॉकेट गिराना पड़ा

● **जापानी अंतरिक्ष एजेंसी का मिशन नाकाम**

एपी। तोक्यो



**जापान की** अंतरिक्ष एजेंसी ने कहा कि आठ उपग्रहों को लेकर उड़ान भरने वाले एक रॉकेट को बुधवार को प्रक्षेपण के कुछ समय बाद ही गिराना पड़ा। देश के रॉकेट प्रक्षेपण के 20 वर्षों के इतिहास में पहली बार इस विफल अभियान के तहत रॉकेट को नष्ट करने का निर्देश देना पड़ा। जापान एयरोस्पेस एक्सप्लोरेशन एजेंसी (जेएएक्सए) के अध्यक्ष हिरोशी यामाकावा ने एक ऑनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा कि एप्सिलॉन -6 रॉकेट पृथ्वी के चारों ओर परिक्रमा करने के लिए सही स्थिति में नहीं था और दक्षिणी जापानी प्रान्त कागोशिमा में उचिनौरा अंतरिक्ष केंद्र से प्रक्षेपण के सात मिनट से भी कम समय बाद इसकी उड़ान को रोकना पड़ा। यामाकावा ने कहा कि स्थानीय अधिकारियों और उपग्रहों के विकास में शामिल लोगों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतरने के लिए हम माफी मांगते हैं। उन्होंने उड़ान के विफल होने के कारणों की जांच में सहायता करने का संकल्प व्यक्त किया। जेएएक्सए अधिकारियों ने कहा कि वह निर्धारित होने पर कि रॉकेट सुरक्षित उड़ान भरने और निर्धारित कक्षा में प्रवेश करने में सक्षम नहीं है, उसे नष्ट करने का निर्देश देना पड़ा। जेएएक्सए ने कहा कि माना जाता है कि रॉकेट और उपग्रह फिलीपींस के पूर्व में समुद्र में गिर गए। एजेंसी ने कहा कि अंतरिक्ष मिशन की नाकामी के कारणों की जांच की जा रही है। एप्सिलॉन रॉकेट आठ उपग्रह के साथ उड़ान भर रहा था जिसमें से दो फुकुओका स्थित एक निजी कंपनी द्वारा विकसित किए गए थे। यह पहला मौका था जब एप्सिलॉन रॉकेट वाणिज्यिक रूप से विकसित उपग्रह लेकर जा रहा था।

# रूस यूरोप को गैस की आपूर्ति में वृद्धि कर सकता है : पुतिन

एपी। मास्को

**रूसी राष्ट्रपति** व्लादिमीर पुतिन ने बुधवार को कहा कि उनका देश बाल्टिक सागर के जरिए जर्मनी जाने वाली नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन से यूरोप को गैस की आपूर्ति फिर शुरू करने के लिए तैयार है। पुतिन ने मास्को में एक ऊर्जा मंच को संबोधित करते हुए फिर आरोप लगाया कि नॉर्ड स्ट्रीम। पाइपलाइन के दोनों लिंक और नॉर्ड स्ट्रीम 2 पाइपलाइन के दो में से एक लिंक में विस्फोटों के पीछे अमेरिका का हाथ होने की आशंका है। पाइपलाइन में विस्फोटों के कारण बड़े पैमाने पर गैस का रिसाव हुआ और उनसे आपूर्ति ठप हो गई है।



अमेरिका पहले भी पुतिन के ऐसे आरोपों को खारिज कर चुका है। कई यूरोपीय देशों ने कहा कि पाइपलाइन में विस्फोट संभवतः तोड़फोड़ के कारण हुए, हालांकि उन्होंने कोई दोषारोपण नहीं किया है। पुतिन ने दावा किया कि इन पाइपलाइन पर हमला उन लोगों ने किया है जो रूस से सस्ती गैस की आपूर्ति को रोककर यूरोप को कमजोर करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पाइपलाइन में तोड़फोड़ अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद की एक घटना है और इसका उद्देश्य सस्ती ऊर्जा की आपूर्ति बाधित कर पूरे महाद्वीप की ऊर्जा सुरक्षा को प्रभावित करना है। उन्होंने आरोप लगाया कि अमेरिका चाहता है कि यूरोप महंगी तरलीकृत प्राकृतिक गैस आयात करने के लिए, मजबूर हो। पुतिन ने कहा, जो लोग रूस और यूरोपीय संघ के संबंधों को खराब करना चाहते हैं, नॉर्ड स्ट्रीम पाइपलाइन में तोड़फोड़ के पीछे वे ही लोग हैं। रूस अब भी यूक्रेन के जरिए यूरोप को गैस की आपूर्ति कर रहा है लेकिन बाल्टिक पाइपलाइन में विस्फोटों ने सर्दियों के मौसम से पहले यूरोप में ऊर्जा की कमी की आशंका को बढ़ा दिया है।

# देश की वृद्धि की रफ्तार को ध्यान में रखते हुए बनाना होगा अगला बजट: सीतारमण

भाषा। वाशिंगटन

**ऊंची महंगाई** और वृद्धि की रफ्तार मंद पड़ने जैसी चुनौतियों के बीच केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मंगलवार को कहा कि भारत का अगला आम बजट बहुत ही ध्यान से कुछ इस प्रकार बनाना होगा जिससे देश की वृद्धि की रफ्तार कायम रहे और दाम भी काबू में रहें। उन्होंने कहा कि इससे मुद्रास्फीतिक चिंताओं से निपटने में भी मदद मिलेगी। वित्त मंत्री ने कहा कि निकट भविष्य में भारत की अर्थव्यवस्था के समक्ष सबसे बड़ी समस्याओं में ऊर्जा के ऊंचे दाम शामिल हैं। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) और विश्व बैंक की वार्षिक बैठक में भाग लेने के लिए वाशिंगटन डीसी आईं वित्त मंत्री ने यहां ब्रूकिंग्स इंस्टिट्यूट में जानेमाने अर्थशास्त्री ईश्वर प्रसाद से संवाद के दौरान एक सवाल के जवाब में यह कहा। उनसे अगले वर्ष के बजट को लेकर सवाल पूछा गया था। सीतारमण ने कहा, आगामी बजट के बारे में कुछ विशेष बता पाना अभी जल्दबाजी होगा और यह मुश्किल भी है। लेकिन मोटे तौर पर कहें तो वृद्धि की प्राथमिकताएं सबसे ऊपर रहेंगी। मुद्रास्फीति की चिंताओं से भी निपटना होगा। लेकिन फिर सवाल उठेगा कि आप वृद्धि को किस प्रकार बरकरार रखेंगे। फरवरी में पेश किए जाने वाले बजट के लिए तैयारियां दिसंबर से शुरू हो जाती हैं।



वाशिंगटन में वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण यूएस ट्रेजरी सेक्रेटरी जानेट यालीन से मिलतीं हुईं

दरअसल सभी संस्थागत एवं निजी अनुमान लगाने वालों ने 2022-23 के लिए भारत के सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में वृद्धि के अपने अनुमानों को घटाया है। इसके पीछे वजह मौद्रिक नीति सख्त होने से मांग में घटना और वैश्विक मंदी है। उन्होंने कहा, यही तो देखना है कि इनके बीच संतुलन कैसे बनाया जाए, यह सुनिश्चित किया जाए कि महामारी से उबरकर भारतीय अर्थव्यवस्था ने जो गति पाई है वह अगले साल भी कायम रहे। वित्त मंत्री ने कहा, इसलिए इस बजट को बहुत ही ध्यानपूर्वक कुछ इस तरह बनाना होगा कि वृद्धि की गति बरकरार रह सके। भारत की अर्थव्यवस्था में वृद्धि को जो गति मिली वह अब मंद पड़ती दिख रही है जो औद्योगिक उत्पादन एवं निर्यात में कमी आने से नजर आता है। वहीं मुद्रास्फीति भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की छह प्रतिशत की संतोषजनक सीमा से ऊपर ही बनी हुई है जिसे काबू में करने के लिए केंद्रीय बैंक को दरों में बढ़ोतरी करनी पड़ी है।आरबीआई ने चालू वित्त वर्ष के लिए भारत की जीडीपी वृद्धि के अनुमान को पिछले महीने 7.2 प्रतिशत से घटाकर सात प्रतिशत कर दिया था। अन्य रेटिंग एजेंसियों ने भी भारत की आर्थिक वृद्धि के अनुमान को घटाया है।सीतारमण ने कहा कि ऊर्जा, उर्वरक और भोजन संबंधी वैश्विक दबाव जो भारत को प्रभावित करते हैं उन पर ध्यानपूर्वक नजर रखी जा रही है और यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि इनका असर लोगों तक न पहुंचे।एक सवाल के जवाब में सीतारमण ने कहा कि सरकार ऐसे स्टार्टअप से बात करने के लिए तैयार है जो देश से जाने पर विचार कर रहे हैं।

# भारत में जनवरी-सितंबर में निवेश बैंकिंग शुल्क 23 प्रतिशत घटकर 66.84 करोड़ डॉलर पर: रिपोर्ट

भाषा। मुंबई

**देश में** इस साल के पहले नौ महीनों में कुल निवेश बैंकिंग शुल्क 23 प्रतिशत गिरकर 66.84 करोड़ डॉलर रह गया। यह वर्ष 2016 के बाद सबसे कम है। बाजार विश्लेषकों ने यह जानकारी दी। रिफिनिटिव के आंकड़ों के अनुसार, निवेश बैंकरों द्वारा एकत्र किए गए कुल शुल्क में से इक्विटी पूंजी बाजार शुल्क 46.4 प्रतिशत कम होकर 13.84 करोड़ डॉलर रह गया। रिफिनिटिव लंदन स्टॉक एक्सचेंज समूह की इकाई (एलएसईजी) है। यह वित्तीय बाजार आंकड़ों के उपलब्ध कराने वाली दुनिया की सबसे बड़ी इकाइयों में से है। हालांकि, ऋण पूंजी बाजार गतिविधियों से शुल्क बेहतर रहा। यह एक साल पहले की तुलना में 10.1 प्रतिशत घटकर 12.8 करोड़ डॉलर रहा।पूर्ण एमएंडए सलाहकार शुल्क सालाना 17.8 प्रतिशत गिरकर 25.21 करोड़ डॉलर रह गया, जबकि ऋण को एक साथ जोड़ने का शुल्क साल के पहले नौ महीनों में 6.2 प्रतिशत घटकर 14.99 करोड़ डॉलर पर आ गया। इस अवधि में भारत ने 2008 के बाद पहली बार निजी इक्विटी (पीई) समर्थित अधिग्रहणों में चीन को पीछे छोड़ दिया। रिफिनिटिव ने एक रिपोर्ट में कहा कि मूल्य के आधार पर, भारत ने एशिया प्रशांत क्षेत्र के पीई-समर्थित अधिग्रहणों में 28 प्रतिशत बाजार हिस्सेदारी पर कब्जा कर लिया। जबकि चीन ने 24 प्रतिशत हिस्सेदारी हासिल की। वर्ष 2008 के बाद यह पहली बार है जब एशिया प्रशांत क्षेत्र की पीई-समर्थित विलय एवं अधिग्रहण गतिविधियों में भारत ने चीन की तुलना में बड़ी बाजार हिस्सेदारी हासिल की है।

**PUBLIC NOTICE**

My client, Sh. Arun Kumar Jain S/o Late Sh. Darshan Lal Jain, who has co-inherited the property bearing no. 19 Rishabh Vihar Delhi-92 alongwith his brothers, Sh. Sanjay Kumar Jain, Late Sh. Sudhir Kumar Jain and Late Sh. Rakesh Kumar Jain, [through their legal heirs], vide registered WILL dated 12.09.2016 registration no. 678 at SR-IVB, Delhi executed by their mother late Smt. ChakreshWati Jain W/o Late Sh. Darshan Lal Jain. The previous chain documents of the property i.e. original allotment letter, possession letter and conveyance deed dated 15.09.2011 registration no. 16,124 registered at SR-VII, Delhi have been lost/misplaced. The same has been reported vide NCR no. 882008/2022 In this regard an earlier publication was also issued in this newspaper dated 15.04.2022. In the said advertisement by a typo error WILL has been mentioned as Gift Deed. Any person/bank/ financial institution having any claim/right, lien any objection whatsoever in regard to above property, should notified to the undersigned/Adv. Vishal Mehan, E-713, Karkardooma Court, Delhi-110092 along with documentary evidence under address through registered A/D within 15 days from the date of publication of this notice failing which any claim, lien or objection shall be deemed to have been waived.

**Vishal Mehan (Advocate)**
**E-713, Karkardooma Court,**
**Delhi-110092. Mobile No. 9811215181**

**PUBLIC NOTICE**

General public is hereby informed that Sh. Vedant Aggarwal S/o Sh. Sanjay Aggarwal is the owner of the property Built up One Shop bearing Pvt. No. F-2, on First Floor, without Roof/Terrace Rights, area measuring 24.16 Sq. Meters AND One Shop bearing Pvt. No. F-1, on First Floor, without Roof/Terrace Rights, area measuring 16 Sq. Meters, constructed on Property Bearing Municipal No. 2423-29, situated at Ward No. VII, Shradha Nand Marg, G. B. Road, Delhi 110006, by virtue of Sale Deed dated 16.01.2020 regd. at doc. No. 421 & Sale Deed dated 27.02.2020 regd. at doc. No. 1770 respectively and the same is to be financed & mortgaged with my client i.e. Piramal Capital and Housing Finance Ltd and the legal heirs of Late Sita Ram Sureka namely Sh. Krishna Kumar Sureka, Sh. Sitaramji Surekha, Smt. Parmeshwari Devi, Sh. Raj Kumar Sureka and Sh. Vishnu Kumar Sureka shall have no objection regarding mortgage of aforesaid property by Sh. Vedant Aggarwal.
If any person(s) have any objection(s) or claim in this property, then contact the undersigned within 7 days from date of this notice on below address, failing which, it will be assumed that there are no claims or issues in respect of the aforesaid property.

**Raghav Tiwari (Advocate)**
**Ch. 830, Patiala House Courts, New Delhi – 110001**
**Mob.: +91-8076188328**

**ADMISSION NOTICE**

**एस.सी.ई.आर.टी के संबंद्ध संस्थान के लिए डीपीएसई (2022–24) के तहत प्रबंधन कोटा के लिए आवेदन आमंत्रित हैं।**

**आवेदन की अंतिम तारीख: 17.10.2022**

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करें।


**Satyam International Polytechnic**
GD Block, Near Pitampura Metro Station,
Pitampura, Delhi-110088 Ph: 9711396842

# शेयर बाजार में गिरावट का सिलसिला थमा

● **सेंसेक्स 479 अंक चढ़ा**

● **निफ्टी भी 140.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,123.60 अंक पर बंद हुआ**

भाषा। मुंबई



**स्थानीय शेयर** बाजार में पिछले तीन कारोबारी सत्र से जारी गिरावट का सिलसिला बुधवार को थम गया और बीएसई सेंसेक्स 478.59 अंक चढ़कर बंद हुआ। बैंकिंग, ऊर्जा, सूचना प्रौद्योगिकी और दैनिक उपभोग का सामान बनाने वाली कंपनियों के शेयरों में लिवाली से बाजार में तेजी आई। अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की बैठक का ब्योरा और मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले यूरोपीय और अमेरिकी बाजारों में सकारात्मक रुख ने भी निवेशकों की धारणा को बढ़ावा दिया। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स 478.59 अंक यानी 0.84 प्रतिशत चढ़कर 57,625.91 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 540.32 अंक तक चढ़ गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 140.05 अंक यानी 0.82 प्रतिशत की वृद्धि के साथ 17,100 अंक का स्तर पार करते हुए 17,123.60 अंक पर बंद हुआ। कोटक सिक्योरिटीज लिमिटेड के इक्विटी शोध (खुदरा) प्रमुख श्रीकांत चौहान ने कहा, पिछले कुछ सत्रों में गिरावट के बाद बाजारों ने आज राहत की सांस ली। हालांकि, कई नकारात्मक कारकों की वजह से यह मजबूती टिकाऊ नहीं है। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, कंपनियों के तिमाही नतीजों पर ध्यान केंद्रित करने से घरेलू शेयर बाजार.....वैश्विक बाजारों में नकारात्मक संकेतों पर काबू पाने में सफल रहा। सेंसेक्स की कंपनियों में पावरग्रिड के शेयर में सबसे अधिक 3.5 प्रतिशत की वृद्धि हुई। साथ ही एक्सिस बैंक, एनटीपीसी, इंडसइंड बैंक, लार्सन एंड टुब्रो और अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयर भी प्रमुख रूप से लाभ में रहे। इसके अलावा रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी, एचडीएफसी बैंक, कोटक बैंक, एचयूएल और आईटीसी के शेयरों में लिवाली से भी बाजार को समर्थन मिला। दूसरी तरफ एशियन पेंट्स, डॉ रेड्डीज, भारती एयरटेल, टाइटन और आईसीआईसीआई बैंक के शेयर नीचे आए। व्यापक बाजार में बीएसई मिडकैप 0.66 प्रतिशत और स्मॉलकैप 0.22 प्रतिशत की वृद्धि के साथ बंद हुआ। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी और चीन का शंघाई कंपोजिट लाभ में रहा जबकि जापान का निक्की और हांगकांग का हैंगसेंग नुकसान में बंद हुआ। यूरोप के प्रमुख बाजारों में शुरुआती कारोबार में मजबूती का रुख था। अमेरिकी शेयर बाजार मंगलवार को मिले-जुले रुख के साथ बंद हुआ। इस बीच, अंतरराष्ट्रीय तेल मानक ब्रेंट क्रूड वायदा 0.39 प्रतिशत चढ़कर 94.64 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।शेयर बाजार के आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों ने मंगलवार को बड़े पैमाने पर बिकवाली की। उन्होंने 4,612.67 करोड़ रुपए के शेयर बेचे।

# आईएमएफ ने की आरबीआई की सराहना

**वाशिंगटन, भाषा।** अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) ने भारत में मुद्रास्फीति को काबू में करने के लिए मौद्रिक नीति को सख्त करने पर भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की सराहना की।आईएमएफ के मौद्रिक एवं पूंजी बाजार विभाग में उप खंड प्रमुख गार्सिया पास्कावल ने कहा, मई से ही तय सीमा से ऊंचे स्तर पर बनी हुई मुद्रास्फीति से निपटने के लिए आरबीआई ने मौद्रिक नीति को सख्त करके उचित ही किया है। जहां तक मुझे ध्यान है आरबीआई ने दरों में 1.90 फीसदी की वृद्धि की है और हमारा मानना है कि मुद्रास्फीति को निश्चित स्तर तक लाने के लिए और सख्ती करनी होगी। आईएमएफ में वित्तीय परामर्शदाता एवं मौद्रिक तथा पूंजी बाजार विभाग में निदेशक तोबायस एड्रियन ने कहा, मुद्रास्फीति आरबीआई की तय सीमा से ऊपर बनी हुई है इसलिए हमारा अनुमान है कि आगे जाकर मौद्रिक नीति को और सख्त किया जाएगा। उन्होंने कहा, वित्तीय स्थिरता की बात करें तो भारत में बैंकों और गैर बैंकिंग प्रणालियों में पहले से कुछ कमजोरियां हैं जो चिंता का विषय है। हमने कुछ समय पहले भारत में जो वित्तीय क्षेत्र आकलन कार्यक्रम किया था उसमें इन विषयों को उठाया था लेकिन इनमें से कुछ मुद्दे भारत में अब भी बने हुए हैं।

## रूस से कच्चा तेल जर्मनी पहुंचाने वाली पाइपलाइन में रिसाव का पता लगा

**वारसा, एपी।** पोलैंड में कच्चे तेल की उस पाइपलाइन में रिसाव का पता चला है जिसके जरिए रूसी कच्चा तेल जर्मनी भेजा जाता है। पोलैंड के परिचालक ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोलैंड के परिचालक पीईआरएन ने कहा कि उसे मंगलवार की शाम ड्रुजबा पाइपलाइन में रिसाव का पता चला। रिसाव स्थल पोलैंड के शहर प्लॉक से करीब 70 किलोमीटर दूर है।

**PUBLIC NOTICE**

To be known to all that **I/we, Santosh Malik W/o Sh. Gyan Prakash Malik & Sh. Gyan Prakash Malik S/o Late Sh.Trilok Chand Both R/o Rz-23/3, Gali No. 30, Indra Park, Palam Road, New Delhi-110045 is the owner of Plot No.786,in Pocket 2,Block-D,Sector-29, Measuring 26.00Sq.Mtrs.in Rohini Residential Scheme,Rohini Delhi,**has applied for conversion of the aforesaid property from lease hold to free hold in DDA. **The original Allotment-cum-Demand Letter, Handing over Possession,Site Possession, Perpetual Lease etc., of the above plot have been lost. An FIR/NCR to this effect has lodged online FIR/NCR in PS: Crime Branch, Delhi, Police Station, New Delhi, vide FIR/LR No. 880672,dated 12/10/2022.**Any person(s) claiming any right, interest, having any objection or found in possession of original documents, may write/contact with above named person at above address/phone No. 9311364656 within 15 days from the date of publication of this notice. The person claiming any right, interest, objections with respect to this property can personally **inform or write to Dy.Director(LAB)R,Block C-3,3rd Floor, or Director(R),A Block,Vikas Sadan,INA,New Delhi.**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता को एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि जूले खान पत्नी गुलबहार, ने ग्राम खिवाई, परगना और तहसील सरधना जिला मेरठ (यूपी) में स्थित आवासीय मकान नंबर 25/02, परिमाप 380 वर्ग मीटर, खसरा नंबर 1087 में से, सब रजिस्ट्रार सरधना (यूपी) के साथ पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 30.08. 2022, पंजीकरण सं.16816 के आधार पर मालिक हैं सभी व्यक्तियों को एतद्द्वारा सूचित किया जाता हैं कि जूले खान पत्नी गुलबहार ने ऋण लेने के लिए पूनावाला हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड से संपर्क किया है और वे श्री गोपाल पुत्र बलजीत और श्री ब्रजभूषण पुत्र गोपी के द्वारा गुलबहार पुत्र फारुख के पक्ष में निष्पादित, पंजीकृत बिक्री विलेख दिनांक 27. 10.2020,सब रजिस्ट्रार कार्यालय में विधिवत पंजीकृत- रजिस्ट्रार सरधना (यूपी) दस्तावेज सं. 14035, खंड सं. 9699, बुक सं. 1, पेज सं. 107/130, दिनांक 27.10.2020, को खो दिया है। जूले खान पत्नी गुलबहार ने यूपी पुलिस को दिनांक 12.10.2022 को रोहता थाना, मेरठ में उक्त बिक्री विलेख के खोने के बारे में सूचित किया है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त संपत्ति में कोई प्रभार/हित/अधिकार है या किसी भी प्रकार का विवाद है, तो कृपया अधोहस्ताक्षरी को नीचे दिए गए पते पर लिखित रुप में वर्तमान से 7 दिनों के भीतर सूचित करें।

**श्रीमती प्रसून लता, अधिवक्ता**
**एसजी एसोसिएट्स (लॉ फर्म)**
**यूनिट नंबर 7, बेसमेंट, प्लॉट नंबर सी 78,**
**सेक्टर 2, नोएडा, यूपी 201301**
**ईमेल: sgassociatespl@gmail.com**
**फोन: 7011172764, 8130200837**

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड, 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC, C-Block मार्केट,सरस्वती विहार,पीतमपुरा,दिल्ली-110034 DCS नियम 2007 की धारा 19(2) के अनुसरण करते हुए दिल्ली की जनता से जो कि DCS नियम 2007 की धारा 19 व 20 की सभी शर्तों को पूरा करती है, से 3 बेडरुम फ्लैट (अनुमानित लागत 1.5 करोड़ रुपये) (कारपेट एरिया लगभग 90.88 मीटर) के लिए सर्वप्रिय महाजन CGHS Ltd (Regd. No. 1384-GH) में तीन रिक्त सदस्यता जो कि सदस्यों के सोसाइटी में त्यागपत्र देने के कारण उत्पन्न हुई है, के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इच्छुक व्यक्ति, सोसाइटी आफिस 202,वर्धमान एवन शॉपिंग प्लाजा,LSC,C-Block मार्केट सरस्वती विहार, पीतमपुरा दिल्ली 110034 से प्रातः 10 बजे से सांय 4:30 बजे के बीच निःशुल्क आवेदन पत्र प्राप्त कर, उसे भरकर उसके साथ 68,50,360/- रुपये का (जिसमें अंशराशी, प्रवेश शुल्क, भूमि राशी और निर्माण राशी शामिल है), सर्वप्रिय महाजन कोआपरेटिव ग्रुप हाऊसिंग सोसाइटी लिमिटेड के नाम का पे आर्डर/ डिमांड ड्राफ्ट के साथ,इस सूचना के छपने के 15 दिनों के भीतर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक द्वारा आवेदन पत्र के साथ समीकरण राशि(Equalisation Charges) भी DCS Act एवं Rules के नियमानुसार जमा करनी होगी।

प्रेजिडेंट-सर्वप्रिय महाजन CGHS लिमिटेड

# मुख्यमंत्री ने अफसरों से जानीं दीपोत्सव की तैयारियां

## अयोध्या में भ्रमण के दौरान कई कार्यक्रमों में की शिरकत

पायनियर समाचार सेवा। अयोध्या




**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ का आज अयोध्या में भ्रमण हुआ। भ्रमण के मुख्य कार्यक्रमों में रामास्वामी मंदिर जगतगुरू रामानुजाचार्य जी की प्रतिमा (स्टेच्यू आफ डिग्निटि) मूर्ति का अनावरण तथा अगले चरण में हर्षण नगर हनुमान गुफा के पास श्री राममंत्रर्था मण्डपम श्रीराम मंत्र महायज्ञ रजत जयंती कार्यक्रम में भाग लिया तथा दीपोत्सव 2022 की शासन एवं स्थानीय अधिकारियों के साथ तैयारी की समीक्षा किया गया। मुख्यमंत्री का आगमन हवाई पट्टी पर हुआ तथा गोलाघाट में श्री रामास्वामी मंदिर में जगतगुरू रामानुजाचार्य जी के मूर्ति का अनावरण किया गया। इस स्थान की स्थापना रामानुजाचार्य सम्प्रदाय के जगतगुरू द्वारा किया गया थाए जिसका मूल स्थान तिरूनारायणपुरम मेलुकोटेए कर्नाटक में स्थित है। इस पीठ मं वर्तमान पीठाधीश्वर श्री यदुगिरि यतिराज रामानुजाचार्य जी हैए इनकी प्रेरणा से मर्यादा मूर्ति स्टेच्यू आफ डिग्निटि का अनावरण किया गया। यह मंदिर रामास्वामि मंदिर ;अम्मा जी मंदिरद्ध के रूप में गोलाघाट रोड पर निर्मोचन चैराहा पर स्थित है। इसके पीठाधीश्वर हाथ में त्रिदंड धारण करते है। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री को इसके पीठाधीश्वर द्वारा सनातन संस्कृति की रक्षा करने वाला अध्यात्म को बढ़ाने वाला उच्चकोटि का उपासक तथा संस्कृति का रक्षक बताया गया। उक्त अवसर पर अयोध्या के प्रसिद्व संतों में श्री धाराचार्य श्री राघवाचार्य सहित अनेक गणमान्य मनीषी एवं विद्वान उपस्थित थे।मुख्यमंत्री ने रामानुजाचार्य एवं इनके पीठ से जुड़े हुये सभी संतों को बधाई दिया तथा भगवान की जन्मस्थली को 120 साल बाद और उसके विकास के लिए सराहना भी करता हूं। उक्त अवसर पर पीठाधीश्वर एवं संत कमल नयन दासए राजकुमार दासए सुरेश दास सहित सभी पूज्य संतों के अलावा सांसद श्री लल्लू सिंहए विधायक श्री वेद प्रकाश गुप्ताए रामचन्दर यादवए मेयर श्री ऋषिकेश उपाध्यायए जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रोली सिंह सहित अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे।मुख्यमंत्री अगले चरण में हर्षण नगर स्थित श्रीराम मंत्रार्थ मण्डपम में आयोजित श्रीराम मंत्र महायज्ञ रजत जयंती महामहोत्सव के कार्यक्रम में भाग लिया। उक्त अवसर पर मुख्यमंत्री जी ने कहा कि आज से वर्षो पूर्व इस पीठ के संस्थापक पीठाधीश्वर जगतगुरू श्री रामहर्षण दास महराज जी द्वारा रामायण की रचना की थी जिसमें भारत भूमि को दिव्य मनुष्यों को जन्म देने वाला पृथ्वी पर एक मात्र स्थान बताया और इसमें जहां श्री राम का जन्म हुआ हो अवलौकिक स्थान है। इस विचार को भारत एवं विश्व में फैलाने वाले श्रीराम हर्षण महाराज जी को मैं नमन करता हूं तथा वर्तमान पीठाधीश्वर द्वारा जो श्रीराम मंत्र का महायज्ञ आयोजित किया गया है। यह समाज व सभी के लिए प्रेरणादायक है इसके पूर्व के पीठाधीश्वर द्वारा 13 करोड़ राम मंत्र का जाप करके सिद्धि प्राप्त की गयी थी जो आम जनमानस के लिए कल्याणकारक रही उनको भी नमन करता हूं। इस अवसर पर अयोध्या के प्रसिद्व संत महात्मा उपस्थित थे और सभी ने संत परम्परा को आगे बढ़ाने के लिए मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ जी की मुक्तकंठ से प्रशंसा की। अगले चरण में मुख्यमंत्री जी द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय श्रीराम कथा संग्रहालय में दीपोत्सव 2022 की तैयारी की समीक्षा की। इस बैठक में मुख्यमंत्री जी का स्वागत पर्यटन एवं संस्कृति विभाग के प्रमुख सचिव श्री मुकेश कुमार मेश्रामए मण्डलायुक्त श्री नवदीप रिनवाए जिलाधिकारी श्री नितीश कुमारए ए0डी0जी0 लखनऊ जोनए पुलिस उपमहानिरीक्षक श्री अमरेन्द्र प्रसाद सिंहए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री प्रशान्त वर्मा आदि द्वारा मुख्यमंत्री का स्वागत किया गया। दो दर्जन से अधिक विभागीय अधिकारीए वेण्डरए अवध विवि के नोडल श्री अजय प्रताप सिंह आदि ने भाग लिया। वर्तमान स्तर तक दीपोत्सव की तैयारी के सम्बंध में संक्षिप्त विवरण जिलाधिकारी श्री नितीश कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया तथा अभी तक के तैयारियों का रूपरेखा प्रस्तुत किया।दीपोत्सव 2022 के सम्बंध में विस्तृत विवरण प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति श्री मुकेश कुमार मेश्राम द्वारा प्रस्तुत किया गया जिसमें बताया कि अयोध्या में 18 लाख दीपों का प्रज्जवलन होगा जिसमें अयोध्या के प्रमुख स्थल सम्मिलित है। 15 लाख दीपों के राम की पैड़ी पर प्रज्ज्वलन कराकर विश्व रिकार्ड बनाया जायेगा। प्रजेन्टेशन के पश्चात मुख्यमंत्री द्वारा कहा गया कि दीपोत्सव का आयोजन दिव्यता एवं भव्यता के साथ.साथ सभी विभाग समन्वय के साथ आयोजन करायें। आधारभूत कार्यो को पूरा किया जाय तथा साफसफाई पर विशेष ध्यान दिया जाय। अयोध्या के अंदर के सड़कों के मरम्मत एवं निर्माण कार्यो में भी प्राथमिकता दिया जाये तथा पुराने मठ एवं मंदिरों के रंगाई पुताई पर भी ध्यान दिया जायए इसके लिए संस्कृति विभाग द्वारा निर्देश दिया जा चुका है।

## उफनाए नाले में एक ही परिवार के चार सदस्य बहे

**गोरखपुर।** उत्तर प्रदेश के सिद्धार्थनगर जिले की शोहरतगढ़ तहसील में बाढ़ के पानी से उफनाए नाले में एक ही परिवार के चार सदस्यों के डूब कर मरने की आशंका है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस सूत्रों ने बुधवार को बताया कि मंगलवार शाम को सिद्धार्थनगर के पचपेड़वा गांव निवासी रिक्शा चालक नरेन्द्र (32) अपनी पत्नी राजमती (28) और बेटियों अनामिका (दो) और अनुष्का (एक) को रिक्शा पर बैठाकर जा रहा था, रास्ते में इटवाबनी मार्ग पर उफनाए बिगौवा नाले के पानी में नरेन्द्र और उसका पूरा परिवार कथित रूप से बह गया। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने बुधवार को बताया कि नरेन्द्र और उसके परिवार की तलाश की जा रही है। हालांकि अभी तक कोई सुराग हाथ नहीं लगा है।

## रक्त की तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ 12 अभियुक्त गिरफ्तार

**प्रयागराज।** प्रयागराज के जार्ज टाउन थाना क्षेत्र में पुलिस ने बुधवार को रक्त की कथित तस्करी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए सरगना समेत 12 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया और इनके पास से भारी मात्रा में रक्त की यूनिट बरामद की। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने बताया कि आज रक्त आपूर्ति करने वाला एक बड़ा रैकेट पकड़ा गया है, जिसका सरगना मोहम्मद शान उर्फ शानू है। उन्होंने बताया कि पुलिस ने कुल 12 लोगों को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि इस गिरोह द्वारा गरीब ऑटोरिक्शा चालकों और अन्य लोगों को 1000-1500 रुपए में रक्त खरीदने की पेशकश की जाती और कार में बैठाकर इनका रक्त निकाला जाता था, और निकाले गए रक्त को फ्रिज में रखा जाता था। मीणा ने बताया कि गिरोह के सदस्य नगर के प्रमुख अस्पतालों के बाहर अपने लोगों को रखते थे जो जरूरतमंद लोगों को रक्त की बिक्री करते थे, ए लोग 8,000-10,000 रुपए प्रति यूनिट की दर से रक्त बेचते थे।

## पुलिस पर आरोप

**संभल।** जिले के एक अस्पताल में भर्ती दलित तेजाब हमला पीड़ित महिला के परिजनों ने स्थानीय पुलिस पर मामले को रफा-दफा करने की कोशिश करने का आरोप लगाया है। हालांकि, पुलिस ने पीड़िता के परिजनों के इन आरोपों का खंडन किया है। अधिकारियों के मुताबिक, उक्त महिला ने पांच अक्टूबर को पुलिस से शिकायत की थी कि पुरानी राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता के चलते छह लोगों ने उसके चेहरे और हाथ पर तेजाब फेंक दिया है। उन्होंने बताया कि शिकायत के आधार पर पुलिस ने दीपू, भीष्म, राहुल और तीन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की है। संभल के पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्रा ने बताया की पांच अक्टूबर को एचोंडा कबोह थाना क्षेत्र के मड़ावली रसूलपुर गांव की रहने वाली एक महिला (45) ने अपने ऊपर तेजाब हमला किए जाने की शिकायत की थी।

# गर्भवती महिला व नाबालिग बहन की हत्या

## रिश्तेदारों ने कथित तौर पर घटना को दिया अंजाम, आरोपी फरार

बाषा। बदायूं

**बदायूं** जिला में जरीफनगर थाना क्षेत्र में आठ महीने की गर्भवती महिला और उसकी नाबालिग बहन की उनके रिश्तेदारों ने कथित तौर पर हत्या कर दी। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। मृतकों की पहचान शेखपुरा गांव निवासी लज्जावती (35) और मंजू (10) के तौर पर हुई है। मंगलवार रात को घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) ओ पी सिंह और पुलिस अधीक्षक देहात सिद्धार्थ वर्मा ने घटनास्थल का जायजा लिया। अधिकारियों ने बताया कि लज्जावती के जेठ आरोपी जंडेल सिंह और बहोरी सिंह फरार हैं। पीड़िता का पति कमल सिंह हरियाणा में काम करता है। एसएसपी ओपी सिंह ने कहा, प्रतीत होता है कि उन्होंने हत्या के लिए धारदार हथियारों का इस्तेमाल किया। घटना को अंजाम देने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। हमारी टीम उन्हें गिरफ्तार करने का प्रयास कर रही है। अधिकारियों ने बताया कि हत्याओं के पीछे पारिवारिक विवाद का अंदेशा है। हालांकि इसकी पुष्टि अभी नहीं हुई है। उन्होंने बताया कि शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

**रेल पटरियों पर गेटमैन का शव मिला:** सुल्तानपुर जिले के कूरेभार थाना क्षेत्र में बुधवार सुबह अयोध्या-प्रयागराज रेलखंड पर रेलवे के एक गेटमैन का शव बरामद हुआ। पुलिस ने यह जानकारी दी। अधिकारियों के मुताबिक, मृतक की पहचान प्रदीप कुमार मिश्रा के तौर पर हुई है, जो कूरेभार थाना क्षेत्र के सरैया मझौवा गांव का निवासी था। उन्होंने बताया कि मिश्रा रेलवे में गेटमैन की नौकरी करते थे और मौजूदा समय में वह कूरेभार रेलवे स्टेशन पर तैनात थे। पुलिस ने बताया कि परिजनों के अनुसार, मिश्रा काम के बाद मंगलवार सुबह घर आए थे और रात में चले गए थे।थाना प्रभारी (एसएचओ) लक्ष्मीकांत मिश्रा के मुताबिक, परिवार को अंदेशा है कि प्रदीप की हत्या की गई है और बाद में उनका शव रेल पटरी पर फेंक दिया गया। उन्होंने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है और मामले में आगे की जांच जारी है।

**प्रयागराज में कथित चोर की हत्या के मामले में दो व्यक्ति गिरफ्तार:** प्रयागराज के खुल्दाबाद थाने के बेनीगंज में मंगलवार की तड़के सुबह कथित चोर की पीट-पीटकर हत्या किए जाने के मामले में पुलिस ने बुधवार को दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक (नगर) संतोष कुमार मीणा ने संवाददाताओं को बताया कि खुल्दाबाद में कल घटी घटना के संबंध में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है जिनकी पहचान जगदीश प्रसाद शुक्ला और सतेंद्र शुक्ला के रूप में की गई है। उन्होंने बताया कि पुलिस को मिले सीसीटीवी फुटेज में पांच लोग दो व्यक्तियों को पीटते नजर आए, जिनकी पहचान कर ली गई है और तीन अन्य व्यक्तियों में पुष्पेंद्र शुक्ला, लवकुश और दिलीप हैं जिनकी गिरफ्तारी अभी नहीं हो सकी है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों ने जुर्म स्वीकार करते हुए बताया कि उनके गोदाम में बिजली के तार और उपकरण रखे थे और पिछले कई दिनों से चोरी हो रही थी, जिसके बाद उन्होंने सीसीटीवी कैमरा लगवाया। अधिकारी ने बताया कि घटना की रात दोनों व्यक्ति चोरी करते हुए पकड़ लिए गए और उन्होंने इन व्यक्तियों को मारपीट कर छोड़ दिया, बाद में पता चला कि एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई है। उल्लेखनीय है कि मंगलवार को तड़के कथित तौर पर चोरी के इरादे से आए दो व्यक्तियों की कुछ लोगों ने बुरी तरह से पिटाई की जिससे एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई, जबकि दूसरा व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान गप्पू उर्फ जहीर खान (35) के रूप में की गई थी, वहीं घायल व्यक्ति की पहचान मुन्ना उर्फ यूसुफ खान के रूप में की गई है। मृतक के परिजनों की तहरीर पर मंगलवार को अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

**अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर घर में हजार की नकदी समेंत लाखों के जेवर पार:** लालगंज रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र के बाजपेईपुर मजरे बेंहटा कलां गांव में बीती रात अज्ञात चोरो ने धावा बोलकर घर में हजार की नकदी समेंत लाखों के जेवर पार कर दिये। मामले की सूचना कोतवाली पुलिस को दी गई है। बाजपेईपुर गांव निवासिनी ज्योत्सना मिश्रा पत्नी सुरेश मिश्रा के घर बीती रात चोर छत के रास्ते घर के अंदर घुस गये और कमरो के बक्सो का ताला तोडकर उसमें रखें पचास हजार की नकदी समेंत सोने के झुमके, चेन, अंगूठी, कंगन, बाला आदि सामान को पार कर दिया। सुबह उठने पर मामले की जानकारी पीडिता को हुई। घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा देखकर सभी को होश उड गये। घटना के समय घर में ज्योत्सना व उसकी बहन ही थी। दोनो को ही चोरो की भनक तक नही लगी। मामले की जानकारी होने पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्रामीणो का कहना है कि इससे पूर्व भी गांव में इसी प्रकार की कई बडी चोरियां हो चुकी है लेकिन किसी का भी खुलासा नही हो सका। कोतवाली प्रभारी ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है जल्द ही चोरी का खुलासा किया जायेगा।

## विद्यालय प्रबंधक व शिक्षकों ने मुलायम को दी श्रद्घांजलि




**संतकबीरनगर।** समाजवादी पार्टी के संरक्षक एवं धरती पुत्र कहे जाने वाले पूर्व मुख्यमंत्री मुलायम सिंह यादव के निधन पर बुधवार को जिले के कई कालेजों में प्रार्थना सभा में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने उन्हें भावभीनी श्रद्घांजलि अर्पित की। इस मौके पर शिक्षकों के द्वारा विद्यार्थियों को मुलायम सिंह यादव द्वारा प्रदेश की जनता के लिए किए गए कार्यो के बारे में बताया गया। जिला मुख्यालय पर सूर्या इंटरनेशनल सीनियर सेकेंडरी स्कूल खलीलाबाद में श्रद्घांजलि सभा आयोजित की गई। जिसमें सभी शिक्षकों ने उनके चित्र पर पुष्प अर्पित करके श्रद्घांजलि दी। प्रबंध निदेशक डॉ0 उदय प्रताप चतुर्वेदी ने कहा कि समाजवादी पार्टी के संरक्षक मुलायम सिंह यादव के निधन से उत्तर प्रदेश ने अपना एक वरिष्ठ नेता खो दिया है जो हमेशा किसानों और नौजवानों और आम जनता के लिए हमेशा लड़ाई लड़ने का काम किए है। सभा में जिला पंचायत अध्यक्ष बलिराम यादव, प्रधानाचार्य रविनेश श्रीवास्तव, उप प्रधानाचार्य शरद त्रिपाठी, ममता त्रिपाठी, बलराम उपाध्याय, प्राचार्य डॉ0 सीपी श्रीवास्तव, रविंदर यादव, शंकर यादव, रामाशीष यादव, आशुतोष पाण्डेय, प्राचार्य चिंतामणि उपाध्याय सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन




**लखनऊ।** हेल्थ केयर ट्रस्ट और एआर जे हॉस्पिटल के सहयोग से स्वस्थ भारत सुंदर भारत मिशन के अंतर्गत काशीराम कॉलोनी लौलाई ग्राम के पास हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया, जिसमें लोगों की फ्री डायट काउंसलिंग, फिजियोथेरेपी जांच की सुविधा दी गई और डॉक्टर अमित सिंह ने मरीजों को इलाज की सुविधा प्रदान की और लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक किया तथा फ्री दवाइयों का भी वितरण किया द्य जिसमें हेल्थ केयर ट्रस्ट के प्रेसिडेंट सरित सिंह और चीफ कोऑर्डिनेटर मनीष सिंह भी मौजूद रहे साथ में डॉक्टर नजीन बानो, डायटीशियन पूजाए सारिकाए आस्थाए नेहा और रंजन कुमार शर्मा भी मौजूद रहें। इस कैंप में लोगों को हेल्थ केयर ट्रस्ट द्वारा स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाओ और मरीजों के स्वास्थ्य सम्बंधित समस्याओं का निदान एवं जानकारी से अवगत कराया गया।

## धूमधाम से मनाया गया मोहम्मद साहब का जन्मदिन

**बछरावां** रायबरेली कस्बे में मोहम्मद साहेब का जन्मदिन ईद मिलादुन्नबी के नाम से बड़ी ही धूम धाम के साथ मनाया गया, इस मौके पर चूड़ी मंडी व सब्जी मंडी चौराहे पर स्टाल लगाकर फल एवं अन्य खाद्य पदार्थों को वितरित किया गया, तथा जामा मस्जिद से लेकर कस्बे के मुख्य मार्गो से होता हुआ सैयद बाबा की मजार तक जुलूस का आयोजन कर मोहम्मद साहब के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया गया। जुलूस का नेतृत्व नगर पंचायत वार्ड नंबर 9 के सभासद शकील मंसूरी द्वारा किया गया। उन्होंने बताया कि यह त्योहार प्रतिवर्ष इस्लाम धर्म के पैगंबर मोहम्मद साहब के जन्मदिन की यादगार में मनाया जाता है, और जगह जगह खाद्य पदार्थों सहित अन्य जरूरत के वस्तुओं का अपनी हैसियत के अनुसार लोग दान करते हैं। इस त्यौहार में जकात व खैरात का विशेष महत्व है। दौराने जुलूस जामा मस्जिद के इमाम हाफिज, हाफिज नियाज, आसिफ मुशीर खान, रहमत अली, इमरान अली, आशु सहित सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुए उप जिला अधिकारी महाराजगंज तथा स्थानीय थाने के कोतवाल जगदीश यादव एसआई शेखर बालियान भारी संख्या में महिला व पुलिस कर्मियों के साथ मौजूद रहे।

## फीस वृद्धि के विरोध में छात्रों ने डीएसडब्ल्यू का किया घेराव

**प्रयागराज।** इलाहाबाद विश्वविद्यालय में फीस वृद्धि के खिलाफ आंदोलन कर रहे छात्रों ने बुधवार को छात्र अधिष्ठाता कल्याण (डीएसडब्लू) प्रोफेसर एस एन प्रसाद का घेराव किया और चेतावनी दी कि यदि सोमवार तक बढ़ी हुई फीस वापस नही की जाती है तो विश्वविद्यालय प्रशासन बड़े आंदोलन को झेलने के लिए तैयार रहे। छात्र आंदोलन का नेतृत्व कर रहे अजय यादव सम्राट ने कहा कि जिला प्रशासन की मध्यस्थता में एक सप्ताह पहले विश्वविद्यालय प्रशासन के साथ हुई वार्ता का आज तक कोई हल नही निकल सका है। उन्होने कहा कि छात्रों के साथ विश्वविद्यालय प्रशासन लगातार छलावा करने का काम कर रहा है और अब छात्र इनके बहकावे में कतई नही आने वाले हैं और 300 प्रतिशत बढ़ी हुई फीस को वापस लिए जाने पर ही मानेंगे।

## डेस्क बाउंड लाइफस्टाइल से बढ़ रहा खतरा

**लखनऊ।** जब से वर्क फ्राम होम कल्चर आया है तब से जोड़ों के दर्द रीढ़ से संबंधित समस्याओ में काफी बढ़ोत्तरी देखने को मिली है। रीजेंसी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञों ने कहा है कि शारीरिक रूप से सक्रिय न रहने के कारण ऑस्टियोपोरोसिस, मांसपेशियों और जोड़ों का कमजोर होना, रीढ़ की चोट और अर्थरायटिस होने का खतरा बहुत ज्यादा बढ़ गया है। रीजेंसी हॉस्पिटल को अपने ओपीडी में हफ्ते में औसतन 20 केस जोड़ों की समस्या के प्राप्त हो रहे हैं। आनुवंशिक प्रवृत्ति के अलावाए शारीरिक रूप सक्रिय न रहने और आलस भरी लाइफस्टाइल के कारण अर्थरायटिस सबसे ज्यादा हो रहा है। कंसलटेंट ऑर्थोपेडिक्स, स्पोर्ट्स मेडिसिन एंड जॉइंट रिप्लेसमेंट डॉ रोहित जैन ने कहा, एक औसत वयस्क प्रतिदिन नौ घंटे बैठ कर डेस्क पर काम करता है। लंबे समय तक बैठने से टाइप 2 डायबिटीज होने का खतरा लगभग दोगुना हो जाता है और हृदय की बीमारी का खतरा 10 से 20 फीसद ज्यादा बढ़ जाता है।



आगरा में बुधवार को ताजमहल की यात्रा के दौरान फोटो पोज देतीं मिस सुपरमॉडल वर्ल्डवाइड 2022 की प्रतिभागी

# मुस्लिम व्यक्ति ने हनुमान मंदिर के लिए दान की जमीन

**शाहजहांपुर।** उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में एक मुस्लिम व्यक्ति ने अपनी जमीन का एक हिस्सा जिला प्रशासन को दान कर दिया है ताकि राष्ट्रीय राजमार्ग के रास्ते में आ रहे मंदिर को वहां स्थानांतरित किया जा सके। एक अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। अतिरिक्त जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन) रामसेवक द्विवेदी ने पीटीआई-भाषा को बताया कि दिल्ली लखनऊ राष्ट्रीय मार्ग को चौड़ा किया जा रहा है और मंदिर के कारण कछियानी केरा गांव में दिल्ली-लखनऊएनएच-24 को चौड़ा करने की परियोजना आगे नहीं बढ़ पा रहा थी। इस बात को समझते हुए बाबू अली ने परियोजना के पास स्थित एक बीघा (0.65 हेक्टेयर) जमीन प्रशासन को दे दी ताकि मंदिर को वहां स्थानांतरित किया जा सके। तिलहर की उप जिलाधिकारी राशि कृष्णा ने बताया कि बाबू अली द्वारा अपनी एक बीघा जमीन का बैनामा मंगलवार को प्रशासन के नाम पर किया गया है जिसमें एक क्रेता के रूप में उन्होंने हस्ताक्षर किए हैं तथा इसी जमीन पर हनुमान मंदिर को स्थानांतरित किया जाएगा। उन्होंने गंगा जमुनी तहजीब को बनाए रखते हुए हिंदू-मुस्लिम एकता की मिसाल कायम करने के लिए बाबू अली की प्रशंसा की।

# भारतीयता के दर्शन करना हो तो नानाजी को देखिए: तरुण विजय

**चित्रकूट।** राष्ट्रवादी चिंतक , पांचजन्य के पूर्व संपादक एवं प्रख्यात पत्रकार, स्तंभकार तरुण विजय ने महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय में आयोजित नानाजी स्मृति व्याख्यान माला में कहा कि भारतीयता के दर्शन करने हो, तो नाना जी को देखना चाहिए। भारतीय संस्कृति और मूल्य जिन ग्रामीण जनों में संरक्षित और संपोषित हैं, उन्हें राष्ट्र के वास्तविक नायक बनाने में अपनी समस्त ऊर्जा निवेश करने वाले राष्ट्रऋषि नानाजी वास्तव में भारत रत्न है, क्योंकि जिन ग्रामों और ग्रामीणों में भारत की आत्मा बसती है उन्हें खुशहाल और संपन्न बनाने के लिए नाना जी ने अपना पूरा जीवन दे दिया। नाना जी को जानने समझने के लिए किसी आयोजन की आवश्यकता नहीं। जब राष्ट्रप्रेम और भारतीयता से ओतप्रोत हमारी मानवीय संवेदनाओ में पीड़ित और उपेक्षित ग्राम वासियों की पीड़ा एकाकार हो जाएगी, वही नानाजी प्रकट होगें।ग्रामोदय विवि के संस्थापक कुलाधिपति नानाजी देशमुख के जन्म दिवस पर आयोजित व्याख्यानमाला में उत्तर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री कृषि शिक्षा एवं अनुसंधान सूर्य प्रताप शाही, मध्य प्रदेश निजी विश्वविद्यालय नियामक आयोग के अध्यक्ष प्रो भरत शरण सिंह, दीन दयाल शोध संस्थान के राष्ट्रीय संगठन सचिव एवं ग्रामोदय विश्वविद्यालय प्रबंधन मंडल के सदस्य अभय महाजन विशेष रूप से उपस्थित रहे। ग्रामोदय विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो भरत मिश्रा अध्यक्ष के रूप में मौजूद रहे। कुलसचिव डॉ अजय कुमार ने आभार माना और संयोजन विज्ञान एवं पर्यावरण संकाय के अधिष्ठाता त्रिपाठी ने किया।वक्तव्य की श्रंखला में विशिष्ट अतिथि एवं उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने नाना जी के कुशल संगठन के अनेक उदाहरण प्रस्तुत किए।

# वन राज्य मंत्री के भतीजे के खिलाफ मारपीट और रंगदारी के आरोप में केस

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण कुमार के भतीजे के खिलाफ एक होटल में मारपीट करने और रंगदारी मांगने के आरोप में बुधवार को मुकदमा दर्ज किया गया। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) राहुल भाटी ने बताया कि मंगलवार देर रात अमित सक्सेना नामक युवक ने प्रेमनगर थाना क्षेत्र स्थित एक होटल में खाना नहीं मिलने पर अपने साथियों के साथ होटल कर्मियों से गाली गलौज और तोड़फोड़ की, यह भी आरोप है कि उसने होटलकर्मियों पर कार चढ़ाने का प्रयास भी किया। आरोपी अमित सक्सेना प्रदेश के वन राज्य मंत्री अरुण कुमार का सगा भतीजा बताया जाता है। भाटी ने बताया कि इस मामले में होटल मालिक नरेश कश्यप की तहरीर पर बुधवार को सक्सेना के खिलाफ मारपीट, तोड़फोड़ और रंगदारी के आरोपों में मुकदमा दर्ज किया गया है। होटल के मालिक नरेश कश्यप ने बताया कि मंगलवार रात करीब साढ़े 10 बजे उनके होटल के स्टाफकर्मी खाना खा रहे थे। इसी बीच मंत्री का भतीजा अमित सक्सेना अपने साथियों के साथ पहुंचा। उस वक्त तक होटल बंद हो चुका था। सक्सेना ने होटलकर्मियों से खाना लगाने को कहा तो सुजान नामक कर्मचारी ने खाना खत्म हो जाने की बात कही, इस पर सक्सेना नाराज हो गया और गाली गलौज करने करने के बाद धमकी देकर चला गया। कश्यप के मुताबिक कुछ देर बाद सक्सेना फिर आया और होटल में खाना खा रहे कर्मचारियों पर कार चढ़ाने की कोशिश की। कर्मचारियों ने भागकर किसी तरह जान बचाई। सूचना पर पुलिस के पहुंचने से पहले ही आरोपी भाग गया। कश्यप ने कहा कि वह खुद भाजपा के कार्यकर्ता हैं और इसके बावजूद उनके साथ इस तरह की बदसलूकी हुई।

**जेवर व नगदी की पार**

कोंच(जालौन)। ग्राम बरसेसी में रात के अंधेरे में एक घर में घुसे चोर जेवर समेत नगदी चोरी कर ले गये। कोंच कोतवाली क्षेत्र के ग्राम बरसेसी निवासी गुरुनाथ सिंह पुत्र रामकेश ने पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि बुधवार की रात्रि करीब 2 बजे वह घर की दूसरी मंजिल पर अपने परिजनों के साथ सो रहा था। रात के अंधेरे में अज्ञात चोर छत के रास्ते घर में नीचे उतर आये और कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर उसमें रखे 35 हजार रुपये नगदी समेत सोने चांदी के लाखों रुपए कीमत के जेवर चोरी कर ले गये।

पायनियर
नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, 13 अक्टूबर, 2022




# चाहर टी-20 विश्व कप से बाहर

● ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम से जुड़ेंगे सिराज, शमी और शार्दुल

भाषा। नई दिल्ली

**तेज** गेंदबाज मोहम्मद सिराज, मोहम्मद शमी और शार्दुल ठाकुर ऑस्ट्रेलिया में भारतीय टीम से जुड़ेंगे जबकि दीपक चाहर पीठ की चोट के कारण आगामी टी20 विश्व कप से बाहर हो गए हैं। चाहर स्टैंडबाय खिलाड़ियों में शामिल थे और माना जा रहा था जसप्रीत बुमराह की अनुपस्थिति में उन्हें मुख्य टीम में शामिल किया जा सकता है लेकिन वह आस्ट्रेलिया नहीं जा सकेंगे। राष्ट्रीय चयनकर्ताओं ने शमी, सिराज और ठाकुर को टीम से जुड़ने के लिए कहा है।

ए तीनों बुधवार की रात आस्ट्रेलिया के लिए रवाना होंगे। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के एक अधिकारी ने गोपनीयता की शर्त पर पीटीआई से कहा, दीपक को फिट होने में कुछ समय लगेगा। उनका पीठ दर्द फिर से उभर गया है। उनका टखना ठीक है और उसमें कोई समस्या नहीं है। इसलिए बीसीसीआई तीन खिलाड़ियों मोहम्मद शमी, मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को ऑस्ट्रेलिया भेज रहा है। इन तीनों तेज गेंदबाजों में से एक 15 सदस्यीय टीम में बुमराह की जगह लेगा। भारत के पास बुमराह की जगह नए खिलाड़ी का चयन करने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय है और इसलिए टीम प्रबंधन इन तीनों तेज गेंदबाजों की फिटनेस का आकलन करना चाहता है। चाहर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 श्रृंखला में हिस्सा लिया था लेकिन पीठ दर्द उबरने के कारण वह वनडे श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। वह उपचार के लिए राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) चले गए थे।



चाहर हैमस्ट्रिंग चोट के कारण इस साल के शुरू में करीब छह महीने तक क्रिकेट से बाहर रहे थे जिसके बाद उनकी पीठ में चोट लग गई। उन्होंने जिम्बाब्वे दौरे के दौरान वापसी की थी। तीनों तेज गेंदबाजों को सही समय पर आस्ट्रेलिया पहुंचने से उन्हें वहां की परिस्थितियों से तालमेल बिठाने में भी मदद मिलेगी ताकि जब उनकी जरूरत पड़े तो वह खेलने के लिए तैयार रहें। शमी अपने अनुभव के कारण टीम में जगह बनाने की दौड़ में सबसे आगे हैं लेकिन सिराज ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में समाप्त हुई वनडे श्रृंखला में शानदार प्रदर्शन किया था जिसमें उन्हें श्रृंखला का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुना गया था।

सिराज ने तीन मैचों में पांच विकेट लिए थे। इनमें से तीन विकेट उन्होंने रांची में दूसरे वनडे में हासिल किए थे। शार्दुल अपनी ऑलराउंड क्षमता के कारण दावेदार हैं लेकिन उनके स्टैंडबाय सूची में ही रहने की संभावना है। रवि बिश्नोई और श्रेयस अय्यर को फिलहाल ऑस्ट्रेलिया जाने की संभावना नहीं है। टीम को अगर किसी बल्लेबाज की जगह खिलाड़ी चाहिए होगा तो ही वे टीम से जुड़ सकते हैं।

## प्रिटोरियस की जगह जानसेन दक्षिण अफ्रीकी टीम में

**जोहानिसबर्ग ( भाषा )।** बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जानसेन को चोटिल ड्वेन प्रिटोरियस की जगह ऑस्ट्रेलिया में होने वाले आगामी टी20 विश्व कप के लिए दक्षिण अफ्रीका की 15 सदस्यीय टीम में शामिल किया गया है। दक्षिण अफ्रीकी क्रिकेट बोर्ड ने बुधवार को यह घोषणा की। ऑलराउंडर प्रिटोरियस हाल में भारत के खिलाफ टी20 श्रृंखला के तीसरे मैच के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं अंगूठे में चोट लगी है। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका की विज्ञप्ति के अनुसार 22 वर्षीय जानसेन को शुरू में रिजर्व खिलाड़ियों में शामिल किया गया था। रिजर्व खिलाड़ियों में अब उनकी जगह तेज गेंदबाज लिजाद विलियम्स लेंगे। जानसेन ने अब तक केवल एक टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच खेला है जो उन्होंने इस साल जून में भारत के खिलाफ राजकोट में खेला था। इस मैच में उन्होंने 38 रन देकर एक विकेट लिया था। उन्होंने सात टेस्ट और तीन वनडे भी खेले हैं। वह भारत के खिलाफ हाल में खेली गई श्रृंखला में टी20 टीम का हिस्सा थे लेकिन उन्हें एक भी मैच खेलने को नहीं मिला। उन्हें वनडे श्रृंखला के लिए प्रिटोरियस जगह टीम में लिया गया था और तीसरे मैच में उन्हें अंतिम एकादश में शामिल किया गया था। इसके बाद ही उन्हें विश्वकप टीम में शामिल किया गया।

# थाईलैंड के खिलाफ एक और जीत के साथ फाइनल में जगह बनाने उतरेगा भारत

**महिला एशिया कप**

भाषा। सिलहट (बांग्लादेश)

**भारत** का महिला एशिया कप में अब तक का सफर आसान रहा है और गुरुवार को यहां सेमीफाइनल में टीम जब थाईलैंड की कमजोर टीम से भिड़ेगी तो उसके एक और जोरदार जीत दर्ज करने की उम्मीद है। इन दोनों टीम के बीच पिछला मुकाबला काफी एकतरफा रहा था जिसमें भारत ने थाईलैंड को 15.1 ओवर में सिर्फ 37 रन पर ढेर कर दिया था और फिर लीग चरण के इस मुकाबले में आसान जीत दर्ज की। थाईलैंड की टीम भारत के खिलाफ पिछले मैच की तुलना में बल्लेबाजी में बेहतर प्रदर्शन करना चाहेगी। टीम ने मेजबान और गत चैंपियन बांग्लादेश को पछाड़कर पहली बार एशिया कप के सेमीफाइनल में जगह बनाई है। नारुमोल चाईवाई की टीम यह साबित करने की उम्मीद कर रही होगी कि टूर्नामेंट के लिए उसका क्वालीफाई करना तुक्का नहीं है।

भारत को इस टूर्नामेंट के जरिए अपनी बेंच स्ट्रैंथ को परखने का शानदार मौका मिला है और इस प्रतियोगिता के जरिए टीम की कम अनुभवी खिलाड़ियों को दक्षिण अफ्रीका में अगले साल होने वाले टी20 विश्व कप से पहले पर्याप्त मुकाबले खेलने का समय मिला है। इस रणनीति के तहत भारतीय कप्तान हरमनप्रीत कौर छह लीग मैच में से केवल तीन में खेलीं और भारत की एकमात्र हार के दौरान पाकिस्तान के खिलाफ सातवें नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरीं। फिनिशर की भूमिका निभाने वाली खिलाड़ी की तलाश में भारत ने आक्रामक बल्लेबाजों किरण प्रभु नवगिरे और डायलन हेमलता को आजमाया। मई में महिला टी20 चैलेंज में सबसे तेज अर्धशतक जड़ने वाली किरण तीन पारियों में सिर्फ 10 रन बना पाईं जबकि उनसे अधिक अनुभवी हेमलता के नाम भी चार पारियों में सिर्फ 45 रन दर्ज हैं। अब यह देखना होगा कि भारत प्रयोग जारी रखता है या फिर फाइनल की तैयारी के लिए अपनी सबसे मजबूत टीम उतारता है। दीप्ति शर्मा, स्नेह राणा और राजेश्वरी गायकवाड़ की स्पिन तिकड़ी पूरे टूर्नामेंट के दौरान विरोधी बल्लेबाजों पर अंकुश लगाने में सफल रही है।



**टीम**

**भारत:** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना, दीप्ति शर्मा, शेफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, एस मेघना, ऋचा घोष, स्नेह राणा, डायलन हेमलता, मेघना सिंह, रेणुका ठाकुर, पूजा वस्त्रकार, राजेश्वरी गायकवाड़, राधा यादव और किरण नवगिरे।

**थाईलैंड:** नारुमोल चाईवाई (कप्तान), नताया बूचथम, नथाकन चेंथम, सुनिदा चतुरोंगरतना, ओनिचा कामचोम्फू, सुवानन खियाओतो, नानापट कोंचारोएनकेई, सुलीपोर्न लाओमी, बनथिदा लीफथाना, फन्निता माया, नानथिता बूनसुखम, थिपाचा सुतिरांग तिपितयान, थिपारट पुतिन तिपथाना।

**समय:** मैच भारतीय समयानुसार सुबह 8.30 बजे से शुरू होगा।

**क्विक न्यूज**

### मैच फिक्सिंग के लिए यूएई के क्रिकेटर पर 14 साल का प्रतिबंध

**मेलबर्न।** संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के एक घरेलू क्रिकेटर को अप्रैल 2019 में एक अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला और उसी साल कनाडा में टी20 फ्रेंचाइजी टूर्नामेंट में मैच फिक्सिंग से जुड़े सात आरोपों के लिए दोषी पाए जाने के बाद 14 साल के लिए क्रिकेट की हर गतिविधि से प्रतिबंधित कर दिया गया है। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने बुधवार को बयान जारी कर घोषणा की कि आईसीसी के भ्रष्टाचार रोधी पंचाट ने सुनवाई के बाद मेहरदीप छाबड़ा पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। इससे पहले अमीरात की राष्ट्रीय टीम के दो खिलाड़ियों पर प्रतिबंध लगाया गया था। उन्होंने छाबड़ा से जुड़े पेशकश के संदर्भ में भ्रष्टाचार निरोधक संहिता के उल्लंघन की बात स्वीकार की थी। छाबड़ा विकेटकीपर बल्लेबाज है जो यूएई में शीर्ष लीग में खेलता रहा है। उसने 2012 में अंडर-19 एशियाई क्लब टूर्नामेंट में हिस्सा लिया था। छाबड़ा ने सभी आरोपों का खंडन किया है।

### राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 कप 31 अक्टूबर से

**लखनऊ।** भारत के दिव्यांग क्रिकेटरों के लिए अब तक के सबसे बड़े राष्ट्रीय टूर्नामेंट सरदार पटेल राष्ट्रीय दिव्यांग टी20 कप का आयोजन 31 अक्टूबर से सात नवंबर के बीच लखनऊ में किया जाएगा। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) की दिव्यांग क्रिकेट समिति में शामिल रवि चौहान ने कहा, टूर्नामेंट की कुल इनामी राशि 30 लाख रुपए होगी जिसमें 20 राज्यों की टीम हिस्सा लेंगी और 43 मैच का आयोजन किया जाएगा। चौहान ने कहा, यह पहली बार होगा जब खिलाड़ियों को मैच फीस दी जाएगी और उनकी यात्रा के खर्च की भरपाई की जाएगी। टूर्नामेंट को बीसीसीआई सचिव का पूरा समर्थन हासिल है। भारत की स्वतंत्रता के 75 साल के मौजूदा जश्न के बीच डीसीसीबीआई इस तरह की पहल से समानता और खेल को बढ़ावा दे रहा है। भारतीय दिव्यांग क्रिकेट परिषद (डीसीसीबीआई) भारत में चार तरह के दिव्यांग क्रिकेट का संघ है जिसमें दृष्टिबाधित, बधिर, शारीरिक रूप से दिव्यांग और व्हीलचेयर क्रिकेट शामिल है।

### शीर्ष वरीय खिलाड़ी फेनेस्टा ओपन के दूसरे दौर में

**नई दिल्ली।** शीर्ष वरीय वैदेही चौधरी और दूसरी वरीय साई संहिता ने अलग अलग तरीकों से जीत दर्ज कर बुधवार को यहां फेनेस्टा ओपन राष्ट्रीय टेनिस चैम्पियनशिप के महिला एकल के दूसरे दौर में जगह बनाई। वैदेही ने शानदार खेल की बदौलत लक्ष्मी गौड़ा को 6-2 6-0 से पराजित किया जबकि संहिता ने वंशिका चौधरी को 6-4 6-3 से पराजित किया। तीसरी वरीय युवा्षणी बनर्जी ने भी श्रीनिधी पर 6-2, 6-0 की जीत से अगले दौर में जगह बनाई। पुरुष एकल में तीसरे वरीय प्रज्वल देव ने पहले दौर में अभिषेक गौड़ पर 6-1, 6-1 से सीधे सेट में जीत हासिल की।

### नकाशिमा और बुब्लिक फिरेंजे ओपन के दूसरे दौर में

**फ्लोरेंस।** अमेरिका के आठवीं वरीयता प्राप्त ब्रैंडन नकाशिमा ने रिचर्ड गास्केट को 6-2, 6-2 से हराकर फिरेंजे ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में प्रवेश किया। नकाशिमा को फ्रांसीसी खिलाड़ी को हराने में एक घंटे से अधिक का समय लगा और अब उनका सामना अल्जुगा सेविवकिलेक से होगा। सातवीं वरीयता प्राप्त अलेक्जेंडर बुब्लिक ने भी इस हार्ड कोर्ट टूर्नामेंट में क्रिस्टियन गारिन को 7-5, 6-2 से हराकर अपने करियर की 100वीं जीत दर्ज की। ऑस्कर ओट्टे ने पहला सेट गंवाने के बाद वापसी करके मार्टन फुक्सोविक्स को 3-6, 6-4, 6-2 से हराया। दूसरे दौर में उनका सामना शीर्ष वरीय फेलिक्स ऑगर अलियासिम से होगा। एक अन्य मैच में बर्नबे जपाटा मिरालेस ने लोरेंजो सोनेगो को 6-4, 6-4 से पराजित किया। मिकेल यमेर और फ्रांसेस्को पासारो भी आगे बढ़ने में सफल रहे।

### आयरलैंड और स्विट्जरलैंड ने महिला विश्व कप में जगह बनाई

**ज्यूरिख।** आयरलैंड और स्विट्जरलैंड ने यूरोपीय प्लेऑफ में अपने-अपने मैच जीतकर अगले साल होने वाली महिला विश्व कप फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई किया। आयरलैंड ने एबर्डेन में 72वें मिनट में किए गए गोल की बदौलत स्कॉटलैंड को 1-0 से हराया। यह पहला अवसर है जबकि आयरलैंड ने महिला विश्वकप में जगह बनाई। स्विट्जरलैंड ने स्थानापन्न फैबिएन हम्म के इंजरी टाइम में किए गए गोल की मदद से वेल्स को 2-1 से पराजित किया। पुर्तगाल ने भी अतिरिक्त समय तक खिंचे मैच में आइसलैंड को 4-1 से हराया लेकिन उसे विश्व कप में अपनी जगह सुरक्षित करने के लिए अगले साल फरवरी में 10 टीम के अंतरमहाद्वीपीय प्लेऑफ में खेलना होगा।

# मलान और कुरेन की मदद से इंग्लैंड ने आस्ट्रेलिया को हराया, टी20 श्रृंखला जीती

एपी। कैनबरा

**इंग्लैंड** ने डेविड मलान के 82 रन और सैम कुरेन के तीन विकेट की मदद से बुधवार को यहां आस्ट्रेलिया पर आठ रन की जीत से तीन मैचों की टी20 श्रृंखला में 2-0 से अजेय बढ़त बना ली। टी20 विश्व कप में अपने खिताबी बचाव की शुरुआत से पहले मेजबान आस्ट्रेलिया के लिए यह करारा झटका होगा। मलान ने 49 गेंद की पारी में सात चौके और चार छक्के लगाए तथा मोईन अली के साथ पांचवें विकेट के लिए 92 रन की साझेदारी निभाई। इससे बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद इंग्लैंड ने नौवें ओवर में चार विकेट पर 54 रन के स्कोर से सात विकेट पर 178 रन का स्कोर खड़ा किया।

कुरेन ने फिर आस्ट्रेलिया के अहम विकेट झटके। उन्होंने आठवें ओवर में ग्लेन मैक्सवेल (08 रन) को बाउंसर पर मिड विकेट पर एलेक्स हेल्स के हाथों कैच कराके आउट कराया और फिर 12वें ओवर में मार्कस स्टोइनिस (22 रन) को डीप मिडविकेट में हैरी ब्रूक के हाथों कैच आउट कराया। कुरेन ने 18वें ओवर में बेहतरीन यॉर्कर से टिम डेविड (23 गेंद में 40 रन) के लेग स्टंप उखाड़कर आस्ट्रेलिया की उम्मीदें तोड़ दीं। आस्ट्रेलियाई टीम 20 ओवर में छह विकेट पर 170 रन ही बना सकी। इंग्लैंड ने पर्थ में रविवार को श्रृंखला के शुरुआती मैच में आठ रन से जीत दर्ज की थी। आस्ट्रेलिया ने दूसरे टी20 मैच के लिए अंतिम एकादश में पांच बदलाव किए थे।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे मलान ने कप्तान जोस बटलर (17 रन) के आउट होने के बाद क्रीज पर उतरे, वह एक छोर पर डटे रहे जबकि दूसरे छोर पर हेल्स (04 रन), बेन स्टोक्स (07 रन) और हैरी ब्रूक (01 रन) सस्ते में पवेलियन लौट गए। नौवें ओवर की अंतिम गेंद पर मैक्सवेल ने अली को जीवनदान दिया जिसका मेजबानों को खामियाजा भुगतना पड़ा क्योंकि तब इंग्लैंड का स्कोर पांच विकेट पर 58 रन हो सकता था। लेकिन अली ने फिर 27 गेंद में चार चौके और दो छक्के से 44 रन बना लिए। अपना 50वां टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल रहे मलान ने 31 गेंद में अर्धशतक पूरा कर लिया और आस्ट्रेलियाई आक्रमण पर दबदबा बनाया। उन्हें भी 54 रन पर जीवनदान मिला। आस्ट्रेलिया के लिए मार्कस स्टोइनिस ने 34 रन देकर तीन विकेट झटके जिसमें मलान का विकेट भी शामिल था जो पारी खत्म होने से तीन गेंद पहले आउट हुए। लक्ष्य का पीछा करने उतरे आस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज फिंच (13 रन) और डेविड वार्नर के विकेट जल्द गंवा दिए, जिससे उसका स्कोर दो विकेट पर 22 रन था। मिशेल मार्श ने 29 गेंद में 45 रन बनाए। टिम डेविड ने 40 रन की पारी खेली जिनके आउट होते ही आस्ट्रेलिया की लय खो गई।



## बांग्लादेश पर बड़ी जीत से न्यूजीलैंड त्रिकोणीय श्रृंखला के फाइनल में

**क्राइस्टचर्च ( भाषा )।** डेवोन कॉनवे और ग्लेन फिलिप्स के अर्धशतकों की मदद से न्यूजीलैंड ने बुधवार को यहां बांग्लादेश को 48 रन से हराकर पाकिस्तान के साथ त्रिकोणीय टी20 क्रिकेट श्रृंखला के फाइनल में प्रवेश किया। न्यूजीलैंड की यह चार मैचों में तीसरी जीत है जिससे उसके छह अंक हो गए हैं और वह शीर्ष पर काबिज है। पाकिस्तान के तीन मैचों में चार अंक हैं और न्यूजीलैंड की जीत से उसने एक मैच शेष रहते ही फाइनल में जगह बना दी। बांग्लादेश को लगातार तीसरी हार का सामना करना पड़ा। अब उसके और पाकिस्तान के बीच गुरुवार को होने वाला मैच औपचारिक रह गया है। न्यूजीलैंड ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर पांच विकेट पर 208 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। इसमें कॉनवे (40 गेंदों पर 64 रन, पांच चौके, तीन छक्के) और फिलिप्स (24 गेंदों पर 60 रन, दो चौके, पांच छक्के) का योगदान महत्वपूर्ण रहा। इन दोनों के अलावा फिन एलेन ने 32 और मार्टिन गुप्टिल ने 34 रन का योगदान दिया। फिलिप्स ने केवल 19 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया। बांग्लादेश की टीम इसके जवाब में कप्तान शाकिब अल हसन की 70 रन की पारी के बावजूद सात विकेट पर 160 रन ही बना पाया। एडम मिल्ने न्यूजीलैंड के सबसे सफल गेंदबाज रहे। उन्होंने 24 रन देकर तीन विकेट लिए। उनके अलावा टिम साउदी और माइकल ब्रेसवेल ने दो-दो विकेट हासिल किए।

## भारत के डिविलियर्स बन सकते हैं सूर्यकुमार: स्टेन

**मुंबई ( भाषा )।** दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन का मानना है कि सूर्यकुमार यादव को ऑस्ट्रेलिया की तेज और उछाल भरी पिचें रास आएंगी और वह आगामी टी-20 विश्वकप में भारतीय टीम के लिए अहम भूमिका निभा सकते हैं। ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ द्विपक्षीय श्रृंखला में लगातार तीन अर्धशतक जड़ने के बाद सूर्यकुमार ने ऑस्ट्रेलियाई धरती पर भी अपनी फॉर्म जारी रखी है। उन्होंने सोमवार को यहां पश्चिम आस्ट्रेलिया के खिलाफ अभ्यास मैच में भारत की 13 रन की जीत में 35 गेंदों पर 53 रन की शानदार पारी खेली थी। स्टेन ने स्टार स्पोर्ट्स के कार्यक्रम क्रिकेट लाइव पर कहा, वह मैदान के चारों तरफ शॉट मारने में सक्षम अद्भुत खिलाड़ी है और मुझे एबी डिविलियर्स की याद दिलाता है। वह भारत का एबी डिविलियर्स हो सकता है और अभी वह जिस तरह की फॉर्म में है उसे देखते हुए विश्वकप में निश्चित तौर पर उस पर निगाहें टिकी रहेंगी।

# टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में सूर्यकुमार यादव दूसरे स्थान पर बरकरार

भाषा। दुबई

**फॉर्म** में चल रहे बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव बुधवार को यहां जारी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय रैंकिंग में बल्लेबाजों में रैंकिंग में दूसरे स्थान पर बरकरार हैं और साथ ही भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हाल में भारत की घरेलू टी20 श्रृंखला के दौरान सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे सूर्यकुमार पाकिस्तान के विकेटकीपर बल्लेबाज मोहम्मद रिजवान से पीछे हैं। सूर्यकुमार के 838 अंक हैं।

सूर्यकुमार शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज हैं। सलामी बल्लेबाज लोकेश राहुल और अनुभवी विराट कोहली क्रमश: 13वें और 14वें पायदान पर हैं जबकि कप्तान रोहित शर्मा 16वें स्थान पर हैं। न्यूजीलैंड में मौजूदा टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज मेजबान देश के डेवोन कॉनवे शीर्ष पांच बल्लेबाजों में शामिल हो गए हैं। कॉनवे ने बांग्लादेश के खिलाफ नाबाद 70 और फिर पाकिस्तान के खिलाफ भी नाबाद 49 रन की पारी खेली। वह ऑस्ट्रेलिया के आरोन फिंच और दक्षिण अफ्रीका के डेविड मलान को पछाड़कर 760 रेटिंग अंक के साथ बल्लेबाजी रैंकिंग में तीसरे स्थान पर हैं। दक्षिण अफ्रीका के ऐडन मार्कराम 777 अंक के साथ चौथे पायदान पर हैं। बल्लेबाजों रैंकिंग में शीर्ष तीन बल्लेबाज रिजवान, सूर्यकुमार और बाबर आजम अपनी पिछली रैंकिंग पर बने हुए हैं।



# सेना ने मुक्केबाजी में जीते पांच स्वर्ण, अंतिम दिन केरल को वॉलीबॉल में दो स्वर्ण

**गांधीनगर ( भाषा )।** तालिका में शीर्ष पर चल रहे सेना ने बुधवार को यहां राष्ट्रीय खेलों में अभियान बुधवार को यहां मुक्केबाजी रिंग में पांच स्वर्ण पदक जीतकर समाप्त किया। सेना के छह मुक्केबाज फाइनल में थे जिसमें से पांच ने पहला स्थान हासिल किया। हरियाणा को निराशा हाथ लगी क्योंकि उसके आठ मुक्केबाजों में से केवल चार ही बुधवार को विजेता बने।

महाराष्ट्र के फाइनल में एकमात्र निखिल दुबे ने 75 किग्रा वजन वर्ग में स्वर्ण पदक जीता जिससे यह राज्य पदक तालिका में सेना के बाद दूसरा स्थान हासिल करने में सफल रहा। निखिल ने पीला तमगा जीतकर अपने दिवंगत कोच धनंजय तिवारी का सपना पूरा किया जिनकी मंगलवार को सड़क दुर्घटना में मौत हो गई थी। वह निखिल का फाइनल देखने आ रहे थे। सेना ने 61 स्वर्ण, 35 रजत और 32 कांस्य पदक अपनी झोली में डाले। भावनगर में केरल ने वॉलीबॉल के दोनों स्वर्ण पदक अपने नाम किए। उसकी पुरुष और महिला टीमों ने पहला स्थान हासिल किया। केरल ने पुरुष वर्ग में तमिलनाडु को 25-23, 28-26, 27-25 से मात देकर खेलों का अंतिम स्वर्ण पदक प्राप्त किया। इससे पहले केरल की महिला वॉलीबॉल टीम ने पश्चिम बंगाल पर सीधे सेट में जीत हासिल की। सेना के लिए दो बार के राष्ट्रमंडल खेलों के पदक विजेता मोहम्मद हुसामुद्दीन (57 किग्रा), इताश खान मोहम्मद (60 किग्रा), आकाश (67 किग्रा), संजीत (92 किग्रा) और नरेंद्र (92 किग्रा से अधिक) ने दिन के पांच मुक्केबाजी स्वर्ण पदक हासिल किए। हुसामुद्दीन ने हरियाणा के सचिन सिवाच को 3-1 से मात दी। मौजूदा एशियाई चैम्पियन संजीत ने हरियाणा के नवीन को पराजित किया। इससे पहले राष्ट्रीय चैम्पियनशिप के रजत पदक विजेता अंकित शर्मा (51 किग्रा) और मीनाक्षी (52 किग्रा) ने हरियाणा को क्रमश: पुरुष और महिला फ्लाईवेट फाइनल्स में स्वर्ण पदक दिलाए।

# अंडर-17 महिला विश्व कप: कनाडा ने फ्रांस को 1-1 की बराबरी पर रोका

भाषा। फातोर्दा

**कनाडा** ने फ्रांस की मजबूत टीम को बुधवार को यहां फीफा अंडर-17 महिला विश्व कप फुटबॉल टूर्नामेंट के ग्रुप डी मैच में 1-1 की बराबरी पर रोक दिया। अनाबेल चुकवू ने 67वें मिनट में कनाडा को बढ़त दिलाई लेकिन लूसी काल्बा ने छह मिनट बाद फ्रांस को बराबरी दिला दी। नवी मुंबई में ग्रुप सी मैच में चीन ने मैक्सिको को 2-1 से हराया। क्यूआओ रिक्री ने 49वें मिनट में पेनल्टी को गोल में बदलकर चीन को बढ़त दिलाई। यू शिंग्यू ने 90वें मिनट में चीन को 2-0 से आगे कर दिया। कैथरीन गुझारो के गोल से हार के अंतर को कम किया। मैक्सिको ने इंजरी टाइम के तीसरे मिनट में



# स्टेरॉयड के इस्तेमाल के लिए कमलप्रीत कौर पर तीन साल का प्रतिबंध

भाषा। नई दिल्ली

**टोक्यो** ओलंपिक में अपने प्रदर्शन से प्रभावित करने वाली भारत की शीर्ष चक्का फेंक खिलाड़ी कमलप्रीत कौर पर बुधवार को प्रतिबंधित पदार्थ स्टेनोजोलोल के इस्तेमाल के लिए तीन साल का प्रतिबंध लगाया गया। एथलेटिक्स इंटीग्रिटी इकाई (एआईयू) ने यह घोषणा की। कमलप्रीत पर लगा प्रतिबंध 29 मार्च 2022 से प्रभावी होगा। एआईयू ने सात मार्च को पटियाला में उनका जो नमूना जांच के लिए लिया था उसे परीक्षण में स्टेरॉयड के लिए पॉजिटिव पाया गया जिसके बाद इस साल मई में उन्हें अस्थाई रूप से निलंबित किया गया था।

स्टेनोजोलोल एक विशिष्ट एनाबोलिक स्टेरॉयड है और विश्व एथलेटिक्स के अनुसार यह प्रतिबंधित पदार्थों की सूची में शामिल है। एआईयू ने बयान में कहा, एआईयू ने भारत की कमलप्रीत कौर को प्रतिबंधित पदार्थ (स्टेनोजोलोल) की मौजूदगी/इस्तेमाल करने पर 29 मार्च 2022 से तीन साल के लिए प्रतिबंधित किया है। उनके नतीजे सात मार्च 2022 से अमान्य होंगे। कमलप्रीत ने अपने बी नमूने की जांच कराने से इनकार कर दिया है। एआईयू ने कहा, 11 अप्रैल 2022 को खिलाड़ी ने पुष्टि की थी कि जब तक खर्च में उनकी सहायता नहीं की जाती तब तक वह बी नमूने के आकलन या ए नमूने औराया बी नमूने के प्रयोगशाली दस्तावेजीकरण पैकेज (एलडीपी) के लिए आग्रह नहीं करेंगी। कमलप्रीत तोक्यो खेलों में शानदार प्रदर्शन करते हुए छठे स्थान पर रहीं थीं। कमलप्रीत ने पिछले साल तोक्यो खेलों से पहले 65.06 मीटर का राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। उन्होंने तोक्यो खेलों के दौरान क्वालीफाइंग दौर में दूसरे स्थान पर रहते हुए फाइनल में जगह बनाई थी जहां वह 63.70 मीटर के सर्वश्रेष्ठ प्रयास के साथ सातवें स्थान पर रहीं थी। यह खेलों में किसी भारतीय खिलाड़ी का फील्ड स्पर्धाओं में तीसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन था। छब्बीस साल की कमलप्रीत ने निजी प्रयोगशाला में चार सप्लीमेंट का आकलन कराया था और एक प्रोटीन सप्लीमेंट में स्टेरॉयड के अंश मिले थे। उन्हें नई दिल्ली में राष्ट्रीय डोप परीक्षण प्रयोगशाला में प्रोटीन सप्लीमेंट के परीक्षण की स्वीकृति मिली थी जिसमें स्टेनोजोलोल मिला था। कमलप्रीत को इसके बाद बुलाया गया और उन्होंने कहा कि वह 10 से 15 फरवरी 2022 के आसपास से ट्रेनिंग के दिनों के दौरान हफ्ते में पांच दिन प्रोटीन सप्लीमेंट ले रही थी और उन्होंने डोप नियंत्रण से दो दिन पहले भी ऐसा किया। हालांकि वह यह स्पष्टीकरण नहीं दे पाईं कि उन्हें ए सप्लीमेंट कहां से मिले। एआईयू ने इसके बाद सात सितंबर के खिलाड़ी को आरोपों का नोटिस दिया। कमलप्रीत ने एआईयू से नोटिस मिलने के 20 दिन के भीतर उल्लंघन की बात और साथ ही प्रस्तावित सजा स्वीकार कर ली और उनका प्रतिबंध चार साल से घटाकर तीन साल कर दिया गया।

